फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 13 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 25, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री 16

सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा 15

चार राज्यों में 30 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादियों और कुख्यात अपराधियों की साठगांठ के मामले की जांच के तहत मंगलवार को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे। इस मामले में एनआईए द्वारा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मप्र और चंडीगढ़ में 30 स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई जारी है।

दुग्ध उत्पादकों के लिए दूध बिक्री दर में एक रुपये लीटर की वृद्धि

ब्यूरो, देहरादून

- सीएम धामी ने किया ऐलान, आंचल शहद एवं आंचल इनामी योजना का किया शुभारम्भ
- भराड़ीसैंण में बद्री गाय ट्रेनिंग सेंटर खोलने की घोषणा, पशुधन मिशन योजना के लाभार्थियों को चेक बांटे

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भराड़ीसैंण में बद्री गाय ट्रेनिंग सेंटर खोलने तथा प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों के लिए दूध बिक्री दरों में एक रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की।

मंगलवार को सर्वे ऑफ इण्डिया स्टेडियम, हाथीबड़कला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य पशुधन मिशन योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए। साथ ही आंचल ब्रांड के शहद और आंचल इनामी योजना का शुभारम्भ भी किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों के कल्याण और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने व स्वरोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से राज्य पशुधन मिशन योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर काम कर रही है। साथ ही अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंच कर उनका उत्थान एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करने को संकल्पित है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने अगले दो वर्ष में दुधारू पशुओं, खच्चर, भेड़-बकरी, सूकर और मुर्गी पालन की लगभग 4500 इकाइयों की स्थापना हेतु ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया है। राज्य में पहली बार गोट वैली योजना चलाई जा रही है जिसके जरिए 1500 लाभार्थियों को एनसीडीसी के ऋण सहित लगभग 17 हजार से अधिक बकरियां वितरित की गई हैं।



देहरादून में राज्य पशुधन मिशन योजना के तहत लाभार्थी को चेक देते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पहली बार "नेशनल डिजिटल लाइवस्टेक मिशन योजना" उत्तराखण्ड से शुरू की गई है। वर्तमान में राज्य के 95 प्रतिशत पशुधन को यूआईडी नंबर प्रदान कर भारत पशुधन ऐप के माध्यम से पंजीकृत कर लिया गया है। राज्य सरकार इस वर्ष 35 और मोबाइल वेटनरी यूनिट स्थापित कर राज्य के सभी 95 विकासखण्डों में पशु चिकित्सा एवं पशु प्रजनन सेवाएं सुनिश्चित करेगी।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने पशुपालन के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिना पशुपालन के जैविक खेती संभव नहीं है। पशुपालन, दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि हमने प्रदेश में पहली बार लाइव स्टॉक मिशन की स्थापना की। जिसके तहत 1800 में से 185 आवेदकों के लिए चार करोड़ आठ लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई। हमारा प्रयास है कि जितने भी आवेदन आए हैं, उन्हें भी इसके तहत लाभान्वित किया जाए। इस मौके पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र अंथवाल, अध्यक्ष ग्रामीण बैंक हरिहर पटनायक, निदेशक पशुपालन नीरज सिंघल, अपर निदेशक पीएस भण्डारी, नीरज बोरा समेत कई लाभार्थी उपस्थित रहे।

ईडी ने लालू के करीबी के परिसरों पर छापे मारे

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार के कथित करीबी सहयोगी अमित कात्याल द्वारा प्रवर्तित एक रियल्टी और शराब कंपनी के खिलाफ धनशोधन जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कात्याल को पिछले वर्ष ईडी ने कथित नौकरी के बदले रेलवे भूमि घोटाले में गिरफ्तार किया था। इसमें लालू, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बेटी एवं सांसद मीसा भारती एवं कुछ अन्य कथित रूप से संलिप्त हैं।

लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में नाटकीय घटनाक्रम

खट्टर का इस्तीफा, सैनी बने हरियाणा के नए मुख्यमंत्री

राज्यपाल दत्तात्रेय ने नई सरकार के पांच मंत्रियों को भी दिलाई शपथ

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में मंगलवार को हुए एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सैनी के साथ ही कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, चौधरी रंजीत सिंह चौटाला, जय प्रकाश दलाल और बनवारी लाल ने मंत्री पद की शपथ ली। सैनी (54) को खट्टर का करीबी माना जाता है। अक्टूबर के अंत में मुख्यमंत्री के रूप में खट्टर का दूसरा कार्यकाल खत्म होना था।

इससे पहले, भाजपा विधायक दल की बैठक में सैनी को नेता चुना गया। बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और हरियाणा मामलों के प्रभारी बिप्लब देब मौजूद थे।

नेता चुने जाने के बाद सैनी ने खट्टर और अन्य नेताओं के साथ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद हैं और पिछले साल अक्टूबर में ओम प्रकाश धनखड़ को हटाकर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस बदलाव को ओबीसी समुदाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के भाजपा के प्रयास के तौर पर देखा गया था। राज्य में सबसे अधिक आबादी जाट समुदाय की है। माना जाता है कि जाट वोट कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी (जजपा) और इंडियन नेशनल लोकदल के बीच बंट जाता है।



हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए : हुड्डा

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार अपना नैतिक अधिकार खो चुकी है। उन्होंने मनोहर लाल खट्टर के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से संबंधित घटनाक्रम का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि सत्ता विरोधी माहौल से बचने और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा और जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने 'मिलीभगत' के तहत यह सब किया है।

जजपा से लोकसभा की सीटों पर नहीं बनी बात

जजपा आगामी लोकसभा चुनाव में हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से अपना उम्मीदवार उतारना चाह रही थी, लेकिन भाजपा दोनों सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उसने राज्य की सभी 10 सीट पर जीत हासिल की थी। दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को भाजपा अध्यक्ष नड्डा के साथ सीटों के बंटवारे के सिलसिले में बातचीत भी की थी, लेकिन संभवत: वह विफल रही। इससे पहले कि गठबंधन टूटने को लेकर कोई औपचारिक घोषणा होती, भाजपा ने मुख्यमंत्री खट्टर का इस्तीफा दिला दिया और विधायक दल के नए नेता का चयन कर लिया। वर्तमान में, 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 41 विधायक और जजपा के 10 विधायक हैं। इस गठबंधन को सात में से छह निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त था।

हादसों में मां-बेटे और बुआ-भतीजे की मौत

शिक्षिका को ले जा रही एंबुलेंस को ट्रक ने मारी टक्कर, दोनों हादसों में 7 घायल

गड़प्पू में पेड़ से टकराई कार, रिश्तेदार का अंतिम संस्कार कर लौट रहा था परिवार

संवाददाता, रुद्रपुर/कालाढूंगी

अमृत विचार : गदरपुर-काशीपुर हाईवे पर एंबुलेंस को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे एंबुलेंस में घायलावस्था में मौजूद शिक्षिका व उसके बेटे की मौत हो गई। परिजन शिक्षिका को इलाज के लिए देहरादून लेकर जा रहे थे। हादसा इतना भयावह था कि एंबुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उधर, कालाढूंगी-बाजपुर मार्ग पर गड़प्पू जंगल में कार पेड़ से टकरा जाने से उसमें सवार बुआ-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार वर्षीय बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। कार में सवार सभी लोग हल्द्वानी में रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद टांडा दड़ियाल वापस लौट रहे थे।

अल्मोड़ा जिले के जैंती स्थित कन्या इंटर कालेज में शिक्षिका मधुलिका (42) हल्द्वानी में परिवार के साथ रहती थीं। बताया जाता है कि 15 दिन पहले मधुलिका का एक्सीडेंट हो गया था और तभी से उनकी गंभीर हालत बनी हुई थी। डॉक्टरों ने मधुलिका को देहरादून स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। डॉक्टरों की सलाह पर शिक्षिका का पति दिनेश अपने बेटे देवांश, रिश्तेदार मोहित व विकास के साथ एंबुलेंस चालक प्रदीप कुमार के साथ सोमवार की देर शाम पत्नी मधुलिका को लेकर एंबुलेंस से देहरादून के लिए रवाना हुए थे। एंबुलेंस देर रात गदरपुर-काशीपुर हाईवे पर जाफरपुर के पास पहुंची थी कि सामने से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे मधुलिका की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एंबुलेंस में सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को रुद्रपुर के जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां देवांश ने भी दम तोड़ दिया। मृतका मूल रूप से बरेली के नवाबगंज के ग्राम हरदुआ किफायती तुल्ला निवासी थी। जबकि देवांश हल्द्वानी स्थित एक निजी विद्यालय में 12वीं कक्षा का छात्र था। दिनेशपुर थानाध्यक्ष अनिल जोशी का कहना है कि जल्द ही ट्रक चालक की गिरफ्तारी की जाएगी।

ट्रक से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हुई एंबुलेंस व पेड से जा भिड़ी कार का हुआ बुरा हाल। ● अमृत विचार

मृतक शिक्षिका मधुलिता और देवांश (फाइल)।

उधर, टांडा बादली जिला रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी फिरासत अली पुत्र अशरफ अली (24), जुबेर उर्फ लाला (35), शाहनाज पत्नी जुल्फिकार (35), दढ़ियाल जिला रामपुर निवासी मुसब्बिहा पत्नी हाजी शकीर (35) व चार वर्षीय बच्चे सहित से हल्द्वानी में भाई की बेटी की मौत के बाद अंतिम संस्कार में शामिल होकर कार यूपी14सीएफ0234 से लौट रहे थे। कार कालाढूंगी के पास बाजपुर मार्ग पर दोपहर लगभग दो बजे गड़प्पू जंगल में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बुआ मुसब्बिहा और भतीजे फिरासत की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य घायलों को पहले कालाढूंगी अस्पताल ले जाया गया। कार चालक जुबेर उर्फ लालाका कहना है कि झपकी आने की वजह से हादसा हुआ। कालाढूंगी थानाध्यक्ष भगवान महर ने बताया कि घायलों को हल्द्वानी भेजा गया है।

सीएए को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

मुस्लिमों को भी नागरिकता के आवेदन की मिले अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को एक अर्जी दायर कर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित रहने तक नागरिकता संशोधन नियम, 2024 के अमल पर रोक लगाने का केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। 31 दिसंबर, 2014 से पहले बिना दस्तावेज के भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम प्रवासियों के लिए त्वरित नागरिकता प्रदान करने से संबंधित नियमों को अधिसूचित करके सीएए लागू किए जाने के एक दिन बाद यह अर्जी दायर की गई है।

सीएए को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं में से एक इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने अदालत से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि पूर्व में दायर रिट याचिकाओं का निपटारा किए जाने तक मुस्लिम समुदाय से संबंधित लोगों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का शीर्ष अदालत से आग्रह किया गया है कि मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी नागरिकता के लिए आवेदन करने की अस्थायी अनुमति दी जाए और उनकी पात्रता पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। 'डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने भी एक पृथक याचिका दायर करके सीएए पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत पहले से ही सीएए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर विचार कर रही है।

नागरिकता चाहने वालों के लिए पोर्टल लॉन्च

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने के पात्र लोगों के लिए मंगलवार को एक पोर्टल लॉन्च किया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

जल्द ही मोबाइल एप भी शुरू करेगा गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियमों के तहत भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले लोगों की सहुलियत के लिए जल्द ही एक मोबाइल एप शुरू किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस अधिनियम के तहत नियमों के बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

कांग्रेस की दूसरी सूची जारी, अल्मोड़ा से प्रदीप, पौड़ी गढ़वाल से गणेश को टिकट

नई दिल्ली, ब्यूरो

लोकसभा चुनाव

- टिहरी गढ़वाल से जोत सिंह और नकुलनाथ छिंदवाड़ा से लड़ेंगे
- दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों को चुनावी मैदान में उतारा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटों एवं हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए एक सांसद को टिकट दिया है। दूसरी सूची में 6 राज्यों के 43 नाम है। जिसमें उत्तराखंड, असम, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान व दमन दीव शामिल हैं।

दूसरी सूची में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ को छिंदवाड़ा से एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालौर से टिकट मिला है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा सीट से प्रदीप टम्टा को फिर टिकट मिला है। भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए सांसद राहुल कस्वा को चूरू से टिकट मिला है।

बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह बरैया को मध्य प्रदेश के भिंड से टिकट मिला है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष सूची जारी करते हुए पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि 43 उम्मीदवारों में 13 पिछड़ा वर्ग, 10 सामान्य, 10 अनुसूचित जाति, एवं 9 अनुसूचित जनजाति एवं एक मुस्लिम है।

उत्तराखंड में अल्मोड़ा सुरक्षित सीट से प्रदीप टम्टा, पौड़ी गढ़वाल से गणेश गोदियाल एवं टिहरी गढ़वाल से जोत सिंह को टिकट दिया है। 43 उम्मीदवारों में उत्तराखंड से 3, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान से 10-10, असम से 12, गुजरात से 7 एवं दमन दीव से एक उम्मीदवार का नाम है।

विदेशी महिला तस्कर और एक दंपति गिरफ्तार

- कोबरा गैंग की महिला सदस्य से 16.35 ग्राम कोकीन बरामद
- दून में बड़ी पार्टियों के लिए दंपति ने मंगाई थी कोकीन

देहरादून : देहरादून पुलिस ने विदेशी महिला तस्कर और दून के एक दंपति को गिरफ्तार किया है। उससे 16.35 ग्राम कोकीन और 63,500 रुपये बरामद हुए। वहीं, दंपति कोकीन बड़ी पार्टियों और शिक्षण सस्थानों में छात्रों को सप्लाई करता था।

राजपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान पेसिफिक हिल्स मसूरी रोड के पास से युगांडा निवासी सान्यु डियाना जेरशोम टुल्याजिन्द्र (35) हाल निवासी विकासपुरी दिल्ली, सारथी साहनी पुत्र स्वर्गीय सुनील साहनी (32) निवासी प्रीतम रोड देहरादून व उसकी पत्नी रितिका (25) को गिरफ्तार किया। उनके पास से 16.35 ग्राम कोकीन, 63500 रुपये, फाबियो कार बरामद की। बरामद कोकीन की कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है।

कोकीन के साथ पकड़े गए अभियुक्त पुलिस हिरासत में। ● अमृत विचार

पुलिस के मुताबिक सान्यु डियाना ने बताया कि वह यूगांडा की नागरिक है बिजनेस वीजा पर भारत आई है। वह कोबरा गैंग की सक्रिय सदस्य है, दिल्ली से कोकीन देश के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई करती है। थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि डियाना अभियुक्त सारथी साहनी व उसकी पत्नी रितिका को कोकीन सप्लाई करने आई थी। सारथी एक निजी कंपनी में मार्केटिंग हेड है तथा उसकी पत्नी रितिका देहरादून के एक प्रतिष्ठित स्कूल में शिक्षिका रही है। सारथी अपनी पत्नी के साथ मिलकर देहरादून में होने वाली बड़ी पार्टियों में सप्लाई करता है। साथ ही विभिन्न शिक्षण सस्थानों में अध्यनरत छात्रों को पत्नी के माध्यम से मादक पदार्थो की सप्लाई करवाता है।

एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को सौंपा बॉण्ड का ब्योरा

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार शाम को निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण सौंपा। उच्चतम न्यायालय ने एसबीआई को 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड के विवरण सौंपने का आदेश दिया था। निर्वाचन आयोग को 15 मार्च शाम पांच बजे तक बैंक द्वारा साझा की गई जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होगी। निर्वाचन आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 15 फरवरी और 11 मार्च, 2024 के आदेश के सिलसिले में एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड पर विवरण सौंपा है।

पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता और विश्वास का गवाह

पोखरण (राजस्थान), एजेंसी

भारत शक्ति : प्रधानमंत्री मोदी ने देखा तीनों सेनाओं की क्षमताओं का प्रदर्शन

राजस्थान में यहां मंगलवार को 'भारत शक्ति' अभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है। सेना के तीनों अंगों का समन्वित अभ्यास पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में करीब 50 मिनट तक हुआ, जहां भारत ने अपने स्वदेशी रक्षा उपकरणों की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया।

हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने आसमान में गर्जना की और अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर एमके-4 ने उड़ान भरी, जबकि मुख्य लड़ाकू टैंक अर्जुन और के-9 वज्र, धनुष तथा सारंग तोपखाना प्रणालियों ने जमीन पर गोलाबारी की। पिनाक उपग्रह प्रणाली जैसे प्लेटफॉर्म और कई ड्रोन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारत शक्ति अभ्यास के दौरान आसमान में विमान की गर्जना और जमीन पर प्रदर्शित किया गया पराक्रम नए भारत का आह्वान है। उन्होंने याद किया कि यह पोखरण ही था, जहां अतीत में भारत का परमाणु परीक्षण किया गया। मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है।

यह अभ्यास जैसलमेर शहर से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर किया गया, जिस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इतने व्यापक स्तर पर किया गया अपनी तरह का यह पहला अभ्यास है जो किसी (उत्तरी या पश्चिमी सीमा की) दिशा या किसी विरोधी के प्रति निर्देशित नहीं था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को कहा था कि यह स्वदेश में तैयार किए गए समाधानों के जरिए समकालिक और भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने एवं उनसे निपटने की भारत की तैयारियों का एक स्पष्ट संकेत देते है। साथ ही भारत शक्ति वैश्विक स्तर पर देश की रक्षा क्षमताओं की मजबूती और इसमें नवाचार को प्रदर्शित करता है।

● स्वदेश निर्मित हथियारों ने दिखाई अपनी ताकत

लड़ाकू विमान तेजस क्रैश, पायलट सुरक्षित

जैसलमेर/नई दिल्ली। वायुसेना का एक हल्का लड़ाकू विमान तेजस मंगलवार को राजस्थान के जैसलमेर के नजदीक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने बताया कि विमान का पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। वायुसेना ने कहा कि दुर्घटना पोकरण से लगभग 100 किमी दूर हुई। यहां मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में मेगा युद्ध अभ्यास 'भारत शक्ति' चल रहा था। सैन्य सूत्रों ने संकेत दिया कि तेजस जेट को इस अभ्यास का हिस्सा बनना था।

हिमालय में जलस्त्रोतों के पास मिले औषधीय गुणों से भरपूर दो कवक

▸▸ भूमि की उर्वरक क्षमता बढ़ाने व जैविक खाद बनाने में होंगे सहायक

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : हिमालयी रीजन में जल स्त्रोतों के पास मौजूद पौधों की जड़ में एंटीबैक्टीरियल कवक मिले हैं। सामान्य तौर पर पानी के पास उगने वाले पौधे समय से पहले ही सड़-गल जाते हैं। कुमाऊं विवि के शोध में पहली बार औषधीय गुण वाले पौधे मिलने से वनस्पति विज्ञानी उत्साहित हैं। जड़ों में लगने वाली फफूंद में यह गुण मिले हैं।

डीएसबी परिसर स्थित वनस्पति विज्ञान विभाग ने हिमालयी क्षेत्र में पाए जाने वाले जल स्त्रोतों के जलीय कवकों पर छह वर्षों तक अध्ययन किया। इसमें दो नए कवक मिले हैं इनके वैज्ञानिक नाम टूर्वक्लेडियम इंडिकम एवं प्लूरो पेडियम ट्राइक्लाडियोइड्स हैं। शोधार्थी डॉ. अंजलि कोरंगा बताती हैं कि जलीय कवक विशेष रूप से जड़ों में अंतःजीवी के रूप में पाए जाते हैं। ये कवक पौधों के स्वास्थ्य के साथ ही मनुष्यों के लिए भी एंटीऑक्सीडेंट का काम करेंगे। ये कवक मिट्टी की ताकत भी बढ़ाएंगे। कवक विशेषज्ञों के अनुसार यह शोध कृषि के क्षेत्र में भी उपयोगी साबित होने वाला है। इसे मिट्टी में मिलाकर भूमि की उर्वरता को बढ़ाया जा सकता है। जबकि इससे जैविक खाद का उत्पादन भी किया जा सकेगा।

> हिमालयी रीजन में पहली बार दो नए कवक खोजे गए हैं। साथ ही रिसर्च में किया गया अंत : जीवी जलीय कवक का कार्य अत्यंत उपयोगी है। इससे आने वाले समय में भूमि की उर्वरता बढ़ाने में काफी कारगर सिद्ध होगी। **-प्रो. एससी सती,** पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकाय वनस्पति विज्ञान विभाग, कुविवि।

कैंसर, डायबिटीज और हृदय रोग रोकने में होगा मददगार

इसके एंटीऑक्सीडेंट इंसानों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मददगार साबित हो सकते हैं। इसके अलावा कैंसर का जोखिम कम करने, डायबिटीज और हृदय रोगों को नियमित करने में भी इसकी भूमिका हो सकती है। बुढ़ापे के लक्षणों को कम करने में भी एंटीऑक्सीडेंट मददगार साबित होते हैं। इसलिए शोध में मिले अंत :जीवी जलीय कवक पर अभी विस्तृत शोध करने की जरूरत है।

पतलोट कॉलेज पीएमश्री के लिए चयनित हुआ

भीमताल : ओखलकांडा के अटल उत्कृष्ट शहीद बहादुर सिंह मटियाली राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज पतलोट का चयन पीएमश्री योजना के लिए हुआ है। इसके तहत विद्यालय में विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। विद्यालय के विकास कार्यों के लिए फेज 2 के तहत बजट स्वीकृत किया जाएगा। अब विद्यालय में डिजिटल कक्षाएं, नया भवन, खेल के मैदान, आधुनिक डिजिटल प्रयोगशालाओं, बगीचा और नवीनतम फर्नीचर में वृद्धि कर अत्याधुनिक सुविधाएं विद्यालय को दी जाएगी। साथ ही विद्यालय क्लस्टर योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में भी चयनित है। खंड शिक्षा अधिकारी सुलोहिता नेगी ने बताया कि विद्यालय के पीएम श्री योजना में जुड़ने से छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा का लाभ मिलेगा।

छोटा कैलाश में बनेंगे चार कमरे

▸▸ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया भूमि पूजन, हॉल भी बनेगा

संवाददाता भीमताल

छोटा कैलाश में भूमि पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

अमृत विचार : विकासखंड भीमताल के अंतर्गत ग्राम सभा पिनरौ में स्थित छोटा कैलाश पर्वत में अब आने वाले समय में श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम और रात भर भजन कीर्तन करने के लिए कमरों की सुविधा मिलेगी।

श्रद्धालुओं की मानें तो भगवान शिव को सवेरे तड़के जल चढ़ाने की परंपरा है पर पैदल मार्ग होने और तीन किमी की चढ़ाई होने के कारण यह संभव नहीं है। इसको देखते हुए आदि कैलाश विकास समिति ने अब चोटी पर बने कमरों को हटाकर वहां चार कमरे और दूसरे तल में एक हाल बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए सांसद अजय भट्ट ने पांच लाख और विधायक राम सिंह कैड़ा ने भी पांच लाख रुपये दिए हैं।

आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया बताते हैं कि कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। सोमवार को स्थानीय जनप्रतिनिधि और आदि कैलाश विकास समिति के पदाधिकारियों ने भूमि पूजन किया। मालूम हो कि तीन किमी की चढ़ाई होने के कारण चोटी में निर्माण सामग्री ले जाना एक चुनौती है। प्रत्येक निर्माण सामग्री की कीमत भी वहां पहुंचते पहुंचते काफी अधिक हो जाती है। उमेश पलड़िया बताते हैं कि भवन निर्माण के लिए श्रद्धालुओं का भी सहयोग लिया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, कोषाध्यक्ष मंदिर समिति त्रिलोचन पलड़िया आदि शामिल रहे।

सार-संक्षेप

जानलेवा स्पीडब्रेकर की ऊंचाई कम करने की मांग

भीमताल : भीमताल के निशौला से नल दमयंती ताल को जाने वाले सीसी मार्ग पर प्रारंभ में ही बने स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई काफी अधिक हो जाने के कारण वाहन सवारों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने इन ब्रेकरों की ऊंचाई कम करने और मार्ग पर अन्य स्पीडब्रेकर बनवाने की मांग लोक निर्माण विभाग से की है। अवगत कराया कि स्पीड ब्रेकर की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता तो है पर ज्यादा ऊंचाई होने के कारण वाहनों को नुकसान पहुंच रहा है।

संस्कृति के साथ जोड़कर किया मतदाताओं को जागरूक

धानाचूली में झोड़ा प्रस्तुत करतीं महिलाएं।

भीमताल : मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय धानाचूली प्राचीन में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इन कार्यक्रमों में चुनावी झोड़ा आकर्षण का केंद्र रहा। क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर इस चुनावी झोड़े में पारंपरिक वेशभूषा के साथ प्रतिभाग किया। स्वीप समन्वयक धारी दीपा रैकवाल और डॉ. राजेश कुमार पांडे ने मतदाताओं को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता रानी, हीरा देवी, मंजू भट्ट ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

अभी और लोग भाजपा से जुड़ेंगे : जोशी

सांसद अजय भट्ट के साथ राहुल जोशी।

भीमताल : हाल में ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए राहुल जोशी ने कहा कि वह शीघ्र ही लोकसभा चुनाव के दौरान अपने विधानसभा के सभी सहयोगियों को परोक्ष अथवा अपरोक्ष रुप से भाजपा में जोड़ना चाहते हैं। भाजपा में वापसी के पीछे उनका व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं है। उनका प्रयास होगा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत कम से कम 20 से 30 प्रतिशत अधिक रहे। उन्होंने सांसद अजय भट्ट से भी मुलाकात की।

अस्तबल में लगी आग, दो घोड़े झुलसे

नैनीताल : बारापत्थर क्षेत्र में बने अस्तबल में देर रात संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। आग लगने से दो घोड़े मामूली रूप से झुलस गए। अस्तबल में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने 112 के माध्यम से पुलिस और दमकल कर्मियों को दी। मौके पर पहुची दमकल और पुलिस के जवानों ने आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। क्योंकि जिस क्षेत्र में आग लगी वहां पर करीब 50 से अधिक घोडे बंधे हुए थे। दौरान हरनाम सिंह, अमरदीप सिंह, जसवीर सिंह, मो. उमर, हर्ष कुमार, किशोर फर्त्याल, विवेक थापा आदि मौजूद रहे।

भवाली में विधायक ने लाभार्थियों को बांटा सामान

श्रमिकों को सामान वितरित करतीं विधायक सरिता आर्य।

भीमताल : भवाली नगर के पर्यटन आवास गृह में कर्मकार कल्याण बोर्ड ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य, श्रम प्रवर्तन अधिकारी पूरन राम शैल ने लाभार्थी श्रमिकों को कंबल व छातों का वितरण किया। इस दौरान पंकज अद्वेती, जुगल मठपाल, प्रकाश आर्य, किशोर चंद्र, राजेंद्र सिंह रावत, मुकेश गुरुरानी, प्रगति जैन आदि मौजूद रहे।

बीडी पांडे अस्पताल में अगले हफ्ते से मिलेगी लिफ्ट की सुविधा

नैनीताल। नैनीताल के बीडी पांडे अस्पताल में बीते कई समय से चल रहे लिफ्ट का काम अब अंतिम चरण में चल रहा है। एक सप्ताह के बाद अस्पताल में मरीजों को लिफ्ट की सुविधा मिलने लगेगी। बीडी पांडे अस्पताल में रोजाना 400 से 500 मरीज उपचार ये लिए आते हैं। कई मरीज, बुजुर्ग व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल की सीढ़ियां चढ़ने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन दिक्कतों को देखते हुए बीडी पांडे अस्पताल में 27 लाख की लागत से बीते वर्ष लिफ्ट स्थापित करने का काम शुरू कर दिया था। लिफ्ट स्थापित करने के लिए सिविल कार्य व बिजली का काम पूरा हो चुका था। अगले चरण में तीन मंजिला बिल्डिंग में लिफ्ट की मशीनरी लगाई जानी थी लेकिन कई महीनों तक काम नहीं हो सका। अब लिफ्ट लगने का कार्य फिर से शुरू हो चुका है। बीडी पांडे अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया लिफ्ट लगाने के लिए सिविल कार्य पूरा हो किया जा चुका था। साथ ही बिजली का कार्य भी पूरा हो चुका था। अब मकैनिकल टीम की ओर से अस्पताल में लिफ्ट की मशीनें लगाई जा रही हैं। अगले सप्ताह से मरीजों को लिफ्ट का लाभ मिलने लगेगा।

होली पर लीजिए स्वयं सहायता समूहों के चिप्स व पापड़ का स्वाद

भीमताल : होली पर इस बार स्वयं सहायता समूहों के पौष्टिक और स्वादिष्ट चिप्स-पापड़ भी बाजार में उपलब्ध होंगे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कुल 20 स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं चिप्स व पापड़ बनाने में जुट गई हैं। यह चिप्स व पापड़ हिलांस ब्रांड के नाम से बाजार में उपलब्ध होंगे जो लगभग 200 से 350 रुपये प्रति किलो के दाम पर उपलब्ध रहेंगे। सहायक परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल ने बताया कि सरस मार्केट, आउटलेट तथा स्टॉलों के माध्यम से इसकी बिक्री की जा रही है।

राज्य का रेलवे बजट 19 गुना बढ़ाया : भट्ट

वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना की शुरुआत, काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर हुआ लाइव प्रसारण

संवाददाता, हल्द्वानी

काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर योजना का शुभारंभ करते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला। ● अमृत विचार

अमृत विचार : रेलवे ने वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (वीएसवीपी) योजना की शुरूआत कर दी है। काठगोदाम सहित आसपास के स्टेशनों को भी योजना से जोड़ा गया है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने योजना के उद्घाटन के लाइव प्रसारण के दौरान लोगों को संबोधित भी किया।

काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर वीएसवीपी योजना की शुरूआत से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। रेलवे स्टेशन प्रांगण को सजाया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री भट्ट ने कहा कि मोदी सरकार ने उत्तराखंड को मिलने वाले रेलवे बजट को 19 गुना बढ़ा दिया है। कुल बजट 19500 करोड़ कर दिया गया है।

ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक सुरंगों के अंदर से रेलवे लाइन बिछाई जा रही है। हम पहाड़ों में देश के अंतिम छोर तक रेलवे पहुंचा रहे हैं। कहा कि टनकपुर से बागेश्वर तक रेलवे लाइन का प्रोजक्ट मंजूरी हो गई है। रामनगर से चौखुटिया होते हुए कर्णप्रयाग तक भी रेलवे लाइन बिछाए जाने की योजना पर काम चल रहा है।

कहा कि वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना से पहाड़ों के उत्पाद को बेचने में आसानी रहेगी। कहा कि मुनस्यारी का राजमा देश के विभिन्न हिस्सों में बेचा रहा है।

कहा कि वीएसवीपी योजना के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं की महिलाओं को रोजागार मिलेगा। इस दौरान विधायक राम सिंह कैड़ा ने भी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को गिनाया। मौके पर निर्वतमान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला समेत रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।

15 दिन के लिए एक स्वयंसेवी संस्था को मिलती है दुकान

हल्द्वानी। काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर वीएसवीपी योजना के तहत स्थानीय उत्पादों का स्टॉल चला रहीं बरखा शर्मा ने बताया कि वह हल्द्वानी की रहने वाली हैं। 15 दिन के लिए यह स्टॉल एक हजार रुपये में किराए पर मिलता है। कहा कि उनके स्टॉल पर हैंडलूम के सामान के साथ ही पहाड़ी पिसी नूण, भट्ट दाल, मडुवा आटा, पहाड़ी आचार, जैम और चटनी, राजमा, शहद, बुरांश जैसे उत्पाद उपलब्ध हैं। कहा कि 15 दिन बाद यह स्टॉल किसी अन्य स्वयंसेवी संस्था को मिल जाएगा। इस तरह से कई स्वयं सेवी संस्थाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

63 किलोमीटर आंतरिक मार्गों के निर्माण कार्य का उद्घाटन

नैनीताल। नगर में 63 किलोमीटर आंतरिक मार्गों के निर्माण कार्य का मंगलवार को विधायक सरिता आर्य ने चिड़ियाघर मार्ग से शुभारंभ किया। विधायक सरिता आर्य ने नगर में निर्माणाधीन व पूरे हो चुके कार्यों के बारे में जानकारी दी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए विधायक सरिता आर्य ने बताया कि बीते कई वर्षों से खस्ताहाल नगर की 63 किमी सड़कों के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने 19 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, गोपाल रावत, अरविंद पडियार, दया किशन, निवर्तमान सभासद तारा राणा, बिक्की राठौर, पूरन मेहरा, संतोष कुमार, केएल आर्य, सलमान जाफरी मौजूद रहे।

17 मार्च को होंगे लेक सिटी वेलफेयर क्लब के चुनाव

नैनीताल : लेक सिटी वेलफेयर क्लब अध्यक्ष मीनू बुधलाकोटी ने बताया कि क्लब का वार्षिक चुनाव 17 मार्च को गोवर्धन हाल में होगा। सचिव रमा भट्ट ने बताया क्लब की पूर्व अध्यक्ष रानी शाह को चुनाव अधिकारी और सरिता त्रिपाठी को सहचुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव, कोषाध्यक्ष, सांस्कृतिक सचिव, मीडिया प्रभारी सहित 15 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया जाएगा।

रचनाकारों को अधिकार दिलाने पर मंथन किया

गोष्ठी के दौरान मौजूद देश भर से आए प्रतिभागी। ● अमृत विचार

▸▸ देवदार सभागार में बौद्धिक संपदा अधिकार संरक्षण पर हुई एक दिवसीय गोष्ठी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : कुमाऊं विश्वविद्यालय के देवदार सभागार में बौद्धिक संपदा अधिकार संरक्षण पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो. डीएस रावत बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में फार्मास्युटिकल उद्योग और शिक्षा जगत के स्वतंत्र सलाहकार एवं गोवा सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के संस्थापक प्रो उमेश वीबनाकर ने कहा कि बौद्धिक संपदा का अधिकार किसी आविष्कार एवं सृजनात्मक गतिविधियों के आधार पर प्रदान किया जाता है।

गोवा सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी की समन्वयक डॉ. राजश्री गुडे ने नवीन उत्पाद के पेटेंट प्राप्त करने के लिए किन-किन प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है बताया। इस दौरान बीना पांडेय, अतुल जोशी, एनके साहू, ऋषेंद्र कुमार, तरुण जोशी, नगमा आदि मौजूद रहे।

मानसखंड मंदिर माला में चित्रशिला घाट को शामिल किया जाए

भीमताल : धार्मिक स्थलों व मंदिरों के जीर्णोद्धार व सौन्दर्यीकरण के लिए सरकार की मानसखंड मंदिर माला योजना के तहत रानीबाग के चित्रशिला घाट को शामिल करने की मांग की गई है। शिक्षक दीपक नौगाईं ने सरकार से रानीबाग के ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व को देखते हुए इसे धार्मिक स्थल घोषित व विकसित करने की अपील की है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय साह व पूर्व प्रधान आनंद कुजरवाल का कहना है कि घाट स्थल पर जिया रानी से जुड़ी शिला के अतिरिक्त रानी की गुफा और प्राचीन शिव मंदिर है। लेकिन मूलभूत सुविधाओं की कमी है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य महेश भंडारी ने कहा कि उतरायणी के अवसर पर यहां दो दिन का मेला लगता है, परंतु प्रशासन द्वारा कत्यूरी वंशजों की सुविधा के लिए कोई खास इंतजाम नहीं किए जाते। मांग करने वालों मे हेमंत टाकुली, मोहन बुढलाकोटी, लक्ष्मण सिंह रजवार, नंद किशोर, धीरज बिष्ट मनीष साह, विश्व दीपक तिवारी, नवल बिष्ट आदि शामिल हैं।

पारे में उछाल, दिन में गर्मी का एहसास

हल्द्वानी : बदल रहे मौसम की वजह से दिन के समय गर्मी का एहसास हो रहा है। रात के समय तापमान में काफी गिरावट आ रही है। हल्द्वानी में सुबह से ही चटक धूप खिली हुई थी। दोपहर के समय धूप काफी तेज हो गई। मौसम विभाग के अनुसार हल्द्वानी में दिन का तापमान 29.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री रहा। दिन का तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा तो रात का तापमान सामान्य से दो डिग्री कम है। अनुमान जताया गया है कि 15 मार्च के बाद तापमान में और भी बढ़ोत्तरी होगी। होली के आसपास अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री पहुंच सकता है।

महिलाओं को किया सम्मानित

संवाददाता, रामनगर

मालधन में महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नारी शक्ति एवं बाल विकास जन जागृति समिति ने मालधन चौड़ में महिला सशक्तीकरण और कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

मालधन के ग्राम प्रधान विनोद नारायण की अध्यक्षता एवं संस्था की अध्यक्ष शबाना सैफी, अनु शर्मा के संचालन में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि राज्य कर कार्यालय रामनगर के सहायक आयुक्त मोहमद यासिर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. नासिर, डॉ. सुनयना ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने पर बल दिया। संस्था की अध्यक्ष शबाना सैफी ने रामनगर क्षेत्र में काम कर रही विभिन्न महिलाओं को सम्मानित किया। सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता पूरन चन्द्र पांडे, भूपाल रावत, फिरोज अंसारी, शबाना तबस्सुम, प्रियंका अग्रवाल, फैजुल हक, संजीव अग्रवाल, प्रबल बंसल, गौरव गोला आदि मौजूद रहे।

हेमचंद गुणवंत चुने गए अध्यक्ष

हल्द्वानी, अमृत विचार: उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ मंडलीय कार्यालय काठगोदाम प्रशासनिक शाखा का चुनाव मंगलवार को संपन्न हुआ।

इसमें अध्यक्ष हेमचंद गुणवंत और शाखा मंत्री संजय संतोष को चुना गया। चुनाव प्रांतीय संगठन मंत्री बीके शर्मा, क्षेत्रीय मंत्री राम प्रीत यादव और कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बिष्ट के देखरेख में पूरा हुआ।

अमृत विचार में समाचार प्रकाशित होने के बाद डीजी हेल्थ ने किया बेस अस्पताल का दौरा, इमरजेंसी वार्ड को भी देखा

बेस अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराएं प्राइवेट वार्ड

खबर का असर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता साह ने बेस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के दौरान हटाए जा रहे इमरजेंसी वार्ड का भी जायजा लिया। साथ ही निर्देश दिए कि बेस अस्पताल में मरीज अगर प्राइवेट वार्ड मांगे तो उसे जरूर मिलना चाहिए। अमृत विचार ने मंगलवार की सुबह 'बेस अस्पतालः दान में मिले प्राइवेट वार्डों का निजी उपयोग' शीर्षक के साथ समाचार प्रकाशित किया था।

बेस अस्पताल में मंगलवार की सुबह अचानक स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता साह पहुंचीं। उनके साथ सीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी भी थीं।

डॉ. साह ने सबसे पहले बेस अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड का दौरा किया। नैनीताल रोड चौड़ीकरण की वजह से बेस अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड, आईसीयू आदि तोड़ा जाएगा। उन्होंने पीएमएस को मरीजों के लिए अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक ने कहा कि शासन में आईसीयू और इमरजेंसी वार्ड को तोड़े जाने का मामला पहुंचा है।

अगर सड़क चौड़ीकरण के लिए यह जरूरी है तो अस्पताल में अन्य विकल्पों पर काम किया जाएगा। अस्पताल में डॉक्टरों के उपस्थिति रजिस्टरों की भी जांच की। उन्होंने पीएमएस डॉ. केके पांडे से पूछा कि मरीजों को प्राइवेट वार्ड दिए जा रहे या नहीं? इस पर पीएमएस डॉ. पांडे ने कहा कि जो मरीज मांगते हैं उनको प्राइवेट वार्ड उपलब्ध कराए जाते हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक ने सीएमओ को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जो मरीज प्राइवेट वार्ड मांग रहे हैं, उनको प्राइवेट वार्ड दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेस अस्पताल से जिन डॉक्टरों का अनुबंध खत्म हुआ है उन डॉक्टरों को अनुबंध करके दोबारा भेजा जाएगा।

बेस अस्पताल में निरीक्षण करतीं डीजी हेल्थ डॉ. विनीता शाह। ● अमृत विचार

अस्पताल ने खुद किया प्राइवेट वार्डों पर कब्जा, किसी में अल्ट्रासाउंड कक्ष बनाया तो कहीं लगा ताला, मरीजों को हो रही परेशानी

बेस अस्पताल : दान में मिले प्राइवेट वार्डों का 'निजी' उपयोग

अस्पताल में वेंटीलेटर के लाखों लीटर ऑक्सीजन की बर्बादी

बेस में ऑक्सीजन बिलिंग शुरू, पारदर्शिता में लाया जाएगा

रोगियों को अस्पताल में लाशों का लगा ताता

हीमोग्लोबिन पैथी कार्यशाला में लिया भाग

तिकोनिया स्थित एक होटल में दो दिवसीय राज्य स्तरीय हीमोग्लोबिन पैथी कार्यशाला शुरू हुई है। डीजी हेल्थ डॉ. विनिता साह ने उद्घाटन किया। कार्यशाला में जिला नैनीताल, अल्मोड़ा, देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर के चिकित्साअधिकारी व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में थैलीसिमिया, हीमोग्लोबिन पैथी पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

हल्द्वानी। डॉ. साह ने पीएचसी पांडे निवाड़ में समाज कल्याण के सहयोग से बन रहे नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही सीएचसी हल्दूचौड़ का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसीएमओ डॉ. नवीन तिवारी, डॉ. हरीश पांडे, डॉ. सुधीर कन्याल, मदन मेहरा, राघवेंद्र रावत, रूपेश ममगई, मनोज बाबू, दीवान बिष्ट रहे।

बाहर से दवा लिखने वाले डॉक्टर होंगे चिन्हित

हल्द्वानी : स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता साह ने कहा कि बेस अस्पताल में आईसीयू चलाने के लिए हमारे पास नर्सेज तो हैं लेकिन डॉक्टरों की कमी है। जल्द ही कुछ पीजी डॉक्टर पास आउट होने वाले हैं। उसके बाद उन डॉक्टरों की नियुक्ति यहां कर दी जाएगी। स्वास्थ्य महानिदेशक ने कहा कि अस्पताल के सभी डॉक्टरों को निर्देश हैं कि वह बाहर की दवा न लिखें। अस्पतालों में भी उपलब्ध कराई जा रही दवाओं की मात्रा को बढ़ाया गया है। डॉ. साह ने बेस अस्पताल में रूट कैनाल की सुविधा कराने के लिए कहा कि इस पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने पीएमएस को निर्देश दिए कि बाहर से दवा लिखने वाले डॉक्टरों को चिन्हित किया जाए। दवा की कमी हो तो दवाओं को मंगाया जाए।

नगर निगम के दस्तावेज में आज भी जिंदा है नबी रजा खां

जिस नबी के नाम थी मलिक का बगीचा की 13 बीघा जमीन, उसकी मौत की पुष्टि नहीं, परिजनों ने 1988 में किया था मौत का दावा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मलिक का बगीचा (13 बीघा) से जुड़े दस्तावेज नगर निगम जैसे-जैसे खंगाल रहा है, मामला और पेचीदा होता जा रहा है। अब्दुल मलिक और उसकी पत्नी साफिया मलिक जिस नबी रजा खां से मलिक का बगीचा को दान में लेने की बात कह रहे हैं, उसकी मौत के दस्तावेज तलाशे नहीं मिल रहे। न तो नगर निगम के दस्तावेजों में कहीं मौत का अभी तक जिक्र मिला है और न ही दावा करने वाले नबी की मौत को साबित कर पाए हैं।

बता दें कि बनभूलपुरा हिंसा के बाद मलिक का बगीचा के स्वामित्व को लेकर नगर निगम के उप नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बीती 22 फरवरी को अब्दुल मलिक, साफिया मलिक, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां और अब्दुल लतीफ के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस लगातार नगर निगम से मामले से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराने को कह रही है। सूत्रों का कहना है कि नगर निगम ने अभी तक जितने भी दस्तावेज खंगाले हैं, उनमें कहीं भी नबी रजा खां की मौत का जिक्र नहीं है। ये वही नबी रजा खां हैं, जिनकी मौत का हवाला देने वाले आरोपी कह रहे हैं कि मौत से पहले नबी ने जमीन उन्हें हिब्बा (दान) कर दी थी। जबकि आरोपी 1994 का दाननामा दिखा रहे हैं और कह रहे हैं कि नबी वर्ष 1988 में मर गए थे। हालांकि यह नहीं बता पा रहे कि मृत्यु के बाद उन्हें कहां या किस कब्रिस्तान में दफनाया गया। आरोपी मौत से जुड़े कागज भी प्रस्तुत नहीं कर पाए।

नगर निगम ने 500 पन्नों में दर्ज किए सबूत

हल्द्वानी : नगर निगम पुलिस को सबूत देने के लिए लगातार अपने पुराने दस्तावेज खंगाल रहा है। बताया जा रहा है कि नगर निगम अभी तक करीब 500 पन्नों का रिकॉर्ड तैयार कर चुकी है। यह रिपोर्ट जिला अधिकारी की संस्तुति के बाद पुलिस को सौंपी जाएगी। जब यह दस्तावेज पुलिस को मिल जाएंगे, उसकी बाद ही पुलिस की जांच सही दिशा में आगे बढ़ पाएगी। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि अभी तक पूरे दस्तावेज नहीं मिले हैं। निगम अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही पुलिस को रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।

साफिया ने लगाई अग्रिम जमानत अर्जी, 16 मार्च को फैसला

हल्द्वानी : साफिया मलिक कहां है किसी को नहीं पता। इधर, अधिवक्ताओं ने साफिया की अग्रिम जमानत की अर्जी कोर्ट में लगा दी है। अब पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट जमानत देने या न देने पर फैसला लेगी। इस मामले में 16 मार्च को सुनवाई की तिथि नियत की गई। साफिया समेत अन्य आरोपियों पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। सभी पर मलिक का बगीचा स्थित भूखंड पर मृत व्यक्ति के दस्तावेज लगाकर फर्जी तरीके से कब्जा करने और उसे खुर्द-बुर्द करने का आरोप है। साफिया अभी फरार है। मंगलवार को साफिया मलिक के अधिवक्ताओं ने उसकी अग्रिम जमानत की अर्जी हल्द्वानी एडीजे कोर्ट में लगाई है। 16 मार्च को अर्जी पर सुनवाई की होगी और 16 मार्च को ही पुलिस को कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट पेश करेगी। स्टेटस रिपोर्ट के आधार पर ही कोर्ट अग्रिम जमानत फैसला लेगी।

मास्टरमाइंड मलिक की नैनीताल के सांगुड़ी गांव में मिली जमीन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : आखिरकार जिला प्रशासन ने कुर्की के लिए बनभूलपुरा बलवे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की संपत्ति ढूंढ ली है। नैनीताल तहसील के अंतर्गत सांगुड़ी गांव में मलिक की 8 नाली 12 मुट्ठी जमीन मिली है। अब इस संपत्ति की कीमत आंकने के साथ ही कुर्की की तैयारी की जा रही है।

नगर निगम ने बीती 8 फरवरी को कंपनी बाग बनभूलपुरा में हुए बवाल में अब्दुल मलिक को मुख्य आरोपी मानते हुए नगर निगम की जेसीबी, वाहनों व अन्य उपकरणों की क्षतिपूर्ति के लिए 2.44 करोड़ की आरसी काटी थी। जिला प्रशासन ने इसकी संस्तुति करते हुए तहसील को भेजी थी। तहसील प्रशासन ने वसूली नोटिस मलिक के आजाद नगर स्थित घर पर चस्पा करने के साथ ही जेल में बंद मलिक को नोटिस तामील कराया था।

तहसील प्रशासन के सामने चुनौती थी कि कुर्की करने के लिए संपत्ति नहीं मिल रही थी। मलिक का लाइन नंबर आठ आजाद नगर स्थित घर नजूल भूमि पर है। कॉलेज वगैरह की भूमि ट्रस्ट के नाम पर है।

अन्य संपत्तियां भी मलिक के नाम पर नहीं थी। ऐसे में तहसील प्रशासन जिले की अन्य तहसीलों, अन्य जिलों में संपत्ति तलाश कर रहा था। इधर, नैनीताल तहसील के अंतर्गत सांगुड़ी गांव में 8 नाली 12 मुट्ठी जमीन मिली है। यह जमीन मलिक के नाम पर दर्ज है। अब इस जमीन की कीमत निकालने के साथ ही कुर्की की भी तैयारी जा रही है। इस जमीन के कुर्क होने के बाद वसूली में जितनी रकम बचेगी उतनी की संपत्ति फिर ढूंढी जाएगी।



अब्दुल मलिक की नैनीताल तहसील के अंतर्गत सांगुड़ी गांव में 8 नाली 12 मुट्ठी जमीन मिली है। जो सिर्फ मलिक के नाम पर दर्ज है। इस जमीन की कीमत आंकी जा रही है। जल्द ही इस जमीन की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। बैंक खातों का भी विवरण मांगा गया है।
-परितोष वर्मा, एसडीएम हल्द्वानी

बैंक खातों का भी निकाला जा रहा ब्यौरा

वसूली के लिए अब्दुल मलिक के बैंक खातों का भी ब्यौरा निकाला जा रहा है। तहसील प्रशासन ने सभी सरकारी व निजी बैंक प्रबंधकों को नोटिस भेजकर मलिक के खाते के बारे में जानकारी मांगी है। बैंक खातों का विवरण मिलने के बाद इन्हें सीज किया जाएगा और रकम की वसूली की जाएगी।

अस्पताल में लगी रिश्तेदारों की भीड़। ● अमृत विचार

मातम के बीच में दो और मौतों से कोहराम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कालाढूंगी हादसे में टांडा बादली रामपुर के पांच लोग हादसे के शिकार हुए। दो की मौत हुई और तीन लोग घायल हुए। हादसे की जानकारी मिलते ही हल्द्वानी के परिचित उन्हें देखने सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे।

शाकिर।

अस्पताल में शहनाज और उसके बेटे शाकिर का उपचार चल रहा है। शहनाज के हाथ और पैर की हड्डी टूटी हैं। उसके चार साल के बेटे को भी चोट आई हैं। जुबेर कार चला रहा था। उसके सिर से भी खून निकल रहा है। वो कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं है। इधर घायलों के हल्द्वानी निवासी परिचितों बताया कि सड़क पर कोई जानवर आ गया था। उससे बचने के लिए ड्राइवर ने कार को दूसरी तरफ मोड़ दिया। शायद इसी वजह से कार पेड़ से टकरा गई। बताया कि घर में पहले से ही दुख का माहौल है। इस हादसे की सूचना के बाद तो दुखों का पहाड़ टूट गया है। जैसे ही हादसे की सूचना मिली सब अस्पताल की तरफ दौड़े चले आए। इधर घायलों का उपचार कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि मरीजों की घायलों की स्थिति गंभीर नहीं है।

जुबेर।

शहनाज।

कालाढूंगी हादसा

▸▸ एसटीएच में कालाढूंगी हादसे के तीन घायल भर्ती

35 हजार के साथ दो सटोरिये गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हाल ही ऑनलाइन सट्टे के काले कारोबार का भंडाफोड़ करने वाली मंगलपड़ाव पुलिस ने इस बार ऑफ लाइन सट्टा खिलाने वाले दो बड़े सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि मंगलवार शाम वह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग गश्त पर थे। अंबेडकर नगर पहुंचे दो सट्टोरिये हत्थे चढ़ गए। दोनों लोगों को दांव लगाने के लिए उकसा रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम गुलशन कुमार सागर निवासी अंबेडकरनगर मंगल पड़ाव व देव सक्सेना निवासी अंबेडकर नगर बताया। गुलशन के पास से पलिस ने 32500 और देव के पास से 2840 रुपये के साथ डायरी, सट्टा पर्ची और पेन बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र जोशी, एडिशन एसआई मान सिंह, कां. संतोष सिंह व भूपाल सिंह आदि मौजूद थे।

बाढ़ प्रभावित चुकुम में सुनीं समस्याएं

संवाददाता रामनगर

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने बाढ़ प्रभावित ग्राम चुकुम का दौरा किया। गांव में स्थित नदी से बरसात के दौरान होने वाली समस्याओं को सिंचाई व वन विभाग के अधिकारियों को दूर करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त दीपक रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश के बाद उन्होंने गांव का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस गांव के बीचोंबीच बहने वाली नदी से बरसात के दौरान ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई लोगों की जमीन पूर्व में बह चुकी है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की जमीन बहने के बाद यह ग्रामीण अन्य सरकारी जमीनों पर रह रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि सरकार की विस्थापन योजना के तहत जमीन दिलाई जाए। कमिश्नर ने कहा कि इन ग्रामीणों को रामनगर तहसील के अंतर्गत अन्य सरकारी जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान जसी राम, लक्ष्मण सिंह, गंगा सिंह, त्रिलोक चंद्र, जमुनादत्त, सीमा आर्य, ग्राम प्रधान मोहन सिंह, एसडीएम राहुल शाह, सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ला मौजूद रहे।

ग्रामीणों की समस्या सुनते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

रामनगर के घायल युवक ने एसटीएच में दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ऋषिकेश में हुए सड़क हादसे में घायल रामनगर के एक युवक ने एसटीएच में दम तोड़ दिया। युवक अपने दोस्त के साथ रामनगर वापस लौट रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

गिरीश चंद्र।

भवानीपुर रामनगर निवासी गिरीश चंद्र (30 वर्ष) हरिद्वार में एक फार्मा कंपनी में नौकरी करता था। परिजनों के मुताबिक गिरीश बीती 8 मार्च को वह अपने दोस्त के साथ बाइक से ऋषिकेश घूमने गया था। वहां एक मंदिर में दर्शन करने के बाद दोनों रामनगर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक फिसल गई और दोनों घायल हो गए। गिरीश गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया। सूचना पर ऋषिकेश पहुंचा गिरीश का भाई ने उसकी एम्स से छुट्टी करा ली।

10 मार्च को उसकी हालत बिगड़ी तो उसे एसटीएच रेफर कर दिया गया। जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई।

अवैध खनन पर कसेगा शिकंजा

गरमपानी : कोसी नदी क्षेत्र में वैध की आड़ में अवैध खनन पर शिकंजा कसने को खनन विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। उपखनिज पट्टों की विशेष मॉनिटरिंग के साथ ही छापेमारी अभियान भी चलाया जाएगा। जिला खनन अधिकारी ताजेश्वर सिंह के अनुसार अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अवैध खनन के लिए कुख्यात कोसी घाटी क्षेत्र में अवैध खनन पर सख्ती से अंकुश लगाने को पुलिस, प्रशासन, परिवहन व खनन विभाग संयुक्त रुप से अभियान चलाएगा। बाकायदा पूरे क्षेत्र में चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा।

हालात | खेल विभाग शहरी हिस्सों में ही खेल शिविर को आयोजित करने पर रहा केंद्रित

पहाड़ी इलाकों की 4 तहसीलों में संचालित नहीं हुए एक भी खेल शिविर, खिलाड़ी हो रहे परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: खेल विभाग शहरी इलाकों को छोड़कर पहाड़ी क्षेत्रों में खेल शिविर संचालन के लिए कोई खास रूचि नहीं दिखा रहा है। इसका खामियाजा ग्रामीण इलाकों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है।

जिले में खेल विभाग की ओर से केवल शहरी और मैदानी तहसीलों में ही खेल शिविरों का संचालन किया जा रहा है। वहीं लालकुआं और पहाड़ी इलाकों की 4 तहसीलों में खेल विभाग की ओर से एक भी खेल शिविर का संचालन नहीं किया है। नैनीताल जिले की बात करें तो विभिन्न खेलों के 27 प्रशिक्षण शिविर में से 19 प्रशिक्षण शिविर हल्द्वानी में ही संचालित किए जा रहे हैं। इसके चलते पहाड़ी इलाकों के प्रतिभावान खिलाड़ी प्रशिक्षण से पिछड़ रहे हैं। खेल विभाग से अनुबंध के आधार पर प्रशिक्षकों के जरिए संचालित कई प्रशिक्षण शिविर बंद हो चुके हैं वहीं खेल प्रशिक्षण शिविरों के संचालन को लेकर खेल विभाग का ध्यान शहरी क्षेत्रों में ही केंद्रित है। सत्र 2023-24 में खेल विभाग की ओर से कुल 27 अलग-अलग खेलों के शिविर संचालित हुए हैं। यह शिविर शहरी क्षेत्र की हल्द्वानी, नैनीताल, रामनगर और कालाढूंगी तहसीलों में चलाए गए है। लेकिन लालकुआं और पहाड़ी हिस्सों की धारी, खनस्यूं, कोश्याकुटोली और बेतालघाट में एक भी खेल शिविर का संचालन नहीं किया जा सका है। इसके चलते पहाड़ी इलाकों के खिलाड़ी खेल प्रतिभाओं से वंचित होने को मजबूर हैं। इधर सहायक खेल निदेशक राशिका सिद्दकी ने बताया कि आवश्यकता के अनुरूप पहाड़ी इलाकों के लिए प्रस्ताव आने पर खेल प्रशिक्षण शिविर को संचालित किए जाएंगे।

अनदेखी

▸▸ सत्र 2023-24 में अलग-अलग 27 खेल शिविरों का हुआ संचालन

स्टेट हाइवे पर आए दिन जाम से परेशानी

गरमपानी : समीपवर्ती भुजान बाजार क्षेत्र में आए दिन जाम लगने से स्टेट हाइवे पर आवाजाही करने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली नौनिहालों पर भी दुर्घटना का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। बावजूद यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को ठोस उपाय नहीं किए जा रहे। क्षेत्रवासियों ने बाजार क्षेत्र में व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग उठाई है।

भुजान मुख्य बाजार क्षेत्र में जाम एक बड़ी समस्या बन चुका है। बाजार से तमाम गांवों को टैक्सी वाहनों से गांव के लोग आवाजाही करते हैं।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया का इस्तीफा वायरल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रदेश में लगातार कमजोर होती कांग्रेस में मंगलवार को प्रदेश प्रवक्ता के इस्तीफे की खबर से खलबली मच गई।

इस्तीफे की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा तक इस्तीफा नहीं पहुंचा। जिसके बाद विधायक सुमित हृदयेश, प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया से मिलने पहुंचे। बताया जा रहा है कि बल्यूटिया से मुलाकात के बाद विधायक ने बिगड़ते हालात को संभाल लिया।

मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया पर बल्यूटिया के इस्तीफे की खबर वायरल हुई, लेकिन जब इस बाबत उनसे फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने बात करने से इंकार कर दिया। इधर, खबर तेजी से वायरल हुई तो प्रदेश कांग्रेस में खलबली मच गई। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा से खबर की पुष्टि की गई तो उन्होंने भी यही कहा कि उन तक इस्तीफा नहीं पहुंचा। जिसके बाद विधायक सुमित हृदयेश को बल्यूटिया से बात करने के लिए कहा गया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच बाचचीत के बाद कांग्रेस में हालात सामान्य हो गए। वहीं जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा, इस्तीफा उन तक नहीं पहुंचा और न ही प्रदेश अध्यक्ष को इसकी जानकारी है। बल्यूटिया कांग्रेस परिवार का अभिन्न अंग हैं और वह परिवार के साथ ही रहेंगे।

▸▸ सूचना के बाद विधायक सुमित हृदयेश ने की दीपक बल्यूटिया से बात

सार संक्षेप

धरने पर बैठे उक्रांद नेता व ग्रामीण। ● अमृत विचार

धरने को उत्तराखंड क्रांति दल के नेताओं का समर्थन

कालाढूंगी : गांव बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में सूरपुर चकलुवा में निर्माणाधीन एथेनॉल प्लांट पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना पंडित दीनदयाल पार्क में 27 वें दिन भी जारी रहा। मंगलवार को धरने पर पहुंचकर उत्तराखंड क्रांति दल के कुमाऊं मंडल प्रभारी भुवन चंद्र जोशी सहित कई नेताओं ने अपना समर्थन दिया। इस दौरान जोशी ने कहा कि जिस उद्देश्य के साथ उत्तराखंड की स्थापना की गई थी, नेताओं ने उस उद्देश्य को दरकिनार कर दिया है। उन्होंने कहा राज्य के लोगों की बात ही सरकार और उनके जनप्रतिधि सुनने को तैयार नहीं है। इस दौरान प्रशांत अधिकारी, पुष्कर सिंह, सुबोध कुमार, रवि दिगारी, गुड्डू चौहान, जनार्दन जोशी, मोहन सिंह खोलिया, चंचल सिंह, प्रताप सिंह चौहान, मनीष सिंह बिष्ट, अली हुसैन, अजय मेहता, दीपक डोगरा, प्रेम सिंह, हरक सिंह, राजेंद्र सिंह जलाल, कमल जंतवाल आदि मौजूद थे।

पीएनबी की शाखा के शुभारंभ अवसर पर मौजूद अतिथि व कर्मचारी।

पीएनबी की दो शाखाओं का हुआ शुभारंभ

हल्द्वानी : पंजाब नेशनल बैंक की 2 शाखाओं का शुभारंभ मंगलवार को पीएनबी हल्द्वानी मंडल के प्रमुख प्रताप सिंह रावत ने अल्मोड़ा के लमगड़ा ब्लॉक में किया। उन्होंने बताया कि यह अल्मोड़ा जिले की 13वीं पीएनबी की शाखा होगी। इसमें ग्राहकों को न्यूनतम दरों पर आवास ऋण, वाहन ऋण, वेतन भोगियों के लिए निजी ऋण समेत अन्य ऋण प्रदान किए जाएंगे। वहीं दूसरी शाखा का शुभारंभ बागेश्वर के कपकोट ब्लॉक में हुआ यह बागेश्वर जिले की तीसरी शाखा होगी। इस शाखा से भी ग्राहक को पीएनबी के विभिन्न प्रकार के ऋणों को लाभ उठा पाएंगे। इस मौके पर मुख्य प्रबंधक अरविंद कुमार, शाखा प्रमुख ज्योति उप्रेती समेत बैंक के कर्मचारी मौजूद रहे।

सड़कों का शिलान्यास करते केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट व अन्य।

भीमताल क्षेत्र में 43 किमी लंबी सड़कों का शिलान्यास

हल्द्वानी : केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत काशियालेख सूफी मोटर मार्ग साहित कुल 39 करोड़ की सड़को का शिलान्यास किया। इस मोटर मार्ग के अंतर्गत भिड़ापानी से महतोली मार्ग, कासियालेख से बूदीबाना सूफी मोटर मार्ग, अंबेडकर ग्राम रेखोली मोटर मार्ग, डोलकोट पांग कटारा खालाड मोटर मार्ग का शिलान्यास किया। इन सभी परियोजनाओं की लंबाई 43 .246 किलोमीटर है। काठगोदाम में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यालय में शिलान्यास करते हुए कहा कि पहाड़ के दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, नवीन भट्ट, प्रताप रैकवाल अधिशासी अभियंता मीना भट्ट आदि रहे।

सीसी मार्ग का लोकार्पण करते विधायक सुमित हृदयेश।

विधायक सुमित ने किया सीसी सड़क का लोकार्पण

हल्द्वानी : नईबस्ती काठगोदाम में विधायक सुमित हृदयेश ने वार्ड एक में 19 .98 लाख की लागत से बने सीसी मार्ग का लोकार्पण किया। इस मौके पर विधायक ने कहा, आम जनमानस के सुगम आवागमन के लिए विधायक निधि से जितना संभव हो, कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व ग्राम प्रधाम मुकुल बल्यूटिया, कौशलेन्द्र भट्ट, तसकीन अहमद, प्रदीप बिष्ट, प्रदीप कुमार, किशन अनेरिया, दिवेश तिवारी, रघुनाथ प्रसाद, दीपू, किशन लाल, संजय बिष्ट, वाहिद हुसैन, भगवती बिष्ट, रेशमा, सायमा, पूनम, राधा, सोनम, पार्वती देवी, भुवन चंद्र आर्य, मुकर्रम आदि मौजूद थे।

पर्यवेक्षकों के साथ नियुक्त किए 17 लाइजनिंग ऑफिसर

हल्द्वानी : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 17 लाइजनिंग ऑफिसर नामित किए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम फिंचाराम चौहान ने बताया कि उपायुक्त राहुल वर्मा, शिवेंद्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त गौरव पंत, कमल किशोर जोशी, दीपक कुमार, राज्य कर अधिकारी शैलेंद्र चमोली, अश्विनी सिंह कर्णवाल, संदीप सिंह, हरीश नेगी, अजय प्रकाश, मितेश्वर आनंद, सहायक अभियंता राजेश चंद्र आर्या, हरिनंदन कापड़ी, वाईएस लसपाल, पुष्पेंद्र वर्मा, उत्तम चंद्र सुनाल, शंकर शंभू पंत को लाइजनिंग ऑफिसर बनाया है। यह सभी एलओ पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय बनाकर काम करेंगे।

ऑल सेंट्स में प्रतिभा निखारने के गुर सिखाए

नैनीताल : ऑल सेंट्स कॉलेज में दिल्ली की प्राइमरी प्लस मीडिया कंपनी की ओर से शिविर में कक्षा 7 से 12 तक की छात्राओं के लिए क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 2 से 6 तक की छात्राओं के लिए 'फेस्टिवल ऑफ मल्टिपल इंटेलिजेंस' का आयोजन किया गया। मंगलवार को शिविर में 'लर्निंग बाई डूइंग' को ध्यान में रखते हुए कई तरह के क्रियाकलापों से बच्चों को अपने अंदर की प्रतिभा को निखारने के गुर सिखाए गए। इस दौरान मनबीर बेदी, आंचल मल्होत्रा, नरेश झावर, खुशबू लामा, शालिनी तायल, रिया भुगरा, तारा चंद, हरप्रीत सिंह, अखिलेश मौजूद रहे।

अवैध चाकू के साथ दो गिरफ्तार

हल्द्वानी : देर रात चाकू लेकर घूम रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोमवार की रात बनभूलपुरा पुलिस ने एफटीआई रोड स्थित पोस्टमार्टम हाउस गेट पर खड़े वार्सी कॉलोनी निवासी मोहम्मद रिजवान को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। वहीं मुखानी पुलिस ने पीलीकोठी स्थित पंचशील कॉलोनी फेज वन निवासी धर्मेंद्र कश्यप को चाकू के साथ पकड़ा। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया है।

मुआवजे को लेकर हंगामा, हरीश पनेरू ने दी सिर मुंडवाने की धमकी

जिलाधिकारी कैंप कार्यालय जाने पर अड़े तो पुलिस से हो गई नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पिछले साल हुए छीड़ाखान हादसे में मृतकों के परिवारों को मिले अधूरे मुआवजे से नाराज हरीश पनेरू ने मंगलवार को मृतकों के परिजनों संग बुद्ध पार्क पहुंच गए। यहां से जिलाधिकारी आवास की ओर जाने पर लोगों की पुलिस से भिड़ंत की नौबत आ गई। हरीश पनेरू सिर मुंडवाने और खुद पर हमला करने की धमकी देने लगे। करीब आधा घंटे चले हंगामे के बाद मामला शांत हुआ।

बता दें कि पिछले साल नवंबर में ओखलकांडा ब्लाक के गांव छीड़ाखान में दर्दनाक हादसा हुआ था। लोगों से भरा पिकअप वाहन 800 मीटर गहरी खाई में गिर गया था और हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की गई थी। मंगलवार को मृतकों के परिजनों संग बुधपार्क पहुंचे पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरू ने बताया कि घटना के वक्त पीड़ित परिवारों को 2-2 लाख रुपये दिए गए थे, लेकिन तब से पांच महीने गुजर चुके हैं। न तो प्रशासन ने पीड़ित परिवारों की खबर ली और न ही मुआवजा दिया। इसी को लेकर पहले तो हरीश ने लोगों के साथ बुद्ध पार्क में धरना-प्रदर्शन किया। पुलिस को खबर मिली कि हरीश लोगों के साथ जिलाधिकारी आवास की ओर जा रहे हैं तो पुलिस मौके पर पहुंच गई।

धरना स्थल पर प्रशासन से झड़प के दौरान अपने कपड़े उतारकर मुंडन कराने की धमकी देते हरीश पनेरू। ● अमृत विचार

हरीश जिलाधिकारी आवास की ओर जाने पर अड़ा तो पुलिस से नोकझोंक हो गई। हरीश ने ब्लेड मंगाकर अपना सिर मुंडवाने और जिलाधिकारी आवास में बैठ कर पीपलपानी करने की धमकी दी। जब पुलिस ने नहीं जाने दिया तो वह खुद पर ब्लेड चलाने की धमकी देने लगे। करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने मृतकों के परिजनों से वार्ता की। पूर्व दर्जा मंत्री पनेरू ने प्रशासन से मुआवजा जारी करने की तिथि निर्धारित करने की मांग की।

सिटी मजिस्ट्रेट ने इस संबंध में अपर जिलाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता की। शासन स्तर पर वार्ता होने के बाद अपर जिलाधिकारी ने मृतकों के आश्रितों को एक माह के भीतर मुआवजे की शेष राशि देने का आश्वासन दिया।

कहा कि जल्द ही सड़क की मरम्मत का काम भी शुरू किया जाएगा। आश्वासन पर मृतक आश्रितों व रिश्तेदारों ने पांच घंटे बाद शाम करीब 4 बजे धरना समाप्त किया। धरना देने वालों में पूरन चंद्र, अनीता देवी, मुन्नी देवी, कुंवर सिंह, देवकी देवी आदि मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव में भाजपा बंपर वोटों से जीतेगी : भगत

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: आगामी आम चुनावों को लेकर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने मंगलवार को कालाढूंगी में एक के बाद एक 5 शक्तिकेन्द्रों में चुनावी बैठक आयोजित की। भगत ने बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक कर उन्हें चुनावों के लिए सक्रिय होने को कहा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा बंपर वोटों से जीतेगी।

बंशीधर भगत ने एक कार्यक्रम में नगर पंचायत कालाढूंगी के पूर्व अधिशासी अभियंता रमेश चंद्र पंत, शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रेम प्रकाश पंत, राजेन्द्र कनवाल, वन विभाग से सेवानिवृत राम लाल वर्मा एवं पूर्व सभासद रमेश गिरी गोश्वामी, नंदा बल्लभ तिवारी को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भाजपा की सदस्यता दिलाते विधायक बंशीधर भगत।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा, महामंत्री विनोद बुडलाकोटी, हरीश मेहरा, ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल, पुष्कर सिंह बोरा, नंदा बल्लभ जोशी मौजूद रहे।

मंदिरों के सौंदर्यीकरण से बढ़ेगा पर्यटन

हल्द्वानी, अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने मानसखंड मंदिर माला प्रोजेक्ट में कैची धाम के सौंदर्यीकरण के लिए 28 करोड़ एवं नयना देवी मंदिर के लिए 11 करोड़ रुपये जारी करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। विकास ने कहा कि इससे नैनीताल जिले में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

सीएम की बाबा नीब करौरी एवं मां नयना देवी मंदिर में गहरी आस्था है। कैंची धाम के सौंदर्यीकरण से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को पार्किंग, विजिटर रूम की सुविधाएं मिलेंगी। दो पुल बनने से भीड़ भी नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही सैनिटोरियम बाइपास का निर्माण होने से भवाली से कैंची धाम तक जाम के झाम से भी मुक्ति मिल जाएगी।

गोल्डी को मिला जेनेसिस वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र

संवाददाता, हल्द्वानी

लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी को अप्रिशिएसन कैटेगरी में जेनेसिस वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। डॉ. गोल्डी भारतीय नोट एवं सिक्कों के अद्भुत संग्रह के लिए जाने जाते हैं। वह समाज सेवा, सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों में खासा सक्रिय रहते हैं।

वर्तमान में उत्तराखंड के आरटीआई क्लब के अध्यक्ष हैं और अब तक 10000 से अधिक आरटीआई लगा चुके हैं। अद्भुत संग्रह के चलते गोल्डी का नाम

लिम्का बुक, इंडिया बुक, इंडिया स्टार, यूके बुक, यूपी बुक में दर्ज हो चुका है। वरिष्ठ पत्रकार शक्ति प्रसाद सकलानी द्वारा प्रकाशित पुस्तक उत्तराखंड की विभूतियां में भी प्रमोद अग्रवाल गोल्डी को स्थान दिया गया है।

2 टेंडर के बाद भी नहीं हो पाया कंपनी का चयन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: जमरानी बांध के डूब इलाके से जुड़े ए श्रेणी के ग्रामीणों को किच्छा के प्राग फार्म में विस्थापन को लेकर बनने वाले मास्टर प्लान का टेंडर 22 मार्च को खोला जाएगा। इसके पहले मास्टर प्लान के लिए 2 बार टेंडर को आमंत्रित किया गया लेकिन कंपनी का चयन नहीं हो पाया।

राजस्व की करीब 300 एकड़ की भूमि सिंचाई विभाग के नाम हो चुकी है। मास्टर प्लान के मुताबिक ही ग्रामीणों को सुविधाएं मिलनी थी लेकिन 2 बार टेंडर होने के बावजूद कंपनी का चयन नहीं हो पाया है। जिसके चलते अब 22 मार्च को तीसरी बार टेंडर खोलने की तैयारी है। बता दे की जमरानी बांध का मामला कई दशकों से चल रहा है। इसमें सबसे मुख्य बिंदु ग्रामीणों के विस्थापन और मुआवजे का है। सर्वे होने के बाद 1268 लोगों को 3 श्रेणी में विभक्त किया है। ए श्रेणी के परिवारों को किच्छा के प्राग फार्म में विस्थापित किया जाना है, लेकिन इसके पहले ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मास्टर प्लान भी तैयार करना होगा। जमरानी परियोजना के प्रबंधक हिमांशु पंत ने बताया कि 6 मार्च को हुए टेंडर में एक ही कंपनी का आवेदन प्राप्त हुआ था जिसके चलते आवेदन निरस्त करना पड़ा था।

विभिन्न विषयों के 91 शोध पत्रों पर हुई चर्चा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: लामाचौड़ स्थित एमआईईटी कॉलेज में मंगलवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। सम्मेलन में सतत विकास के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी व कृषि विज्ञान विषय पर कुल 256 शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। मंगलवार को भौतिकी, गणित, नवाचार, उद्यमिता, शिक्षा, स्वास्थ्य विज्ञान के शोधकर्ताओं ने 91 शोध पत्रों पर चर्चा की। इस दौरान विद्यार्थियों ने पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और उनके समाधान पर पोस्टर जारी किये। पोस्टर प्रस्तुति में नीलोफर, गौरव अधिकारी, वैष्णवी, तनुजा और प्रतिभा को

सम्मेलन में सम्मानित शोधार्थी अतिथियों के साथ। ● अमृत विचार

1100 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। श्रेष्ठ शोध पत्र में भौतिक विज्ञान से डॉ. विशाल कुमार शर्मा, डॉ. गौरव कुमार उपाध्याय, डॉ. बीना तिवारी, गणित में राधा, हेमल प्रसाद, नीतीश, स्वास्थ्य विज्ञान में गौरव जोशी और रोहित पुजारी, इनोवेशन व सस्टेनेबल डेवलपमेंट में डॉ. निधि नागर, नीरज कांडपाल, रसायन विज्ञान में डॉ. राजेश, डॉ. जोगेंद्र रौतेला, पूजा, जीव विज्ञान में डॉ. कृष्ण कुमार टम्टा, सचिन पांडे और इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी में आशीष भट्ट को पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जेएमएस राणा, यूसर्क की निदेशक डॉ. अनीता राणा और प्रबंध निदेशक डॉ. बीएस बिष्ट ने शोधार्थियों को प्रमाण पत्र और सम्मान चिन्ह प्रदान किये।

डॉ. बीएस बिष्ट, कार्यकारी निदेशक डॉ. तरुण कुमार सक्सेना, एसीआईसी देवभूमि फाउंडेशन के सीईओ डॉ. कमल रावत, मीडिया हेड अजय चौधरी मौजूद रहे।

आयोजन

- एमआईईटी कालेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न
- 17 शोधकर्ताओं को श्रेष्ठ शोध पत्र से किया सम्मानित

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy (जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम तिराहा, कालाढूंगी रोड हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

सार-संक्षेप

समाज कल्याण में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

हल्द्वानी : समाज कल्याण निदेशालय में नवनियुक्त कर्मिकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार से शुरू हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। निदेशालय के अधिकारियों ने नवनियुक्त सहायक लेखाकारों, वैयक्तिक सहायक और कनिष्ठ सहायकों को सरकारी सेवकों के दायित्व, कर्मचारी आचरण नियमावली, विभागीय पेंशन योजनाओं, विभागीय छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से विशेष शिविर का समापन

कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य एवं महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. आरडी सिंह ने स्वयंसेवियों को बधाई दी। उन्होंने सात दिवसीय विशेष शिविर में छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता भदोला जोशी ने विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि नवेन्दु मठपाल, डॉ. शिप्रा पंत एवं डॉ. डीएन जोशी ने अपने विचार व्यक्त किए।

17 व 18 को होगी ओपन बालक-बालिका प्रतियोगिता

हल्द्वानी : खेल निदेशालय उत्तराखंड और जिला खेल विभाग की अगुवाई में मंडल स्तरीय अनुसूचित जनजाति ओपन बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 18 मार्च को गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा। इसमें खो-खो और वॉलीबॉल खेल को शामिल किया गया है। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए जिले की खो-खो व वॉलीबॉल टीम को आमंत्रित किया गया है।

सीनियर हॉकी टीम के शिविर में बॉबी का चयन

बॉबी को शुभकामनाएं देते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : उत्तराखंड के बॉबी सिंह धामी को ओलंपिक की तैयारी हेतु सीनियर भारतीय हॉकी टीम के प्रशिक्षण शिविर में संभावित 28 खिलाड़ियों में चयनित किया गया है। शिविर का प्रथम चरण 13 से 30 मार्च तक कलिंगा स्टेडियम भुवनेश्वर में आयोजित किया जाएगा। बॉबी धामी के चयन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी शुभकामनाएं दी है। उपक्रीड़ा अधिकारी वरूण बेलवाल ने बताया कि बॉबी के चयन होने पर खेल प्रेमियों में खुशी है।

केरल की घटना के विरोध में किया प्रदर्शन

केरल में हुई घटना का विरोध करते एबीवीपी के छात्र। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : केरल में कॉलेज के छात्र के साथ मारपीट व उसकी हत्या मामले में एबीवीपी (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) ने मंगलवार को एमबीपीजी कॉलेज में विरोध प्रदर्शन किया। जिला संयोजक कौशल बिरखानी ने कहा कि एबीवीपी पूरे देश भर में विरोध प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र की हत्या में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। प्रदर्शन करने वालों में नगर मंत्री मनिकेत तोमर, प्रांत शोध संयोजक शिप्रा बसेड़ा, जिला संगठन मंत्री ईशा बदलवाल, कंचन, रिद्धि, निखिल सोनकर, यतिन पांडे, नितिन, निश्चय, आर्यन, तनिष्क गोस्वामी, राहुल पांडे आदि उपस्थित रहे।

गढ़वाल सीट पर प्रत्याशी की प्रतीक्षा, कार्यालय खुला

चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करते विधायक बिष्ट। ● अमृत विचार

रामनगर : रामनगर विधानसभा क्षेत्र के लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ मंगलवार को पैठपड़ाव क्षेत्र में पूजा अर्चना के बाद किया गया। हालांकि अभी भाजपा हाईकमान द्वारा पौड़ी लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन इससे पूर्व ही कार्यालय का शुभारंभ कर दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि शीघ्र ही प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। पार्टी हाईकमान पौड़ी सीट पर जिसे भी प्रत्याशी बनाएगी कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने का काम करेंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने कहा कि प्रत्याशी घोषित होने से पहले ही कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

समस्याओं का समाधान नहीं होने पर चढ़ा महिला कांग्रेस का पारा

- बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में पेयजल संकट का उठाया मुद्दा
- जंगली व आवारा गौवंशीय पशुओं से खेती बचाने की उठाई मांग

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में जंगली व आवारा जानवरों से लगातार चौपट होती जा रही खेती व पेयजल संकट पर गहरी नाराजगी जताई है।

आरोप लगाया है की गांव के बाशिंदे परेशानियों का सामना करने को मजबूर हो चुके हैं बावजूद सुध नहीं ली जा रही। एसडीएम को ज्ञापन सौंप समस्याओं का समाधान किए जाने की पुरजोर मांग उठाई है।

कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट की अगुवाई में पदाधिकारियों ने कोश्या कुटोली तहसील में प्रशासनिक अधिकारी भगवती भंडारी के माध्यम से उपजिलाधिकारी को ज्ञापन भेज बताया की बेतालघाट ब्लॉक के चापड़, बिनाकोट, रोपा सेरा आदि गांवों में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है गांवों के बाशिंदे बूंद बूंद पानी को तरस रहे है।

मजबूरी में दूरदराज से पानी ढोना मजबूरी बन चुका है। गांवों में जंगली जानवरों से खेती चौपट होती जा रही है।

आवारा गौवंशीय पशु भी परेशानी का सबब बन चुके है बावजूद कोई सुध नहीं ली जा रही। लंबे समय से गांवों के बाशिंदे समस्याओं के समाधान की मांग उठा चुके हैं बावजूद अनदेखी की जा रही है। महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने दो टूक चेतावनी दी की यदि उपेक्षा हुई तो फिर गांव के बाशिंदों को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने मांगों को जल्द पूरा करने को कहा। इस दौरान मंजू पंत,चंपा बोहरा, माया बोहरा, सीता देवी, राधिका भंडारी, जीवंती देवी, ललिता कोहली, माधवी देवी, पुष्पा देवी, भावना देवी, खष्टी तिवाड़ी आदि मौजूद रहे।

बजट मिलने के बावजूद पेयजल लाइन नहीं बदलने पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक के उल्गौर ग्राम पंचायत के बाशिंदों ने सड़क निर्माण की जद में आई पेयजल योजना की लाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद लंबा समय बीतने के बावजूद लाइन की मरम्मत न होने पर नाराजगी जताई है। जल संस्थान के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंप जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जीआइसी लोहाली से थुआ ब्लॉक तक तमाम गांवों को जोड़ने के लिए लगभग तीन वर्ष पूर्व सड़क निर्माण का कार्य किया जा चुका है। सड़क निर्माण के दौरान उल्गौर, धारी, जाड़ापानी, ताड़ीखेत आदि गांवों के बाशिंदों के घरों तक पेयजल को बनी योजना के पाइप क्षतिग्रस्त हो गए। पाइप लाइन के जगह जगह क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई बार क्षतिग्रस्त लाइन को दुरुस्त करने की मांग उठाए जाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। उल्गौर गांव के बाशिंदों ने जल संस्थान के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंप बताया की विभाग को दस लाख रुपये से भी अधिक का बजट मिलने के बावजूद लाइन दुरुस्त नहीं की जा रही है। गर्मी नजदीक होने से पेयजल संकट बढ़ने का अंदेशा बना हुआ है। ग्रामीणों ने तत्काल पेयजल लाइन बदलने का कार्य शुरु करवाए जाने की मांग उठाई है। अनदेखी पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। इस दौरान दिनेश सिंह रावत, धर्मेंद्र सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, हिम्मत सिंह, अनूप सिंह, शैलेंद्र सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

देहरादून में आयोजित बैठक में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

एक बार मिलेगा गृह जिले में स्थानांतरण का मौका

अमृत विचार, रामनगर। अपर सचिव उत्तराखंड शासन एवं महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में प्राथमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों की महानिदेशालय में संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के दोनों मांग पत्रों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में तीनों ही संवर्गों में शीघ्र पदोन्नति सूची जारी करने, प्रत्येक विद्यालय में प्रधानाध्यापक का पद दिए जाने, प्रारंभिक संवर्ग के 5400 ग्रेड धारी सभी शिक्षकों को राजपत्रित घोषित किए जाने, जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक को उप शिक्षा अधिकारी के पदों पर 50% कोटा निर्धारित किए जाने, पीएम पोषण की धनराशि में वृद्धि किए जाने, संपर्क परिवर्तन के अंतर्गत अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण एवं धारा 27 के प्रकरणों का शीघ्र समाधान किए जाने, जनपदों में कोटि करण विसंगतियों को ठीक कर जाने पूर्व से सरजीत सभी पदों पर पदोन्नति का लाभ दिए जाने सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई।

यह भी चर्चा हुई कि सेवाकाल में एक बार गृह जनपद स्थानांतरण का मौका दिया जाएगा।

हनुमानगढ़ी व रूसी के बीच जंगल में लगी आग

नैनीताल: नैनीताल हल्द्वानी मार्ग में हनुमानगढ़ी के समीप सड़क किनारे जंगल में मंगलवार की शाम अराजक तत्वों ने आग लगा दी। आग फैली तो जंगल धधकने लगा। राहगीरों की सूचना के बाद वन विभाग के कर्मचारी क्षेत्र में पहुंच गए हैं।

मंगलवार शाम सात बजे नैनीताल हल्द्वानी रोड पर हनुमानगढ़ी के समीप हेयरपिन बैंड सड़क किनारे अराजक तत्वों ने आग लगा दी। जैसे ही आग जंगल फैली तो जंगल धधक गया। हवा चलने के कारण आग जंगल में फैल गई। आग का विकराल रूप देख राहगीरों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाना शुरू किया।

हनुमानगढ़ी व रूसी के बीच जंगल में लगी आग। ● अमृत विचार

प्रधानाचार्यों के पद आयोग से भरने के फरमान के खिलाफ नारेबाजी करते शिक्षक।

प्रधानाचार्यों के पद पदोन्नति से भरे जाएं

रामनगर, अमृत विचार : राजकीय विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के पदों को आयोग से भरे जाने की विज्ञप्ति निकलते ही शिक्षक आग बबूला हो गए हैं। राजकीय शिक्षक संघ ने बैठक कर इस विज्ञप्ति को निरस्त किए जाने और रिक्त सभी पदों को पदोन्नति से भरे जाने की मांग की है। राजकीय इंटर कॉलेज में हुई बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रांतीय नेता पूर्व मंडलीय मंत्री नवेंदु मठपाल ने कहा कि आयोग से प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों को भरे जाने की विज्ञप्ति का निकलना राजकीय शिक्षकों के साथ वादाखिलाफी है। पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष बालकृष्ण ने इस मुद्दे पर एकजुट होकर आंदोलन करने की वकालत की। बैठक में शैलेंद्र भट्ट, महेश रावत, संत कुमार सिंह, उमराव सिंह पडियार, दयानंद शर्मा, जया बाफिला, कमला पाठक, मीना बिष्ट, बीना मेहरा, रश्मि देवी आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

शक्तिफार्म कॉलेज को 310 कुर्सी मेज के सेट भेंट किए

कॉलेज को कुर्सी मेज भेंट करते अतिथि। ● अमृत विचार

चोरगलिया। राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म को 310 कुर्सी मेज के सेट ओएनजीसी देहरादून के सीएसआर फंड से देव वाणी परोपकार मिशन हरिद्वार ने प्रदान किए। मुख्य अतिथि सिडकुल केआर एम रविंद्र सिंह ने कहा कि आधुनिक युग में समान शिक्षा का सपना तभी साकार होगा जब सभी बच्चों को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी। देव वाणी परोपकार मिशन के अध्यक्ष ईश्वर सुयाल, प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी, बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य शशि कला सिह, गीता जोशी, सतीश कुमार, कैलाश उनियाल आदि उपस्थित थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद का स्वागत किया

सांसद के स्वागत के लिए खड़े भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

चोरगलिया : भाजपा गौलापार मंडल की ओर से ईलाइट पब्लिक स्कूल मदनपुर गौलापार में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट का कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत श्रम विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में श्रम कार्ड धारकों को सामान वितरण किया। जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष डॉ. मुकेश बेलवाल, रंजन बर्गली, नवीन भट्ट, राजेंद्र नेगी, अभिषेक शर्मा, महेश खुल्वे, प्रकाश गरजोला, रविन्द्र रेकुनी, बालम बिष्ट, गोविन्द मिश्रा, तारा तिवाड़ी, बसन्त सनवाल आदि उपस्थित रहे।

मालधन में शिविरार्थियों ने किया योग

राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में योग करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

रामनगर : राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिन प्रो. मनोज कुमार ने प्रात: काल में योग व व्यायाम करवाया। उसके बाद श्रम सत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। टीम लीडर अंजली, वंदना, अदिति, दीक्षा, प्रीति, गौरव चंदोला और अनंत शर्मा मौजूद रहे। बौद्धिक सत्र के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय मालधन चौड़ के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. जीसी पंत ने छात्र-छात्राओं को होली के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। छात्र संघ अध्यक्षा प्रीति ने अपने विचार और अनुभव साझा कर लोक गीत प्रस्तुति किया। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि शिवानी ने लोक गीत प्रस्तुत किया। लोक गीतों को प्रस्तुत करने वालो में अंजली, दीक्षा, भावना, ईशा, पलक, प्रेरणा, सिमरन, पायल, अदिति, दीक्षा आर्य, संजय कुमार और अमरजीत रहे।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मनोज कुमार ने किया। इस दौरान राकेश चन्द्र, हरीश चंद्र, जसवंत उपस्थित रहे।

वित्तीय प्रबंधन, उत्पाद गुणवत्ता डिजाइनिंग के बारे में बताया

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: एमबीपीजी कॉलेज में उद्यमिता की अवधारणा, उद्यमों के लिए नवाचार की महत्ता, स्टार्ट अप, उद्यम स्थापना की आवश्यकता और व्यावसायिक अवसर की पहचान के बारे में बताया गया। एमबीपीजी कॉलेज में चल रहे उद्यमिता विकास कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ जिसमें बाजार सर्वेक्षण मॉडल, उपलब्धि प्रेरणा प्रशिक्षण, प्रारंभिक व्यवसाय योजना तैयार करने, वित्तीय प्रबंधन, उत्पाद गुणवत्ता और डिजाइनिंग संबंधी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान और अनुभव साझा किये और विभिन्न विषय विशेषज्ञों और उद्यमियों से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिभागियों ने फील्ड विजिट किया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने पंतनगर मेले में आयोजित किसान मेले का भ्रमण किया।

यहां छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्टॉलों को देखकर रोजगार के बारे में समझा। प्रतिभागियों ने उद्यमियों का साक्षात्कार भी लिया। एमबीपीजी के प्राचार्य एनएस बनकोटी ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के अनुभव का उपयोग उद्यम विकसित करने के लिए कहा। उन्होंने उद्यमिता विकास समिति का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. अनीता जोशी, डॉ. अंजू जोशी, डॉ. ऊषा पंत, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. ज्योति, डॉ नवल लोहनी आदि उपस्थित रहे।

एमबीपीजी कॉलेज में उद्यमिता कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

तीन दुग्ध उत्पादकों को चेक दिया

लालकुआं: नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं ने वर्ष 2023-24 के अंतर्गत सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाली तीन महिला सदस्यों को प्रोत्साहन स्वरूप चेक देकर सम्मानित किया।

देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी व दुग्ध विकास मंत्री सौरव बहुगुणा द्वारा ये चेक दिए गए। जनपद में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाली हिमानी बिष्ट निवासी हरिपुर कुंवरसिह को 10 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में दीपा देवी को 7 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार के रूप में पुष्पा बिष्ट को 5 हजार का चेक प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में प्रशासक यूसीडीएफ व अध्यक्ष नैनीताल दुग्ध संघ मुकेश बोरा, प्रबंध कमेटी सदस्य किशन सिह बिष्ट, कृष्ण कुमार शर्मा, पुष्पा देवी, दीपा देवी, खष्टी देवी, गोबिन्द सिंह मेहता, हेमा देवी उपस्थित रहे।

फ़िल्म कन्नु ने जाफ़ना में जीता बेस्ट एशियन शॉर्ट फिल्म का अवार्ड

नैनीताल: नैनीताल के स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई गई शार्ट फिल्म कन्नु को फ्रांस में आयोजित फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एशियन शॉर्ट फ़िल्म का अवार्ड प्राप्त हुआ है।

फिल्म निर्देशक संजय सनवाल ने बताया कि फिल्म कन्नु की शूटिंग नैनीताल में कुछ समय पहले हुई थी। ये फिल्म फ्रांस के कैन्स फिल्म महोत्सव 2023 में सम्मिलित थी। इसे कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं और लगभग आधा दर्जन अन्तरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में पुरस्कार के लिए मनोनीत हुई है। फिल्म में राजेश आर्य, अनिल घिल्डियाल, शबनी राणा, बलजिंदर कौर समेत नैनीताल, उत्तराखंड के वरिष्ठ कलाकारों ने काम किया है।

विजेता क्रिकेट सीरीज के फाइनल मैच में विवेकानंद अस्पताल को 8 विकेट से रौंदा

सीआरपीएफ काठगोदाम ने जीता केंद्रीय पुलिस सुपर कप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सीआरपीएफ काठगोदाम ने केंद्रीय पुलिस सुपर कप सीरीज अपने नाम कर ली है। फाइनल मैच में सीआरपीएफ ने विवेकानंद अस्पताल की टीम को 8 विकेट से हराया। विवेकानंद ने सीआरपीएफ को जीत के लिए 170 रन का लक्ष्य दिया था।

बीती 1 मार्च से ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ काठगोदाम के खेल मैदान में आयोजित हुई क्रिकेट सीरीज में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। 12 मार्च को ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ और विवेकानंद अस्पताल की टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। 15 मैच के खेल में पहले बल्लेबाजी करने उतरी विवेकानंद की टीम 12.3 ओवर में 169 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

विवेकानंद की ओर से रोहित सिंह और गौरव खरायात ने 41-41 रन बनाए। दोनों ने 17-17 गेंद खेली। रोहित ने 6 चौके और 2 चौके जड़े। जबकि गौरव ने 1 चौका और 5 छक्के लगाए। विवेकानंद टीम के कप्तान मनीष गेंदबाजी में महंगे साबित हुए। उन्होंने और गेंदबाज जावेद ने 1-1 विकेट हासिल किया। कप्तान ने कुल फेंके 2 ओवर में 28 रन लुटाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे सीआरपीएफ टीम के कप्तान बिपिन नेगी और अमित जाट ने अर्धशतक जड़े। कप्तान ने 33 गेंद पर 9 चौके व 2 छक्के, अमित ने 19 गेंद पर 4 चौके और 6 छक्के लगा कर 59-59 रन बनाए। जबकि बाला ने 19 गेंद पर 44 रन बनाए। मनी, रोहित कांडपाल और नरेंद्र जाट ने 3-3 और अमित बडेसरा ने 2 विकेट हासिल किए। सीआरपीएफ की टीम ने 2 विकेट खोकर 12 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। मुख्य अतिथि ग्रुप केंद्र के पुलिस उप महानिरीक्षक शंकर दत्त पांडे ने विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया। इस दौरान उप कमांडेंट भूपेंद्र सिंह रावत, सहायक कमांडेंट तिलक राज, सहायक कमांडेंट संदीप बिष्ट, सहायक कमांडेंट शेखर जोशी आदि उपस्थित रहे।

सीआरपीएफ काठगोदाम की विजेता क्रिकेट टीम को ट्रॉफी देते डीआईजी एसडी पांडे। ● अमृत विचार

राज्य आंदोलनकारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने एक पेंशन लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। समिति ने मंगलवार को एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंप कर कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आंदोलनकारियों को एक समान पेंशन लागू करने और 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधानसभा में पारित होने के बाद भी इनका लाभ राज्य आंदोलनकारियों को नहीं मिल पा रहा है इस वजह से उनमें आक्रोश है। आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री धामी सिर्फ घोषणा करते हैं लेकिन वादे पूरे नहीं करते हैं। उन्होंने कहा जल्द ही पट्टा पेंशन व आरक्षण लागू किया जाए। चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन होगा। इस दौरान राजेंद्र सिंह बिष्ट, जोशना पांडे, सुरेंद्र रौतेला, हेम पाठक, सावित्री जोशी, पुष्पा बिष्ट, पूरन चंद जोशी, अयोध्या प्रसाद केसरवानी, दीपक रौतेला, भुवन चंद तिवारी आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह में लोगों से मिलते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

बाजपुर में रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही भाजपा सरकार: धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाजपुर में 16.34 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, बोले-तराई को सिख समाज ने बनाया खुशहाल

सम्मान समारोह

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को बाजपुर इण्टर कॉलेज में आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने 16 करोड़ 34 लाख 42 हजार रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

सीएम धामी ने गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग द्वारा 12.11करोड़ रुपये की लागत से लघु आधुनिकीकरण कार्य का लोकार्पण, 351.63 लाख की लागत से बाजपुर के बंध मार्ग से जगन्नाथपुर कोसी फार्म मार्ग (लिंक मोटर मार्ग) का पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास, 24.28 लाख की लागत से महुआखेड़ा गंज वार्ड नं- 5 में श्मशान घाट की चाहर दीवारी के निर्माण कार्य का शिलान्यास, 22.58 लाख की लागत से महुआखेड़ा गंज के वार्ड नं 8 में बीरपुर रोड से मो. आदिल के मकान तक सीसी सड़क तथा नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास और वार्ड नं 4 में 24.94 लाख की लागत से आदर्श नगर स्थित श्मशान घाट की चाहर दीवारी के कार्य का शिलान्यास किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के द्वारा लगाए स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचे लाभार्थियों का स्वागत व अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तराई की पावन भूमि पर जब से प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी और दशम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह साहब के चरण पड़े थे, तभी से यह धरती धन्य हो गई। उन्होंने कहा कि तराई की पावन धरती को हमारे सिख परिवारों ने अपनी मेहनत से सींचा है तभी तो ये धरती आज हरी भरी है और खुशहाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह श्री गुरुनानक देव जी अंतिम व्यक्ति को मानवता का पाठ पढ़ाया था, आज उसी तरह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक हर योजना का लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उसी का परिणाम है कि आज इतनी बड़ी संख्या में आप सभी यहां एकत्रित हुए हैं। इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद व भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने भी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। सभा को राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट, विधायक अरविंद पाण्डे, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भी संबोधित किया।

बाजपुर में योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, साथ में रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट।

बाजपुर में आयोजित समारोह में लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र सौंपते सीएम पुष्कर सिंह धामी ● अमृत विचार

दो माह में 18000 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

सीएम धामी ने कहा कि हम उत्तराखंड को एक विकसित और आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पिछले 2 महीने में राज्य सरकार ने कुल 18,000 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने समान नागरिक संहिता को लागू किया जिससे मातृशक्ति को कई कुरीतियों और उत्पीड़नों से मुक्ति मिलेगी। हमने देश में सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू किया जिससे पेपरलीक पर लगाम लग गई। साथ ही हमारी सरकार ने लैंड जिहाद से खिलाफ मजबूती से मुहिम चलाकर अब तक 500 एकड़ से अधिक सरकारी जमीनों से गैरकानूनी कब्जे को खत्म किया। सीएम ने कहा कि कहा कि इसके साथ ही हमारी सरकार ने जबरन धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून बनाया है। धर्मांतरण विरोधी कानून हमारी देवभूमि की संस्कृति और पवित्रता की रक्षा करेगा।

कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद

इस मौके पर इस अवसर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, अरविंद पाण्डे, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग मुकेश कुमार, दर्जा राज्यमंत्री अनिल कपूर (डब्बू), प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा, राम मेहरोत्रा, अध्यक्ष किच्छा मण्डी कमलेन्द्र सेमवा, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, निवर्तमान मेयर काशीपुर ऊषा चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा खिलेन्द्र चौधरी, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा उमा जोशी, गुरविंदर सिंह चंडोक, पूर्व विधायक शैलेन्द्र मोहन सिंघल,हरभजन सिंह चीमा, मण्डल अध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र बिष्ट, वीरेंद्र चौधरी, मण्डल महामंत्री कन्नू जोशी, सुरेश कोली, मण्डलायुक्त दीपक रावत, डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, एसएसपी मंजुनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एडीएम अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, एएसपी मनोज कत्याल, अभय प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी राकेश तिवारी, अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल, गौरव पाण्डे, नगर आयुक्त विवेक राय, तहसीलदार अक्षय भट्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, डीपीओ व्योमा जैन आदि उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड को संवारा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मैं भी एक सामान्य परिवार से आता हूं और मैंने भी आपकी तरह काफी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे उत्तराखंड के मुख्य सेवक के रूप में कार्य करने का मौका मिला और मैं अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सौ प्रतिशत लगन और मेहनत से करने का प्रयास कर रहा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड को संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एक राष्ट्रप्रेमी होने के नाते मुझे पता है कि आप सभी उत्तराखंड वासी एक बार फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्तराखंड की सभी पांचों सीटों पर रिकॉर्ड मतों के साथ भाजपा की विजयी बनाएंगे।

सीएम धामी ने किया रोड शो, लोगों ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री धामी ने बाजपुर तहसील कार्यालय बाजपुर से इण्टर कॉलेज बाजपुर तक रोड शो किया। रोड शो के दौरान जगह-जगह पर विभिन्न संस्कृतियों एवं संस्थाओं द्वारा मुख्यमंत्री का गीत, नृत्य पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आम जन पर पुष्पवर्षा करते हुए जनसैलाब का अभिवादन स्वीकार किया।

लखपति दीदी योजना के तहत ब्याज मुक्त ऋण के चेक सौंपे

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत ग्राम चनकपुर निवासी प्रेमवती, ग्राम शिवपुरी निवासी आकांक्षा को प्रमाण पत्र तथा एनआरएलएम की लखपति दीदी योजना के अंतर्गत बाजपुर गांव की गुलनाज, चकरपुर की पूनम सागर एवं कनोरा की गुलिस्तां जहां एवं इसके उपरांत मुक्ता स्वयं सहायता समूह की उर्मिला काण्डपाल, दशमेश स्वयं सहायता समूह की सन्दीप कौर, गुलशन स्वयं सहायता समूह की आशिया, गुरुनानक स्वयं सहायता समूह की परमजीत कौर, दुर्गाशक्ति स्वयं सहायता समूह माया बिष्ट एवं भरत स्वयं सहायता समूह की कलावती को ब्याजमुक्त ऋण के चेक वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मतदाता जागरूकता बूथ पर जाकर सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाईं एवं जनता से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

रक्षा राज्य मंत्री भट्ट ने सीएम धामी का जताया आभार

केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री धामी का स्वागत करते हुए कहा कि आपको प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पाकर हम सब धन्य हैं। आपके नेतृत्व में प्रदेश विश्वस्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद होने के नाते मैंने संसद में जमरानी बांध का मुद्दा उठाया, जिसमें मुख्यमंत्री ने अपना सहयोग देकर इस मुद्दे को सुलझाने में बहुत बड़ा योगदान दिया है। जिससे आने वाले 50 वर्षों तक तराई में बिजली एवं पानी की समस्या नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने लालकुआं से अमृतसर और टनकपुर से देहरादून रेल सेवा के लिए अपना विशेष योगदान दिया है। कार्यक्रम में सिख, जनजाति, पर्वतीय, भूतपूर्व सैनिक व अल्पसंख्यक समुदाय के पदाधिकारियों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी का स्वागत किया।

मांग | ग्राम स्वराज के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

महिला उत्पीड़न पर जताया आक्रोश

डीएम को ज्ञापन सौंपते ग्राम स्वराज योजना के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: संदेश खाली (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न से ग्राम स्वराज योजना के पदाधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को अभ्युदय यूथ क्लब उत्तराखंड के खेल प्रभारी भारत भूषण चुघ और ग्राम स्वराज योजना के प्रदेश संयोजक विनय बत्रा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां जिलाधिकारी उदयराज सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए अभ्युदय यूथ क्लब उत्तराखंड के खेल प्रभारी चुघ ने कहा कि संदेशखाली पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न एवं अत्याचार से भारतीय जनमानस व्यथित व आक्रोशित है। यह स्थिति काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वराज योजना एकल अभियान उत्तराखंड इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा करता है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। यदि पश्चिम बंगाल सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं लेती है तो सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। ताकि दलित पीड़ित एवं व्यथित लोगों को सुरक्षा व संरक्षण मिल सके। अरविंद कनौजिया, विनय बत्रा, भास्कर दास, पूजा शर्मा, शिवानी शर्मा, राज कोली, शिवकुमार सिंबू, अमित गोड़, दर्शन कोली समेत कई लोग मौजूद रहे।

ठुकराल के करीबी ने छोड़ा साथ विधायक शिव ने लगाया गले

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विधानसभा चुनाव में साये की तरह पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का साथ देने वाले आशीष छाबड़ा ने आखिरकार ठुकराल का हाथ छोड़कर विधायक शिव अरोरा का हाथ थाम लिया है। जिसके बाद विधायक ने अरोरा सहित भाजपा में आए कार्यकर्ताओं का माला पहनाकर स्वागत किया और छाबड़ा को गले लगाया।

मंगलवार को पूर्व विधायक ठुकराल के प्रवक्ता आशीष छाबड़ा प्रमोद मित्तल सहित समर्थकों के साथ विधायक कार्यालय पहुंचे और ठुकराल का साथ छोड़ने की घोषणा कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। जिस पर विधायक अरोरा ने माला पहनाकर गले लगाया और भाजपा में पूर्ण सम्मान देने का आश्वासन दिया। विधायक अरोरा ने कहा कि मोदी और धामी सरकार की विकासपरख सोच का ही परिणाम है कि देश-प्रदेश में कांग्रेस व अन्य दलों के अलावा स्वतंत्र नेताओं का दामन छोड़कर समर्थक भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दो साल के कार्यकाल में उनका उद्देश्य यही रहा है कि सभी को साथ लेकर पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, सुनील ठुकराल, किरण विर्क, मनोज मदान, प्रमोद शर्मा, प्रमोद मित्तल, मयंक कक्कड़, विक्की छाबड़ा, शिव कुमार गंगवार, बिट्टू चौहान आदि रहे।

रुद्रपुर में पूर्व विधायक ठुकराल का साथ छोड़कर आए आशीष को गले लगाते विधायक अरोरा।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सूचना

मैंने बी.एस.सी. नर्सिंग वर्ष 2018 में पूर्ण की है। मेरा बी.एस.सी. नर्सिंग प्रथम वर्ष सन् 2014-15 में अनुत्तीर्ण हुआ था। बाद में सन् 2014-15 में ही उत्तीर्ण कर ली थी। जिसका अनुक्रमांक 140903023 है, जिसमें शपथकर्ता के पास बी.एस.सी. नर्सिंग प्रथम वर्ष की परीक्षा अनुत्तीर्ण की अंकतालिका दिनांक 05-03-2024को हल्द्वानी रोडवेज के पास कहीं गुम हो गई है। **- मुकेश कुमार पुत्र श्री रतन राम, निवासी पो.ओ. बैकोट, तहसील बंगापानी, जिला-पिथौरागढ़**

सूचना

सैन्य अभिलेखों में मेरी माताजी का नाम Rajwati Devi, जन्मतिथि 01-07-1956 गलत दर्ज हो गया है। सही नाम Rajvati, जन्मतिथि 01-01-1953 दर्ज किया जाए। JC491580Y **सूबेदार निरंजन सिंह पुत्र श्री रघुराज सिंह ग्राम.पोस्ट पलसेरा, खैर अलीगढ़ उत्तर प्रदेश**

सूचना

सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम Kumari Shweta गलत दर्ज हो गया है। सही नाम Shweta Kumari दर्ज किया जाए। JC491580Y **सूबेदार निरंजन सिंह पुत्र श्री रघुराज सिंह ग्राम, पोस्ट पलसेरा, खैर अलीगढ़ उत्तर प्रदेश**

सूचना

सैन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम Mamta Devi गलत दर्ज हो गया है। सही नाम Mamata Devi दर्ज किया जाए। JC491580Y **सूबेदार निरंजन सिंह पुत्र श्री रघुराज सिंह ग्राम, पोस्ट पलसेरा, खैर अलीगढ़ उत्तर प्रदेश**

सूचना

मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम करिश्मा लिखा है। जबकि मेरी पुत्री का पूरा व सही नाम करिश्मा बिष्ट है Karishma Bisht है। इसलिए मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का सही व पूरा नाम उपरोक्त प्रकार दर्ज कर दिया जाए। **आर्मी नं.- 4203305N हवलदार मदन सिंह बिष्ट पुत्र पूरन सिंह बिष्ट, सेवारत 19 कुमाऊँ C/o S6APO**

सूचना

मंजीत राना पत्नी श्री जादो सिह निवासी ग्राम भूड़ा किशनी, तहसील खटीमा, जिला-ऊधमसिंह नगर ने छोटेलाल पुत्र ठगूराम निवासी ग्राम महोलिया, तहसील खटीमा, जिला-ऊधमसिंह नगर से खाता संख्या-81, खेत नं.-735 मध्ये 25x25 फुट, यानि 127.788 वर्गमी० प्लॉट की रजिस्ट्री करवाई थी। मंजीत राना पत्नी श्री जादो सिंह, निवासी ग्राम भूड़ा किशनी, तहसील खटीमा, जिला-ऊधमसिंह नगर ने उक्त प्लॉट कशमीरी राना पत्नी श्री कुलदीप सिंह राना, निवासी ग्राम नौगवॉठग्गू, तहसील खटीमा, जिला-ऊधमसिंह नगर को विक्रय कर दिया है और उस विक्रय एवं क्रय के दौरान उनके द्वारा उपरोक्त पुरानी रजिस्ट्री क्रेता कशमीरी राना को सौंप दी गयी थी, जो कही खो गयी है। जिस किसी को मिले निम्न पते एवं फोन नम्बर पर सम्पर्क कर वापस कर दें। अगर इसका कोई भी दुरूपयोग करेगा, वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा।
- कशमीरी राना पत्नी श्री कुलदीप सिंह राना, निवासी ग्राम नौगवॉठग्गू, तह० खटीमा, जिला-ऊधमसिंह नगर।
मोबाइल नं.-9412979779

सूचना

मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री महक बिष्ट की स्पेलिंग अंग्रेजी में MEHAK BISHT गलत दर्ज हो गई है। मेरी पुत्री की सही स्पेलिंग अंग्रेजी में MAHAK BISHT है। इसलिए मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री की सही स्पेलिंग अंग्रेजी में उपरोक्त प्रकार दर्ज कर दी जाए। **आर्मी नं.- 4203305N हवलदार मदन सिंह बिष्ट पुत्र पूरन सिंह बिष्ट, सेवारत 19 कुमाऊँ C/o S6APO**

दैनिक समाचार पत्र | कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

काशीपुर। एक अस्पताल के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोर लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। यूपी के करीमपुर, जिला रामपुर निवासी वेद प्रकाश ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप बताया कि 10 मार्च को अपनी बाइक संख्या यूके 18 बी 2821 से वह रामनगर रोड स्थित एक अस्पताल में अपने रिश्तेदार को देखने आया था। जब वह बाहर आया तो उसकी मोटरसाइकिल अपने स्थान से गायब थी।

चाकू के साथ युवक दबोचा

काशीपुर। टांडा चौकी पुलिस टीम ने रात्रि गश्त के दौरान ढकिया गुलाबो जाने वाली रोड पर घूम रहे युवक को रोक लिया। तलाशी में उसके पास एक चाकू बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम समरपाल निवासी राजपुर केसरिया थाना डिलारी मुरादाबाद बताया।

पत्नी हुई नाराज तो पति ने जहर खाकर दी जान

संवाददाता, रुद्रपुर

दुखद

- सोमवार को मायके चली गई थी पत्नी, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमृत विचार: रम्पुरा चौकी इलाके में रहने वाले एक युवक को पत्नी की नाराजगी बर्दाश्त नहीं हुई और उसने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि तीन साल पहले ही युवक की शादी हुई थी और पत्नी नाराज होकर मायके चली गई थी।

वार्ड-21 रंपुरा बस्ती निवासी 25 वर्षीय शिवम चंद्र की तीन साल पहले शादी हुई थी। शादी के कुछ माह तक सब कुछ ठीक रहा। मगर कुछ माह पहले पति और पत्नी के बीच तकरार होने लगी। बताया जा रहा है कि सोमवार को भी शिवम का पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और पत्नी गुस्सा होकर अपने मायके बरेली चली गई। सोमवार देर शाम युवक खाना खाकर अपने कमरे में चला गया। मंगलवार सुबह जब काफी देर तक वह नहीं उठा तो बहन ने कमरे में जाकर देखा तो युवक बिस्तर पर बेसुध पड़ा था और मुंह से जहरीले पदार्थ की बदबू आ रही थी। युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घायल वृद्ध की मौत चालक पर केस दर्ज

काशीपुर। बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चालक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब बाइक चालक की तलाश कर रही है।

सिटी पार्क कॉलोनी ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी चित्रांश मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप बताया कि बीती 25 जनवरी को वह सिटी पार्क के बाहर वाहन का इंतजार कर रहे थे। तभी रामनगर रोड की ओर से बाइक चालक हिमांशु राज निवासी चांदपुर सैनिक कालोनी ने उसके पिता को टक्कर मार दी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 9 फरवरी को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

देर रात खंगाली अलमारी, सीसीटीवी कैमरे तोड़े, तेल और पीतल किया चोरी

यूपीसीएल के ईई दफ्तर पर चोरों का धावा

दुस्साहस

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: शहर में चोरों ने अपना आतंक मचाना शुरू कर दिया है। पुलिस को चुनौती देते हुए चोरों ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय नवोदय बिजलीघर के कार्यालय पर चोरों ने धावा बोल दिया। देर रात तक कार्यालय में तांडव मचाते रहे। नगदी नहीं मिलने से गुस्साए चोरों ने अलमारी सहित कागजात तक बिखेर दिए और जाते-जाते तेल और पीतल के उपकरण साथ ले गए। अधिशासी अभियंता ने आवास विकास पुलिस चौकी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

टूटा ताला दिखाते यूपीसीएल कर्मी।

जानकारी के अनुसार आवास विकास स्थित नवोदय बिजली घर परिसर में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय जीएस कार्की का कार्यालय है। सोमवार की देर रात चोरों ने कार्यालय पर धावा बोलकर नीम के पेड़ के माध्यम से अंदर प्रवेश किया और ताला तोड़कर कार्यालय में घुस गए। बताया जा रहा है कि चोरों ने सबसे पहले अलमारी का लॉक तोड़ा। जब अलमारी में कोई नगदी नहीं मिली तो आवेश में आए चोरों ने कार्यालय को खंगालना शुरू कर दिया और जरूरी दस्तावेज को तितर बितर कर फेंक दिया। यहां कुछ नहीं मिला तो जाते-जाते चोरों ने ट्रांसफार्मर तेल और पीतल साइड को चुरा लिया। मंगलवार की सुबह चोरी होने की जानकारी अधिशासी अभियंता को लगी तो उन्होंने कार्यालय का मौका मुआयना किया और आवास विकास पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल की जानकारी ली और सीसीटीवी कैमरों में कैद संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी।

उधर, अधिशासी अभियंता विद्युत जीएस कार्की ने बताया कि दोमंजिले में अलमारी के अलावा सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया है। नीचे आकर दो ट्रांसफार्मर के बुसिंग खोलने का प्रयास किया गया। सामान को तितर-बितर कर तोड़फोड़ कर की है। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ट्रैक्टर-कार भिड़ंत में शहर के दो युवकों की मौत, 4 घायल

शाहबाद रामपुर हाईवे पर हुआ सड़क हादसा, बदायूं से वापस कार से लौट रहे थे रंपुरा बस्ती के बाराती, परिवारों में मचा कोहराम

संवाददाता, रुद्रपुर

हादसा

अमृत विचार: शाहबाद रामपुर हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्राली और कार की भिड़ंत में कार सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कार सवार चार बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक युवक की हालत बेहद चिंताजनक बताई जा रही है और डॉक्टरों ने उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया है। युवकों की मौत की खबर पाकर रंपुरा बस्ती में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं परिवार में कोहराम मच गया है।

बताया जा रहा है कि सभी बाराती बदायूं में एक वैवाहिक समारोह शामिल होकर वापस रुद्रपुर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार रंपुरा वार्ड-24 निवासी झंडू कोली के बेटे प्रेम कोली की बदायूं से शादी तय हुई थी। सोमवार की बारात बदायूं रवाना होनी थी। बारात में वहीं के 29 वर्षीय रवि कोली, 30 वर्षीय पप्पू कोली, रोशनलाल, ओम प्रकाश, गुड्डू और शंकर लाल एक साथ कार संख्या यूके-06-5715 से बदायूं के निकले थे। बारात में शामिल होने के बाद देर रात में ही वापस रुद्रपुर को लौट रहे थे। इस बीच कार जब शाहबाद रामपुर हाईवे पर पहुंचे ही थी कि अचानक सामने से लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राली से भीड़ गयी। जिसमें रवि कोली और पप्पू कोली की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

रवि कोली।

पप्पू कोली।

घटना के बाद वहां स्थानीय लोगों का जमावड़ा लग गया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 42 वर्षीय रोशन की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। युवकों की मौत की खबर मिलते ही परिवार के अलावा वार्ड में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं रामपुर यूपी पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से मोहल्ले में शोक की लहर है। लोगों ने घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

जवान बेटों की मौत से परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

रुद्रपुर में रोते बिलखते मृतक पप्पू के परिजन। ● अमृत विचार

रुद्रपुर में शोकाकुल मृतक रवि के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

शोक

- रवि के घर आने वाली थी तीसरे बच्चे की खुशी
- दोनों युवक संभाल रहे थे परिवार की जिम्मेदारी

अमृत विचार: शाहबाद रामपुर हाईवे पर हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत से जहां रंपुरा बस्ती में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं दोनों ही परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इनमें से एक युवक के परिवार में तीसरे बच्चे के आने की खुशी करीब थी। जवान बेटों की मौत से दोनों परिवारों पर भरण-पोषण का भी संकट आ गया है। दोनों ही युवक परिवार के सबसे बड़े थे और काम-धंधा कर अपने परिवारों को पाल रहे थे।

वार्ड-24 के लोगों का कहना था कि 29 वर्षीय रवि कोली परिवार का सबसे बड़ा था और उसके दो बच्चों के अलावा पत्नी की तीसरी डिलीवरी कुछ ही दिनों में होने वाली है। इसको लेकर परिवार में नये मेहमान के आने की खुशी थी। रवि दुकान में नौकरी कर परिवार की जीविका चलाता था। इसके अलावा दूसरा मृतक युवक पप्पू कोली भी परिवार का बड़ा बेटा था और उसके भी दो बच्चे हैं। वह भी कपड़े की दुकान में काम करता था। पप्पू और रवि मेहनत कर बच्चों और परिवार की चिंता करते रहते थे। बताया जा रहा है कि अक्सर वेतन मिलने के बाद दोनों ही युवक परिवार के लिए कुछ न कुछ लाते जरूर थे। यही कारण है कि पप्पू और रवि की मौत के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। वहीं घटना के बाद मां और पत्नियों का बुरा हाल है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं है और घर में कमाने वाला भी कोई नहीं है। ऐसे में दोनों ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

आखिरी सांस तक साथ रहे बचपन के दोनों दोस्त

आखिरी सफर

- पप्पू और रवि थे बचपन से जिगरी दोस्त, काम खत्म कर शाम को जरूर मिलते थे दोनों

मनोज आर्या, रुद्रपुर

अमृत विचार: ताउम्र दोस्ती निभाने का वादा करने वाले पप्पू और रवि को यह नहीं पता था कि जिस बारात में वह साथ कार में जा रहे हैं। वही यात्रा उनके जीवन का आखिरी सफर होगा। दोनों दोस्तों की सड़क हादसे में मौत के बाद हर कोई स्तब्ध है और उनकी दोस्ती की चर्चा कर रहा है। इसका कारण दोंनों जिगरी दोस्त होने के साथ ही मृदुभाषी और व्यवहार कुशल थे। युवकों की मौत पर हर कोई दुखी है।

शाहबाद रामपुर हाईवे पर सड़क हादसे के बाद मृतक रवि और पप्पू की मौत को लेकर वार्ड-24 का हर व्यक्ति दुखी है। कारण एक ही वार्ड में रहने के कारण दोनों के बीच गहरी दोस्ती थी और बचपन से ही साथ खेले और हर सुख व दुख में दोनों साथ रहते थे। लोगों का कहना था कि शाम के वक्त काम करने के बाद अक्सर दोनों एक बार जरूर मिलते थे। हादसे के दिन पप्पू ने रवि को शादी में चलने को कहा था। बस में जगह नहीं होने के कारण एक बार दोनों का जाना कैंसिल होने वाला था। इसी बीच रवि ने जब मालिक को फोन कर कार मंगवाई तो दोनों दोस्तों के साथ पड़ोसी भी बारात में जाने को तैयार हो गया। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त रवि कार चला रहा था।

घटना से पहले रवि ने संभाला था स्टेयरिंग

रुद्रपुर। सोमवार देर शाम बदायूं से बारात में शामिल होकर वापस लौट रहे रवि और पप्पू को एहसास नहीं था कि शाहबाद रामपुर हाईवे पर अचानक काल बनकर ट्रैक्टर-ट्राली सामने आ जाएगी। बताया जा रहा है कि रंपुरा वार्ड का रहने वाला पप्पू कार चला रहा था मगर रामपुर हाईवे पर पहुंचते ही अचानक रवि ने कार चलाने की जिद की। जब रवि ने स्टेयरिंग संभाला और कुछ ही दूर पहुंचा तो कार हादसे का शिकार हो गई। चर्चा यह थी कि यदि कार पप्पू ही चलाता तो शायद हादसा नहीं होता।

बेहद गरीब है घायल रोशन

रुद्रपुर। सड़क हादसे में घायल रोशन के परिवार की माली हालत इतनी तंग है कि हादसे के बाद डॉक्टरों ने नाजुक हालत को देख उसे हल्द्वानी रेफर किया। उस वक्त परिवार के पास उपचार के लिए पैसे तक नहीं थे। जबकि डॉक्टरों ने सिर में चोट लगने के कारण जल्द ऑपरेशन करने की सलाह दी है। बस्ती के लोगों ने चंदा करना शुरू कर दिया है और सामाजिक संगठनों से रोशन को बचाने की गुहार लगाई है।

विवाह पार्टी के दौरान रिसॉर्ट में लगी आग, लाखों का नुकसान

किच्छा में रिसोर्ट से उठती आग की लपटें। ● अमृत विचार

अग्निकांड

- घटना से मौके पर मची अफरा-तफरी, दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: नगर के सितारगंज मार्ग पर ग्राम उत्तम नगर स्थित रिसोर्ट में अचानक आग लगने से मौके पर हड़कंप मच गया। घटना के दौरान रिसोर्ट में विवाह की पार्टी कार्यक्रम चल रहा था। अचानक हुई घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना पर दो दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना में करीब 8 लाख कीमत का माल जलकर खाक हो गया।

किच्छा में आग बुझाते दमकल कर्मी एवं जली हुई इमारत। ● अमृत विचार

घटना स्थल क्षेत्र उत्तर प्रदेश का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पिपलिया मोड, किच्छा निवासी हरजिंदर सिंह पुत्र स. मोहन सिंह का सितारगंज मार्ग पर उत्तमनगर गुरुद्वारा के सामने संधू रिसोर्ट नाम से बारात घर है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम संधू रिसोर्ट में विवाह कार्यक्रम आयोजित हो रहा था। इसी दौरान पहली मंजिल पर ऑफिस के निकट स्थित सामान के गोदाम में अचानक आग लग गई। कमरे में साजो- सज्जा व डेकोरेशन का सामान रखा होने के चलते कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग की ऊंची ऊंची लपटें उठने लगीं। आग के भयंकर रूप धारण करने के चलते कमरे के बाहर लगे शीशे के दरवाजे एवं खिड़कियां जोर-जोर से फटने लगे। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। रिसोर्ट स्वामी हरजिंदर सिंह ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए।

घटना की सूचना पर यूपी के बहेड़ी तथा किच्छा से दो दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में दमकल कर्मचारियों की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। रिसोर्ट स्वामी हरजिंदर सिंह ने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, अनुमान लगाया जा रहा है कि संभवतः शार्ट सर्किट के चलते घटना हुई है। उन्होंने बताया कि कमरे में विवाह कार्यक्रम को सजाने वाले डेकोरेशन का कीमती सामान तथा टेंट का सारा सामान रखा हुआ था। उन्होंने बताया कि घटना में करीब 8 लाख कीमत का टैंट एवं डेकोरेशन का माल जलकर खाक हो गया है। इस दौरान तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।

बाहर भागकर बचाई लोगों ने अपनी जान

किच्छा। उत्तम नगर स्थित संधू रिसोर्ट में जब आग लगी तो उस दौरान विवाह कार्यक्रम आयोजित हो रहा था और विवाह कार्यक्रम में करीब 500 लोगों के अलावा तमाम बच्चे मौजूद थे। अचानक आग लगने की सूचना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और विवाह समारोह में शामिल हुए लोग परिवार के साथ बाहर आकर सड़क किनारे खड़े हो गए। हालांकि रिसोर्ट में विवाह कार्यक्रम आयोजित होने वाला स्थान दूसरी दिशा में होने के चलते बड़ी घटना होने से टल गई। संभावना जताई जा रही है कि अगर विवाह कार्यक्रम के बीच वाले किसी हिस्से में अग्निकांड की घटना हुई होती तो बड़ी जनहानि भी हो सकती थी।

किसान मेला | विवि के पूर्व कुलपति डॉ. बिष्ट ने किया किसान मेले के समापन अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित

अध्ययन के साथ नई सोच विकसित करें छात्र : डॉ. बिष्ट

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: जीबी पंत विश्वविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय किसान मेले का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एप्लाइड साइंसेज भीमताल के अध्यक्ष डॉ. बीएस बिष्ट रहे। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.मनमोहन सिंह चौहान व निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेन्द्र क्वात्रा एवं निदेशक शोध डॉ. एएस नैन मौजूद रहे।

मंगलवार को विश्वविद्यालय के गांधी हाल में आयोजित समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. बिष्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर चल रहा है। अब तक नई-नई तकनीकों एवं विभिन्न फसलों की प्रजातियों को विकसित कर किसानों के द्वार तक पहुंच रहा है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों से निरंतर संपर्क बना रहता है, जिससे किसान विश्वविद्यालय में आकर नवीन तकनीकों को प्रशिक्षण एवं गोष्ठियों के माध्यम से ग्रहण करते हैं और वे इनका उपयोग अपनी खेती में करते हैं जिससे उन्हें अच्छी उपज के साथ-साथ उनकी आय में भी वृद्धि होती है। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अध्ययन करने एवं नयी सोच विकसित करने का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि आज के दौर में जहां प्रतिस्पर्धा हावी है फिर भी विश्वविद्यालय अब अपनी पहचान बनाये हुए है। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश एवं पड़ोसी देशों से किसान इस मेले में आकर विभिन्न तकनीकों की जानकारी लेते हैं। भारत देश में कृषि विश्वविद्यालयों में पंतनगर विश्वविद्यालय सर्वोत्तम स्थान पर है। देश-विदेशों में पंतनगर विश्वविद्यालय के नाम से ही उत्तराखंड राज्य को पहचाना जाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, विद्यार्थी रहे।

जीबी पंत विश्वविद्यालय में किसान मेले के समापन पर विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्रवाई

- दो दिन पूर्व कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में ट्रैक्टर से उड़ाया सामान
- आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल किया बरामद

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कोतवाली पुलिस की टीम ने दो दिन पूर्व कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में ट्रैक्टर से सामान चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सामान को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

दो दिन पूर्व ग्राम रामनगरा, थाना माधव टांडा, जिला पीलीभीत निवासी रिजवान अहमद पुत्र जलील अहमद ने सूचना दर्ज कराई थी कि उसका ट्रैक्टर कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र गैस एजेंसी रोड पर खड़ा हुआ था। इस दौरान चोरों ने ट्रैक्टर में लगे म्यूजिक सिस्टम, बैटरी तथा टूल बॉक्स में रखे सामान को चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए घटना की जांच शुरू कर दी।

पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी।

विवेचना अधिकारी उप निरीक्षक राजेंद्र पंत के नेतृत्व में पुलिसकर्मी बृजमोहन सिंह एवं विजय कुमार की टीम ने ग्राम सिसई स्थित खाद गोदाम के निकट दो संदिग्ध आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम पता पुरानी गल्ला मंडी, निकट शिव मंदिर, किच्छा निवासी वेद प्रकाश उर्फ बेदू एवं शिवकुमार उर्फ सिद्धू बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए माल को भी बरामद कर लिया।

अर्धसैन्य बलों के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर उत्तराखंड में तैनात हैं अर्धसैनिक बलों की 10 कंपनियां

किच्छा में फ्लैग मार्च करते आईटीबीपी एवं पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

दिनेशपुर में फ्लैग मार्च करते सीआरपीएफ व पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

सुरक्षा

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों ने थाना पुलिस की टीम के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान टीम ने मतदान की दृष्टि से संवेदनशील एवं अति संवेदनशील पोलिंग बूथ क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के क्षेत्राधिकारी अनिल सिंह, पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट एवं आईटीबीपी के इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में दर्जनों जवानों ने फ्लैग मार्च किया। दर्जनों की संख्या में जवानों ने सिरौली कला, वार्ड नंबर 18, वार्ड नंबर 20 एवं वार्ड नंबर 21 क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर मतदाताओं से शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। सीओ अनिल सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए उत्तराखंड में दो बटालियन टीम आई हुई है तथा स्थानीय पुलिस के सहयोग से फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन एवं नाका ड्यूटी की जा रही है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों हल्द्वानी में हुई घटना की पुनरावृति रोकने तथा आम जनमानस से शत प्रतिशत निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी के लिए जागरूकता एवं पुलिस प्रशासन के अभियान में सहयोग करने की अपील के साथ सभी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जनता से अपील के साथ-साथ अराजक तत्वों को भी चेतावनी दी जा रही है कि किसी भी प्रकार का माहौल बिगाड़ने का प्रयास ना किया जाए और शांति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हो। थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बताया कि चुनाव की दृष्टिगत थाना पुलिस की टीम द्वारा बॉर्डर पर चेकिंग अभियान के अलावा अवैध शस्त्र एवं नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है तथा अपराधिक इतिहास वाले आरोपियों को भी चिन्हित कर उनकी गतिविधियों पर निगाह रखने के अलावा फरार वारंटियों की धर पकड़ जारी है।

दिनेशपुर में पुलिस-सीआरपीएफ के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

दिनेशपुर। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर थाना दिनेशपुर और सीआरपीएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया और कई गांवों का भ्रमण कर चुनाव संबंधी गाइडलाइन से अवगत कराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि मतदान के वक्त पूर्ण निर्भयता के साथ मतदान का प्रयोग करें। मंगलवार की दोपहर को थाना अध्यक्ष अनिल जोशी की मौजूदगी में जवानों ने ग्राम बक्सौरा, आनंद खेड़ा के अलावा कई कस्बों का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील बूथों पर जाकर जवानों ने जानकारी ली और लोगों को शांतिपूर्ण एवं निडर होकर मतदान करने की अपील की। थानाध्यक्ष ने बताया कि सीआरपीएफ जवानों को मतदान केंद्र से लेकर बूथों तक पैदल भ्रमण करवाया गया है। इसके अलावा मार्गों की जानकारी प्रदान की गई है। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और सीआरपीएफ के जवान मुस्तैद है और उपद्रवियों की निगरानी शुरू हो चुकी है।

चेक बाउंस के आरोपी को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

काशीपुर, अमृत विचार : चेक बाउंस के मामले में एसीजे तृतीय की अदालत ने आरोपी को दोषमुक्त कर दिया है।

घोसीपुरा तहसील स्वार जिला रामपुर निवासी अहमद अली पुत्र भूरा ने न्यायालय तृतीय अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन की अदालत ने धारा 138 एनआई एक्ट के तहत वाद दायर कर कहा था कि उसने कुलदीप सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी दभौरा मुस्तकम तहसील काशीपुर को दो माह के लिए मिट्टी का कार्य करने के लिए वर्ष 2018 में दो लाख रुपये बिना ब्याज के दिए थे। जिसकी एवज में कुलदीप ने अहमद अली को अपने नैनीताल बैंक शाखा मुरादाबाद रोड काशीपुर चेक दिया, जो कि बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गया। जिसके उपरांत अहमद अली ने कुलदीप के विरुद्ध परिवाद दायर कर दिया।

मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता अर्पित गरोड़िया द्वारा न्यायालय में तर्क दिया गया कि परिवादी द्वारा दायर वाद कानूनी रूप से पोषणीय नहीं है। अधिवक्ता अर्पित गरोड़िया के तर्कों एवं बहस से सहमत होकर न्यायालय की पीठासीन अधिकारी एसीजे हर्षिता शर्मा ने आरोपित कुलदीप सिंह को दोषमुक्त का आदेश दिया।

शिक्षकों का सम्मान बेहद जरूरी : निशंक

संकल्प पत्र सुझाव गोष्ठी के दौरान सभा को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री निशंक।

संवाददाता, काशीपुर

गोष्ठी

- भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प पत्र सुझाव गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प पत्र सुझाव गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन तारावती सरोजनी देवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने 300 से अधिक अध्यापक एवं अध्यापिकाओं से विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सुझाव लिए और कहा कि शिक्षकों का सम्मान सर्वोपरि है, शिक्षकों द्वारा समाज के विकास की नींव रखी जाती है। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और तीसरी बार भारी बहुमत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विजयी बनाने का संकल्प दिलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर एकजुट होने का आह्वान किया। वहीं हरिद्वार लोकसभा सीट पर अपने को प्रत्याशी बनाए जाने के सवाल पर कहा कि पार्टी का निर्णय सर्वोपरि होगा। वह जनता से जुड़कर पार्टी के लिए कार्य करते रहेंगे। कार्यकम में विशिष्ठ अतिथियों के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, प्रदेश महामंत्री चौधरी खिलेन्द्र सिंह, पूर्व प्रदेश मंत्री आशीष गुप्ता एवं गुरविन्दर सिंह चंडोक, विनीत चौहान, सीमा चौहान, मोहन बिष्ट, अभिषेक गोयल, बासु शर्मा, मनोज मनराल आदि मौजूद रहे।

किच्छा में लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

विधायक ने दी राशि

- विधायक बेहड़ ने सीसीटीवी कैमरे के लिए दिए 15 लाख रुपये
- उद्योग व्यापार मंडल ने जताया विधायक बेहड़ का आभार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: नगर क्षेत्र में महिला सुरक्षा, यातायात दुर्घटना, यातायात प्रबंधन एवं अपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखने के उद्देश्य से तमाम क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधायक निधि से 15 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। विधायक ने मुख्य विकास अधिकारी को यह धनराशि पुलिस विभाग को देने का प्रस्ताव भेज दिया है।

तिलक राज बेहड़।

नितिन फुटेला।

नगर के तमाम सार्वजनिक स्थानों पर कैमरे लगाने के लिए धनराशि अवमुक्त होने पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विधायक बेहड़ का आभार जताया। ज्ञात हो कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला तथा महामंत्री विजय अरोरा ने नगर के सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए सहयोग का आग्रह किया था। विधायक बेहड़ ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि नगर क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं, यातायात व्यवस्था, अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखने तथा महिला सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा सड़क दुर्घटना के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग को लेकर उन्होंने विधायक निधि से 15 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत कर दी है। स्वीकृत की गई धनराशि को मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से पुलिस विभाग को जारी करने का प्रस्ताव भेज दिया गया है। विधायक बेहड़ ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद क्षेत्रीय जनता को सुरक्षा की दृष्टि से काफी सुविधा होगी। पुलिस प्रशासन को भी इसका लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि किच्छा विधानसभा के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा उनका दायित्व है तथा आगे भी आम जनमानस की सुरक्षा एवं सुविधाओं को लेकर हर संभव प्रयास किया जाएगा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने मांग पूरी करने पर विधायक बेहड़ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को धनराशि मिलने के बाद नगर के मुख्य चौराहों और मुख्य बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगने से अपराधों में कमी आएगी तथा घटना के बाद अपराधियों को पकड़ने में भी पुलिस प्रशासन को मदद मिलेगी। सीसीटीवी कैमरे के लिए धनराशि जारी होने के बाद व्यापारियों एवं विभिन्न संस्थाओं से जुड़े तमाम लोगों ने विधायक तिलक राज बेहड़ का आभार व्यक्त किया।

रमजान का महीना शुरू मुस्लिमों ने रखा रोजा

काशीपुर। रमजान का पवित्र महीना शुरू हो चुका है। लोगों द्वारा मस्जिदों व घरों में इबादत का एहतिमाम किया जाने लगा है।

इस्लामिक कैलेंडर के नौवें महीने को रमजान का महीना कहा जाता है। मुस्लिम धर्म में रमजान के महीने को पाक महीना माना जाता है। 11 मार्च की शाम को चांद दिखने के साथ ही तरावीह की विशेष नमाज अदा की गई। मंगलवार को रमजान का पहला रोजा रखा गया। वहीं शाम का इफ्तार कर लोगों ने रोजा खोला। उधर जमीयत उलेमा हिंद काशीपुर के महासचिव अली अनवर एडवोकेट ने सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी को पत्र प्रेषित कर धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा कर्मी की तैनाती व अल्पसंख्यक बाहुल्य इलाके में साफ-सफाई कराने की मांग की है।

काशीपुर में ध्वज यात्रा निकाली

आस्था

- मां बाल सुंदरी देवी मन्दिर में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध चैती मेले से पूर्व निकाली भव्य यात्रा
- बड़ी संख्या में लोग रहे शामिल

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : मां बाल सुंदरी देवी मन्दिर परिसर में आयोजित होने वाले उत्तर भारत के प्रसिद्ध चैती मेले के आयोजन से पूर्व ध्वज यात्रा निकाली गई। यह यात्रा चैती मेले के आयोजन से सवा महीने पूर्व निकाली जाती है।

मंगलवार को ध्वजयात्रा काशीपुर के मोहल्ला पक्काकोट से चैती मंदिर पहुची। पंडा मनोज अग्निहोत्री ने बताया कि प्रातः 9:00 बजे हवन शुरू हुआ, उसके बाद पूर्णाहुति दी गई। सभी परंपराओं को पूरा करने के बाद मां बाल सुंदरी देवी की ध्वज यात्रा नगर मंदिर से प्रस्थान कर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई शाम 4 बजे चैती मंदिर पहुंची। वहां ध्वजा स्थापित कर शोभायात्रा पांच बजे वापस नगर मंदिर पहुंची। इस दौरान पंडा बंस गोपाल, प्रधान पंडा विकास अग्निहोत्री, शक्ति अग्निहोत्री, विवेक अग्निहोत्री, राम अग्निहोत्री, बाबू लाल आदि शामिल रहे।

काशीपुर में मां बाल सुंदरी देवी की ध्वज यात्रा निकालते भक्त। ● अमृत विचार

31 मार्च है पीएचडी प्रोग्राम में आवेदन की अंतिम तिथि

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर (आईआईएम) अपने डॉक्टोरल प्रोग्राम के पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन स्वीकार कर रहा है। इनमें अर्थशास्त्र, वित्त, मानव संसाधन, सार्वजनिक नीति, जैसे विषय शामिल अन्य शामिल हैं। अभ्यर्थी सौ फीसदी प्लेसमेंट ट्रैक रिकॉर्ड के साथ आईआईएम काशीपुर में 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। काशीपुर पीएचडी प्रोग्राम के तहत कम्यूनिकेशन, अर्थशास्त्र, वित्त और लेखा, आईटी और सिस्टम्स, मार्केटिंग, ऑपरेशन मैनेजमेंट, डिसीजन साइंसेज, ओबी और ह्यूमन रिसोर्सेज, स्ट्रेटेजी और पब्लिक पॉलिसी जैसे प्रमुख विषय आते हैं।

वहीं अगर जेंडर इन्टेक की बात करें तो बैच में 27.8 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए और 72.2 फीसदी पुरुषों के लिए आरक्षित हैं। एडमीशन चेयरपर्सन अभ्रदीप मैती ने कहा कि आईआईएम काशीपुर से अभी तक डॉक्टोरल डिग्री प्राप्त करने वाले 19 शोधकर्ताओं को आईआईटी, आईआईएम, जिंदल ग्लोबल बिजनेस स्कूल, अलायंस स्कूल ऑफ बिजनेस, अलायंस स्कूल ऑफ बिजनेस आदि देश के बड़े शिक्षा संस्थाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कहा कि इच्छुक शोधकर्ता आईआईएम काशीपुर की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

भाजपा की उपलब्धियां जनता को बताएं

बैठक

- लोकसभा चुनाव संयोजक रावत ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक में लोकसभा चुनाव के संयोजक दान सिंह रावत ने कहा कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रयास करना होगा कि अधिक से अधिक मतदाता मतदान स्थल तक पहुंच कर मतदान करें।

भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता और लोकसभा चुनाव के संयोजक दान सिंह रावत ने तीनों मंडलों की चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा के 10 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों और जनता के लिए किए गए कार्यों और भविष्य की नीतियों को लेकर जनता के बीच जाकर पार्टी के पक्ष में वोट डालने की अपील करेंगे। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की जीत के लिए पूरी तरह ईमानदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश की पांचों और देशभर में 400 लोकसभा सीट जीतकर सरकार बनाने जा रही है।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष जीवन धामी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भुवन भट्ट, संतोष अग्रवाल, अमित कुमार पांडे, दीपक तिवारी, कपिल सामंत, किशन सिंह किन्ना, अनुपम शर्मा, अनीता ज्याला, स्वाति मिश्रा, रेनू भंडारी, ललित बिष्ट, सुरेश जीना, नवल वाल्मीकि, हिमांशु बिष्ट, हिमांशु अग्रवाल, मोहन जोशी, राहुल सक्सेना, राहुल चौहान रहे।

खटीमा में भाजपा कार्यकर्ताओं की चुनावी समीक्षा बैठक को संबोधित करते लोकसभा चुनाव संयोजक दान सिंह रावत।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का स्वागत

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: विगराबाग के एक प्रतिष्ठान के सभागार में आयोजित स्वागत समारोह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

समारोह में पीसीसी सदस्य बॉबी राठौर ने कहा कि इस समय पूरे देश में बदलाव की बयार बह रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने युवाओं के लिए की गई पांच गारंटी जिसमें हर डिग्री, डिप्लोमा धारक को आप्रेंतिशिप और प्रतिवर्ष एक लाख देने की गारंटी के साथ ही पूरे देश के रिक्त पड़े 30 लाख पदों की भर्ती करने सहित पांच गारंटी दी है। समारोह में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद चंद द्वारा किए गए कार्यकारिणी विस्तार में नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और पत्र सौंपे गए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनता अब भाजपा सरकार से उब चुकीहै और बदलाव चाहती है। कहा कि भाजपा की कुनीतियों का जवाब जनता देगी। स्वागत समारोह में नगर अध्यक्ष रवीश भटनागर, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्य, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर, जिला पंचायत सदस्य अरविंद कुमार, राजकिशोर सक्सेना, बंडिया ब्लॉक अध्यक्ष मान सिंह, प्रदेश सचिव रेहान अंसारी, नरेश चंद, नवीन राणा, देवेंद्र चंद, लक्ष्मण राणा आदि थे।

राजनीति | बोले-लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 से ज्यादा सीटों पर भारी मतों से होगी विजयी

उद्योगपति लवली हुड़िया समर्थकों संग भाजपा में शामिल

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: अनाज मंडी में आयोजित बैठक में विधायक अरविंद पांडे के प्रयासों से उद्योगपति लवली हुड़िया अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान हुड़िया ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 से ज्यादा पर विजयी रहेगी

मंगलवार को पुरानी अनाज मंडी में नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के चुनावी कार्यालय का विधायक अरविंद पांडे एवं लोकसभा प्रभारी कमलेंद्र सेमवाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर आयोजित जनसभा में विधायक अरविंद पांडे के प्रयासों से युवा उद्योगपति लवली हुड़िया ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान लोकसभा प्रभारी कमलेंद्र सेमवाल विधायक अरविंद पांडे ने लवली हुड़िया और उनके समर्थकों का माला पहनकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक अरविंद पांडे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट 5 लाख से अधिक वोटो से विजई होंगे। इस दौरान भाजपा में शामिल लवली हुड़िया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

इस दौरान लवली हुड़िया के साथ ही डिंपल आहूजा, विशाल रस्तोगी, गौरव मदान, राहुल उर्फ जुगनू, अंकित मुंजाल, सुखदेव ढींगरा, बलदेव ढींगरा, वासु ढींगरा, कन्हैया ढींगरा, रोहित पोपली, रजत हुड़िया, रॉबिन फुटेला, अमन ठुकराल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की इस मौके पर विधायक अरविंद पांडे, कमलेंद्र सेमवाल, सुरेश खुराना, महेंद्र कालड़ा, भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष ज्योति अरोरा, अनादिरंजन मंडल, अशोक हुड़िया, राकेश भुड्डी, महेंद्र सिंह पानू, भगत सिंह धर्मसक्तू, संतोष गुप्ता, डिंपल आहूजा, ओमप्रकाश डोगरा, रविंद्र बजाज, अभिषेक वर्मा, अनिल जेटली, जितेंद्र चन्ना, बलदेव सिंह, सीमा सरकार, अंजू भुड्डी, अनिता दुबे, पूनम ग्रोवर, अनिता शाह, ज्योति शर्मा, राजबाला चौहान आदि रहे।

उद्योगपति लवली हुड़िया का भाजपा पार्टी में शामिल होने के बाद माल्यार्पण कर स्वागत करते विधायक अरविंद पांडे एवं अन्य।

शराब तस्कर समेत दो वारंटी गिरफ्तार किए

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने नशे के विरुद्ध एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक नशा तस्कर सहित दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

लंबे समय से फरार चल रहे ग्राम शहदौरा, थाना पुलभट्टा, जिला उधम सिंह नगर निवासी रमजान शाह एवं ग्राम बरा, थाना पुलभट्टा निवासी रणजीत सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों वारंटियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। अन्य मामले में पुलिस ने बीती देर रात्रि चेकिंग के दौरान घेरा फॉर्म तिराहे पर बाइक पर सवार युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने बाइक सवार आरोपी ग्राम डोडा बसगर, थाना सितारगंज, जिला उधमसिंह नगर निवासी सतनाम सिंह को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की बाइक को सीज कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के साथ उप निरीक्षक पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल रविकांत शुक्ला, आरक्षी इंद्रप्रकाश एवं अनिल कुमार शामिल रहे।

दो शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

काशीपुर। कोतवाली पुलिस व आईटीआई पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस को कच्ची शराब बरामद हुई। दोनों का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान टांडा उज्जैन ढकिया मोड़ के पास कच्ची शराब बेचते ग्राम खाईखेड़ा निवासी बलदेव सिंह पुत्र करनैल सिंह को 33 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं आईटीआई पुलिस ने भी लोहियापुल बार्डर क्षेत्र से छोटी बरखेड़ी निवासी निर्मल सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 32 लीटर कच्ची शराब बरामद की। उधर पुलिस ने एक वारंटी रोहित निवासी टांडा उज्जैन को भी गिरफ्तार किया।

माफिया मशीनों को नदी में उतार खुले आम कर रहे अवैध खनन

शांतिपुरी में इन दिनों फल-फूल रहा अवैध कारोबार, पुलिस और प्रशासन है बेखबर

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार : शातिंपुरी क्षेत्र नंबर तीन व चार में अवैध खनन का कार्य इन दिनों खूब फल-फूल रहा है। खनन माफिया ने पुलिस व प्रशासन के नाक तले बड़ी मात्रा में गोला नदी ओर खेतों के किनारे से बगैर अनुमति जेसीबी मशीन की सहायता से ट्रैक्टर-ट्रालियों, बुग्गियों और हाईवा से खेत खलिहानों में रेता-बजरी स्टॉक कर नजदीकी स्टोन क्रेशरो में बेच रहे है। शांतिपुरी गोला नदी से इन दीनों ट्रैक्टर-ट्रालियों तथा बुग्गियों के माध्यम से खेत खलिहानों में चोरी-छिपे रेता बजरी का स्टॉक कर दिन ,रात्रि अथवा प्रभात के समय बड़ी गाड़ियों से इसकी सप्लाई क्रेशरों को की जा रही है।

यहां शांतिपुरी नंबर तीन, चार, चंद्रपुरी, शिवनगर आदि क्षेत्रों में पुराने पट्टों के रस्ते करीब चार से पांच स्थानों पर खनन माफिया दिन रात में चोरी छिपे पहले ट्रेक्टर-ट्रालियों व बुग्गियों के माध्यम से अपने खोतों व खलिहानों में रेता बजरी स्टॉक कर रहे हैं। जिसके तुरंत बाद वह खोदे गये स्थानों पर पुनः जेसीबी की मदद से गढ़ों को पाट देते हैं।

शांतिपुरी में अवैध रेता खेत में स्टॉक करते माफिया। ● अमृत विचार

शांतिपुरी नंबर चार में एक खनन पट्टे की स्वीकृति है। इसके अलावा तय मानकों के अनुरूप हम लगातार अवैध खनन रोकने के लिए छापेमारी कर रहे हैं। जिसमें कई वाहनों को पकड़ कर उनके खिलाफ कार्यवाही भी की गयी है। **–कौस्तुभ मिश्रा**, एसडीएम किच्छा

प्रशासनिक ढिलाई के कारण बड़ी मात्रा में अवैध खनन का सस्ता रेत-बजरी स्टोन क्रेशरों को लगातार सप्लाई हो रहा है। जिसके कारण डबल बीमा व डबल टैक्स तथा प्राइवेट फिटनैस का अतिक्त खर्चा वहन करने के बावजूद लगातार हमारे रेटों में कटौती की जा रही है। **–कविन्दर कोरंगा**, अध्यक्ष वाहन यूनियन इमलीघाट

वहीं कुछ स्थानों में सीधे मशीनों को नदी में उतार कर मौका पाते ही खोदे गये उपखनिज की सप्लाई बड़ी गाड़ियों से क्रशरों को करके मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। इस पूरे काम को अनजाम देने के लिए खनन माफियाओं का काफी मजबूत नेटवर्क काम करता है। जो हर एक चौराहों व निकासी मार्ग पर पैनी नजर रख पुलिस, खनन व राजस्व अधिकारियों के आने की सूचना खनन माफियाओं को पहले ही दे देते हैं।

जिससे अधिकांश समय वह पुलिस व प्रशासन की पकड़ में आने से बच जाते हैं। आलम यह है कि अवैध खनन से जहां सरकार को करोड़ों का राजस्व नुक्सान हो रहा है वहीं सस्ते में चोरी का माल मिलने से नदी में पंजीकृत वाहन स्वामियों को स्टोन क्रेशरों में उचित रेट नहीं मिल पा रहे हैं। मामले में जानकारी चाहने हेतु पंतनगर एसओ आरएस डांगी से दूरभाष पर कई बार संपर्क किया लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों पर कसा शिकंजा

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर खैरना पुलिस ने विशेष चैकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों पर शिकंजा कस दिया है। नियमों का उल्लघंन करने वाले पंद्रह छोटे बड़े वाहनों का चालान कर साढ़े सात हजार रुपये जुर्माना वसूला। शांति व्यवस्था बिगाड़ने पर चार लोगों के पुलिस एक्ट में चालान किए गए। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने कहा की नियमों का उल्लघंन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

खैरना चौकी पुलिस की टीम ने चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की अगुवाई में हाइवे पर भोर्यो बैंड के समीप विशेष चैकिंग अभियान चलाया। पुलिस के एकाएक चले अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम ने तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग, बगैर कागजात वाहन दौड़ा रहे करीब पंद्रह वाहन चालकों के चालान कर साढ़े सात हजार रुपये जुर्माना वसूला। बाजार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बिगाड़ने पर चार लोगों का पुलिस एक्ट में चालान कर एक हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। चेतावनी दी की नियमों का उल्लघंन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान राजेंद्र सती, जगदीश धामी, प्रयाग जोशी आदि मौजूद रहे।

एनडीआरएफ जवानों ने दी आपदा प्रबंधन की जानकारी

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : एनडीआरएफ की 15वीं बटालियन के जवानों तथा एनएसएस की छात्राओं ने कैंप में स्कूली छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।

मंगलवार को गूलरभोज रोड पर स्थित रेड रोज जूनियर स्कूल में एनडीआरएफ की 15वीं बटालियन के जवानों ने स्कूल सेफ्टी कैंप का आयोजन किया।

बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार दराल के दिशा निर्देशन में एसआई दीपक कठायत के नेतृत्व में जवानों ने छात्र-छात्राओं को बाढ़, भूकंप और आगजनी सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं में बचाव के बारे में जानकारी दी। शिविर में छात्र-छात्राओं को डेमो के माध्यम से प्राथमिक उपचार, स्टेचर निर्माण और आपदा में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने के बारे में भी जानकारी दी गई।

छात्र-छात्राओं को आपदा के बारे में जानकारी देते एनडीआरएफ के जवान।

स्कूल प्रबंधक अजायब सिंह धालीवाल ने कहा की इस प्रकार के कैंप आयोजन से छात्राओं में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और मुश्किल समय में लोगों को सहायता उपलब्ध करा सकेंगे। इस दौरान छात्राओं ने आपदा प्रबंधन के जरूरी उपाय सीखने के साथ ही दूसरों की मदद हेतु हमेशा तत्पर बने रहने की प्रतिज्ञा ली। इस मौके पर डा. अर्चना वर्मा, मनोज पनेरू, अमित कुमार, बलबीर सिंह, दीपक जोशी, कमला, महेश कैंथरा सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं जवान मौजूद थे।

लापता किशोरी की तलाश में जुटी पुलिस

खटीमा। शिव कलोनी निवासी महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसकी नाबालिक पुत्री 10 मार्च की सुबह चार बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई है। इधर खोजबीन के बाद उसका कोई पता नहीं चला है। पीड़िता ने पुलिस से पुत्री की गुमशुदगी दर्ज कर उसका पता लगाने की गुहार की है। जिसपर पुलिस ने पीड़िता की तरह पर तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी का पता लगाने में जुटी है।

पत्रकार नीरज को मातृ शोक

खटीमा। पत्रकार नीरज कश्यप की माताजी माया देवी (61) पत्नी राम बहादुर निवासी हनुमान मंदिर के सामने वाली गली का आज दोपहर में निधन हो गया है। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहीं थीं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार प्रात: नौ बजे टनकपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

माया देवी।

संजीव बरेली डिपो संचालन शाखा के अध्यक्ष बने

बरेली, अमृत विचार : यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन के बरेली डिपो संचालन शाखा का वार्षिक चुनाव मंगलवार को पुराने बस अड्डे पर हुआ। चुनाव अधिकारी रविन्द्र पांडे और राम कुमार उपाध्याय की मौजूदगी में हुए चुनाव में संजीव कुमार गुप्ता को निर्विरोध शाखा अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा चहर पंकज कुमार सिंह को शाखा मंत्री और अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया।

ग्राम परिक्रमा यात्रा का स्वागत

खटीमा के सुनपहर में यात्रा के दौरान किसान मोर्चा के पदाधिकारी और अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : ग्राम परिक्रमा यात्रा के तहत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नौसर मंडल की बैठक अध्यक्ष जस्सी सेखो के आवास पर सुनपहर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को जोर शोर के साथ लड़ने और नैनीताल उधमसिंह नगर सीट को पांच लाख के अंतर से जीतने का आह्वान किया गया।

उत्तराखंड किसान आयोग उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि भाजपा प्रदेश की पांचों सीटों पर परचम लहराएगी। बैठक में जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा, जिला प्रभारी इन्द्र पाल सिंह मान, जिला महामंत्री ईश्वरी दत्त पांडये, जिला मंत्री सुदेश सिंह, विधानसभा विस्तारक आलोक तिवारी, विधानसभा पालक डॉ नवीन भट, बलराज सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी जगदीप सिंह, प्रीति राणा, नरेन्द्र राणा, परविंदर सिंह, हरी सिंह, सुखवीर सिंह, परमजीत सिंह, मनप्रीत सिंह आदि थे।

दो दिवसीय स्टार्टअप बूस्ट कैंप शुरू

भीमताल : देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित परिसर में दो दिवसीय स्टार्टअप बूस्ट कैंप का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि बिड़ला संस्थान भीमताल के निदेशक प्रो. वीके सिंह ने स्वरोजगार योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर के निदेशक प्रोफेसर एलके सिंह ने की। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के पूर्व छात्र राहुल वत्स ने स्टार्टअप प्रारंभ करने के बारे में जानकारी दी। वेबक्योर सनराइज इंडिया के संस्थापक महेश चंद्र पनेरु, सीमा बिष्ट, नोडल अधिकारी प्रोफेसर कुमुद उपाध्याय, संयोजक डॉ तीरथ कुमार एवं डॉ आशीष बिष्ट आदि मौजूद रहे।

स्टार्टअप बूस्ट कैंप में अतिथि का स्वागत करते प्रोफेसर।

उचित स्थान पर बने ट्रंचिंग ग्राउंड

संवाददाता, गरमपानी

समस्या

- पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों ने उठाई मांग
- हाइवे पर स्थित बाजार क्षेत्रों में बिगड़ती व्यवस्था पर जताई नाराजगी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर टंचिग ग्रांउड निर्माण की मांग जोर पकड़ने लगी है।

गंदगी निस्तारण न होने से बाजार क्षेत्रों में व्यवस्था बिगड़ने लगी है। पर्यटकों व यात्रियों के न रुकने से पर्यटन व्यवसाय भी प्रभावित होता जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों ने टंचिग ग्रांउड निर्माण की पुरजोर मांग उठाई है ताकी समस्या का स्थाई समाधान हो सके।

हाइवे पर स्थित गरमपानी, खैरना, छड़ा, जौरासी, नावली, काकड़ीघाट, सुयालखेत, सुयालबाड़ी आदि बाजार क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण एक बड़ी समस्या बन चुका है।

समय पर कूड़ा निस्तारण न होने से बाजार क्षेत्रों में गंदगी का अंबार लग जा रहा है। गंदगी होने से हाइवे पर आवाजाही करने वाले यात्री व पर्यटकों ने भी बाजार क्षेत्रों में रुकना छोड़ दिया है।

पर्यटकों व यात्रियों के मुंह मोड़ लेने से स्थानीय व्यापारियों का व्यवसाय भी चौपट हो चुका है। वहीं संक्रामक बिमारियों के फैलने का खतरा भी बना रहता है।

हालांकि बाजार क्षेत्रों से जिला पंचायत के वाहन से कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था है पर दिनों दिनों तक वाहन के न आने से व्यवस्था बिगड़ जा रही है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुबेर सिंह जीना, विरेन्द्र सिंह बिष्ट, मनीष तिवारी, गजेन्द्र सिंह नेगी, गोविन्द सिंह, विरेन्द्र मेहरा, महेंद्र सिंह बिष्ट, विक्रम सिंह बिष्ट आदि ने बाजार क्षेत्रों के कूड़ा निस्तारण को उचित स्थान चिन्हित कर टचिंग ग्राउंड निर्माण की मांग उठाई है ताकि बाजार क्षेत्रों का कूड़ा आसानी से निस्तारण किया जा सके। व्यापारियों ने समस्या का जल्द समाधान किए जाने पर जोर दिया है।

विधायक ने किया आरसीसी शेड के निर्माण का शिलान्यास

रुद्रपुर : विधायक शिव अरोरा ने जगतपुरा मुखर्जी नगर क्षेत्र में जिला योजना के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय जगतपुरा में सार्वजनिक स्थल पर 28 लाख की लागत से आरसीसी शेड के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मंगलवार को शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। मुखर्जी नगर में आरसीसी शेड का निर्माण क्षेत्र की पुरानी मांग थी। जिला योजना से स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुरेश कोली, धीरेश गुप्ता, राधेश शर्मा, निमित शर्मा, राजेश जग्गा, बलाई विश्वास मौजूद रहे।

निशुल्क शिविर में 60 से अधिक लोगों ने कराई आंखों की जांच

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : भाजपा ओबीसी मोर्चा के बैनर तले नगर के वार्ड नंबर 16 में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब पांच दर्जन लोगों ने अपने आंखों की जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया।

शिविर में गंभीर रोगों से पीड़ित 20 मरीजों का निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं शिविर आयोजक मुकेश राठौर ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से चयनित किए गए 20 नेत्र रोगियों का निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर गरीब लोगों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन कराया गया है। मौके पर विशाल चौहान, केशव सिंह, नंदकिशोर राठौर, भीमसेन, आकाश कुमार, दिलजीत सिंह, सुरेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

किच्छा में आयोजित शिविर में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

श्रम कार्यालय में उमड़ी भीड़, लोग परेशान

- काउंटर बंद होने व कर्मचारियों के खराब रवैये से नाराजगी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : श्रम विभाग के नैनीताल रोड स्थित कार्यालय में मंगलवार को भी श्रमिकों की भारी भीड़ रही। पंजीकृत श्रमिक इन दिनों श्रम कार्ड के नवीनीकरण, छात्रवृत्ति अनुदान का लाभ लेने समेत अन्य काम कराने के लिए श्रम कार्यालय आ रहे हैं लेकिन काम न होने से श्रमिकों में काफी नाराजगी है।

बीते सोमवार को भी कार्यालय में श्रमिकों की भीड़ रही थी। खासकर पर्वतीय क्षेत्र से आने वाले लोगों के काम न होने से उन्हें दिक्कतें हो रही हैं। विभाग के कर्मचारियों के रवैये से लोगों में नाराजगी है। ओखलकांडा, गरमपानी आदि क्षेत्र से लोग कई दिनों से अपने काम कराने के लिए प्रतिदिन हल्द्वानी आ रहे हैं जबकि कुछ हल्द्वानी में ही रूके हैं लेकिन उनका काम नहीं हो पा रहा है।

हल्द्वानी श्रम कार्यालय में पहुंची महिलाएं। ● अमृत विचार

ओखलकांडा से आई एक महिला ने बताया कि वह लगातार दो सप्ताह से आ रही हैं लेकिन अभी तक उनका काम नहीं हुआ। इसी तरह गरमपानी से आई एक महिला ने बताया कि वह बच्चे के छात्रवृत्ति से संबंधित काम कराने आई हैं लेकिन पिछले तीन दिनों से उसका काम नहीं हो पाया।

अन्य महिलाओं ने कहा कि कर्मचारी कभी साइट बंद होने की बात कर रहे हैं तो कभी किसी अन्य कारण का हवाला देकर काउंटर बंद कर रहे हैं। पहाड़ के साथ ही हल्द्वानी के श्रमिक भी पिछले 2-3 दिनों से आ रहे हैं।

उनका कहना है कि आचार संहिता से पहले हर कोई काम कराना चाहता है लेकिन कर्मचारी सहयोग नहीं कर रहे हैं और अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं हैं जिससे उनके काम नहीं हो पा रहे हैं। इधर, श्रम निरीक्षक पूनम कांडपाल ने बताया कि वह अवकाश पर चल रही हैं।

कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

काशीपुर रेलवे स्टेशन के स्टॉल का वर्चुअली शुभारंभ

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में देश में चलने वाली 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही एक स्टेशन एक उत्पाद कार्यक्रम को भी प्रमोट किया। इस क्रम में काशीपुर रेलवे स्टेशन में भी रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गये।

मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक स्टेशन एक उत्पाद के अंतर्गत इज्जतनगर मंडल के काशीपुर, कन्नौज, कासगंज, इज्जतनगर, पीलीभीत एवं काठगोदाम रेलवे स्टेशनों पर स्टॉल/ट्रॉली का वर्चुअली शुभारंभ किया। वहीं काशीपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार से खुले प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का भी उद्घाटन किया गया। इस दौरान कई यात्रियों व अन्य लोगों ने सस्ती दवाएं भी खरीदीं। कार्यक्रम में केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई, भाजपा प्रदेश महामंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, नगर मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गोयल, राजेन्द्र सिंह सैनी, तहसीलदार पंकज चंदोला, सीएमएस खेमपाल, सुरेश शर्मा, विमल गुड़िया, राकेश गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल, मुकेश रावल, उषा शर्मा, भीम सिंह चौधरी, ईश्वर चन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

काशीपुर रेलवे स्टेशन पर जनऔषधि केन्द्र के शुभारंभ के मौके पर मौजूद अतिथिगण। ● अमृत विचार

जिस जाति की संख्या भारी, उसी का बसपा प्रत्याशी

लखनऊ, अमृत विचार : राजग और इंडी गठबंधन से दूर बहुजन समाज पार्टी खामोशी से लोकसभा चुनाव में ताकत दिखाने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। पार्टी प्रमुख मायावती दलित समाज के साथ अन्य जातीय मतों के ध्रुवीकरण की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर सीटें जीतने की गणित को महत्व दे रही हैं। टिकट देने का सूत्र तय हुआ है कि जिस जाति की संख्या भारी, उसी का हो बसपा प्रत्याशी। पांच सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा में इसका साफ संदेश दिया गया है। बसपा इसबार लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों की घोषणा मुख्यालय के बजाय क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर के जरिए कर रही है।

नेशनल क्रिएटर अवार्ड सूची में किच्छा के दानिश भी नॉमिनेट

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : प्रधानमंत्री मोदी ने देश की कई युवा हस्तियों को नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कथावाचक जया किशोरी, लोकगायिका मैथिली ठाकुर और आरजे रौनक समेत कई युवा हस्तियों को सम्मानित किया।

केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर से चुनिंदा लोगों को ही आमंत्रित किया गया था। तथा उनमें से भी कुछ ही लोगों को नोमिनेट किया गया। नोमिनेट सूची में किच्छा के युवा दानिश मलिक ने अपना नाम दर्ज कराकर नगर का मान बढ़ाया। दानिश सोशल मीडिया पर ई कॉमर्स, ड्राप शिपिंग तथा ऑनलाइन बिज़नेस से सम्बंधित जानकारी मुहैया कराते हैं।

किच्छा निवासी दानिश एवं पीएम मोदी के कार्यक्रम की तस्वीर। ● अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रदोषे दीपक : चन्द्र :,प्रभाते दीपक :रवि : ।
त्रैलोक्ये दीपक :धर्म :, सुपुत्र : कुलदीपक : ।।

संध्या काल में चन्द्रमा दीपक है, प्रभात काल में सूर्य दीपक है, तीनों लोकों में धर्म दीपक है और सुपुत्र कूल का दीपक है।

संपादकीय

सीएए का विरोध

लंबे इंतजार और तमाम विरोध के बाद सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पूरे देश में लागू कर दिया गया। वर्ष 2019 में सीएए दोनों सदनों से पास हुआ था जिसके बाद देश में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में कई महीने तक धरना प्रदर्शन चला था। विरोध के पीछे यह तर्क दिया जा रहा था कि यह कानून मुसलमानों की नागरिकता छीन लेगा। इसी तर्क के साथ सीएए के लागू होने के बाद फिर विरोध शुरू होने लगा है। कानून लागू होने के बाद देश की राजनीति गरमा गई है। विपक्षी पार्टियां विरोध में उतर आ आईं हैं। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि वे बंगाल में इस कानून को लागू नहीं करेंगी। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन भी कानून का विरोध करते हुए इसको राज्य में न लागू करने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा लोकसभा चुनाव में लाभ के लिए तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। इस कानून को लागू करने से भाजपा को आगामी चुनाव में कितना फायदा मिलेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन विपक्षी पार्टियों के विरोध के बाद सवाल उठता है कि संसद द्वारा पारित कानून को लागू न करने की बात कहना कितना सही है। सर्वविदित है कि संसद द्वारा पारित किसी भी कानून को कोई भी राज्य सरकार राज्य में लागू होने से नहीं रोक सकती है। उसके बाद भी यह कहना कि हम राज्य में कानून लागू नहीं होने देगें, जनता को बरगलाने के सिवाय और कुछ नहीं है। केन्द्र सरकार द्वारा बार-बार इस बात का आश्वासन दिया जाता रहा है कि यह नागरिकता देने वाला कानून है न कि नागरिकता छीनने का कानून।

गौरतलब है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता मिल सकती है। इन देशों के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदायों के व्यक्ति जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश किया था, कानून के तहत नागरिकता मांग सकते हैं। कानून का विरोध करने वालों का यह कहना है कि इस कानून में बाहर से आए मुसलमानों को नागरिकता देने का प्रावधान क्यों नहीं है? जबकि भारत की संस्कृति में 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अवधारणा रही है। यह बात सही है कि भारतीय संस्कृति समस्त धरती को अपना घर मानती आई है, लेकिन क्या यह सत्य नहीं है कि बांग्लादेश से आए रोहिंग्या मुसलमानों ने अवैध रूप से देश में कब्जा नहीं कर रखा है, जो आए दिन देश विरोधी गतिविधियों में संलग्न पाए जाते हैं। यही स्थिति पाकिस्तान से आए लोगों की है, जो आए दिन देश की संप्रभुता व शांति को चुनौती देते हैं। देश की पार्टियों और विरोध करने वाले संगठनों को स्वहित में सोचने के बजाय देश हित सोचना चाहिए।

धर्मः मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना।

अनेक लोग हैं जो कार्ल मार्क्स के धर्म संबंधी विचारों को विकृत रूप में व्याख्यायित करते हैं। वे मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं को गलत देखते हैं फिर सभी मार्क्सवादियों पर हमला आरंभ कर देते हैं। सवाल यह है क्या मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं से धर्म की कोई सही समझ बनती है? क्या दुनिया में मार्क्सवादी धर्म के बारे में एक ही तरह सोचते हैं? कार्ल मार्क्स ने अपनी धर्म संबंधी मान्यताओं का विकास हेगेल की न्याय संबंधी मान्यताओं के मूल्यांकन के क्रम में किया था। मार्क्स ने लिखा, धार्मिक व्यथा, एक साथ वास्तविक व्यथा की अभिव्यक्ति तथा वास्तविक व्यथा का प्रतिवाद दोनों हैं।

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना। मौजूदा हालात के संबंध में भ्रमों का परित्याग करने की मांग उन हालात के परित्याग की मांग करती है जिनके लिए भ्रम जरूरी बन जाते हैं। अतः धर्म की आलोचना भ्रूण रूप में आंसुओं की घाटी, धर्म जिसका प्रभामंडल है, की आलोचना है। यानी धर्म के अंत की शर्त है वास्तविक सुखों की सृष्टि, जब तक वास्तविक सुख पैदा नहीं कर पाते तब तक धर्म रहेगा। आम लोगों के दुख रहेंगे और आंसू भी रहेंगे। मार्क्स ने धर्म को उत्पीड़ित प्राणी की आह के रूप में देखा। धर्म के अंत का अर्थ है मनुष्य के दुखों का अंत। इस अर्थ में धर्म और दुख का गहरा संबंध है।

मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा है, "अधार्मिक आलोचना का आधार हैः मनुष्य धर्म की रचना करता है, धर्म मनुष्य की रचना नहीं करता है। धर्म मनुष्य की स्व-चेतनता और स्व-प्रतिष्ठा है, ऐसे मनुष्य की जो अभी तक अपने आपको जान नहीं पाया है या फिर फिर से भटक गया है, लेकिन मनुष्य जिसने इस संसार से बाहर पड़ाव डाल रखा हो, कोई अमूर्त प्राणी नहीं है।

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिक युग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।

मनुष्य तो मनुष्य का संसार,राज्य और समाज है। मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा-धर्म, संसार का सामान्य सिद्धांत है, वह इसका सर्वज्ञान गुटका है, इसकी लोकप्रचलित तर्कपद्धति है, इसका आध्यात्मिक कीर्ति शिखर है, इसकी उमंग है, इसकी नैतिक स्वीकृति है, इसका भव्य अभिनंदन है, यह संतोष और औचित्य स्थापना का सार्वभौमिक स्रोत है। यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, यद्यपि इसके मानवीय सारतत्व में सच्ची वास्तविकता निहित नहीं है। अतः धर्म के विरूद्ध संघर्ष का मतलब है, उस संसार के विरूद्ध किया जाने वाला परोक्ष संघर्ष, धर्म जिसकी आध्यात्मिक सुरभि है। यानी धर्म को समग्रता में देखना चाहिए,उसे अंशों में नहीं देखना चाहिए। इसलिए मार्क्स ने धर्म को सर्वज्ञान गुटका कहा है। धर्म मात्र पूजा या ईश्वर नहीं है, बल्कि उसका एक तर्कशास्त्र है, संस्कार है, यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, धर्म के खिलाफ लड़ने का अर्थ है उसके द्वारा रचे संसार के खिलाफ संघर्ष करना।

अनेक धर्म विरोधी लोग अपनी संतई चमकाने के लिए धर्म के अंश विशेष की आलोचना करते हैं, लेकिन धर्मरचित समग्र संसार की आलोचना से कन्नी काटते हैं। इस प्रसंग में प्रेमचंद उल्लेखनीय हैं, उन्होंने लिखा है, इस अनीति भरे संसार में धर्म-अधर्म का विचार गलत है, आत्मघात है और जुआ खेलकर या दूसरों के लोभ और आसक्ति से फायदा उठाकर संपत्ति खड़ी करना उतना ही बुरा या अच्छा है जितना कानूनी दांव-पेंच से। भारत के देवभक्तों को प्रेमचंद के इस कथन पर गौर करना चाहिए। देवता हमेशा रहेंगे और हमेशा रहे हैं। उन्हें अब भी संसार धर्म और नीति पर चलता हुआ नजर आता है। वे अपने जीवन की आहुति देकर संसार से विदा हो जाते हैं,लेकिन उन्हें देवता क्यों कहो? कायर कहो, स्वार्थी कहो, आत्मसेवी कहो। देवता वह है,जो न्याय की रक्षा करे और उसके लिए प्राण दे दे। अगर वह जानकर अनजान बनता है तो धर्म से फिरता है, अगर उसकी आंखों में यह कुव्यवस्था खटकती ही नहीं तो वह अंधा भी है और मूर्ख भी, देवता किसी तरह नहीं और यहां देवता बनने की जरूरत भी नहीं।

देवताओं ने ही भाग्य और ईश्वर और भक्ति की मिथ्याएं फैलाकर इस अनीति को अमर बनाया है। मनुष्य ने अब तक इसका अंत कर दिया होता या समाज का ही अंत कर दिया होता, जो इस दशा में जिंदा रहने से कहीं अच्छा होता। नहीं, मनुष्यों में मनुष्य बनना पड़ेगा। दरिंदों के बीच में उनसे लड़ने के लिए हथियार बांधना पड़ेगा। उनके पंजों का शिकार बनना देवतापन नहीं, जड़ता है। आज जो इतने ताल्लुकेदार और राजे हैं वह अपने पूर्वजों की लूट का ही आनंद तो उठा रहे हैं और क्या उन्होंने वह जायदाद बेचकर पागलपन नहीं किया? पितरों को पिंडा देने के लिए गया जाकर पिंडा देना और यहां आकर हजारों रुपए खर्च करना क्या जरूरी था? और रातों को मित्रों के साथ मुजरे सुनना और नाटक-मंडली खोलकर हजारों रुपए उसमें डुबाना अनिवार्य था? वह अवश्य पागलपन था। उन्हें क्यों अपने बाल-बच्चों की चिंता नहीं हुई? अगर उन्हें मुफ्त की संपत्ति मिली और उन्होंने उड़ाया तो उनके लड़के क्यों न मुफ्त की संपत्ति भोगें? अगर वह जवानी की उमंगों को नहीं रोक सके तो उनके लड़के क्यों तपस्या करें?"

न्याय-अन्याय के सवाल आज भी प्रासंगिक हैं इस पर प्रेमचंद ने लिखा, कहां है न्याय? एक गरीब आदमी किसी खेत से बाली नोचकर खा लेता है, कानून उसे सजा देता है। दूसरा अमीर आदमी दिन-दहाड़े दूसरों को लूटता है और उसे पदवी मिलती है, सम्मान मिलता है। कुछ आदमी तरह-तरह के हथियार बांध कर आते हैं और निरीह, दुर्बल मजदूरों पर आतंक जमाकर अपना गुलाम बना लेते हैं। लगान, टैक्स व महसूल और कितने ही नामों से उसे लूटना शुरू करते हैं और आप लंबा-लंबा वेतन उड़ाते हैं, शिकार खेलते हैं, नाचते हैं, रंग-रेलियां मनाते हैं। यही है ईश्वर का रचा हुआ संसार? यही न्याय है?

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिकयुग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।

प्रसंगवश

मनुष्य और व्यवहार



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

मनुष्य का चिंतन और व्यवहार रहस्यों से भरा हुआ है। मनुष्य महसूस कर सकता है कि वह स्वतंत्र है, किंतु वस्तुतः है नहीं। वह बाह्य जगत से, अपने परिवेश से तो बंधा है ही, स्वयं से भी बंधा है। आंतरिक बंधन जितना महीन उतना ही मजबूत।

मनुष्य को साधारणतः उसका एहसास ही नहीं होता। होश संभालने का मतलब स्वयं का और बाह्य जगत का पार्थक्य-बोध। बाह्य जगत से मनुष्य भले स्वतंत्र हो जाए,स्वयं से स्वतंत्र होना असंभव। असली बंधन वही है। एक उदाहरण। सुसंगतता और लोकप्रियता का द्वंद्व सुसंगत बने रहने के लिए मनुष्य को जेन्यूइन,तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ होना पड़ता है। उसकी प्रतिबद्धता अंदरूनी होती है,वह उसका झंडा नहीं गाड़ता। हर मुद्दे पर परस्पर सुसंगत स्टैंड लेना उचित, तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ हुए बिना असंभव है।

यदि लोक स्वीकृति की भूख लगातार बनी रहे तो कोई सुसंगत नहीं रह सकता। लोक-स्वीकृति समय के प्रवाह के साथ रुख बदलने को बाध्य करती है। सुसंगतता और लोक स्वीकृति में से एक का चयन करना पड़े तो? इस तरह के चयन की सुविधा मनुष्य को उपलब्ध नहीं,क्योंकि वह करेगा वही जो उसकी मानसिक संरचना और अंतर्निहित प्रवृत्ति के अनुरूप होगा। यानी उसकी चेतना की प्रकृति में निहित होगा। स्वयं के संबंध में वह विवश है, जिसे लोक-स्वीकृति चाहिए,उसे सुसंगतता की परवाह नहीं होगी। उसके लिए सुसंगतता वहीं तक जहां तक वह लोक-स्वीकृति के साथ चल सके। जिसे सुसंगतता की परवाह होगी,उसके लिए सुसंगतता अपने आप में साध्य बन जाएगी।

लोक स्वीकृति उसे काटेगी नहीं, किंतु दोनों में विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न होने पर उसे कोई द्वंद्व नहीं होगा। कोई चयन या कोई निर्णय नहीं करना पड़ेगा। वह स्वतः सुसंगतता की ओर झुक जाएगा। परस्पर असंगत स्टैंड उसे जीने ही नहीं देगा। बेचारा मनुष्य! न अच्छा बनने लिए स्वतंत्र, न बुरा। बस मुगालता पाल सकता है। मनुष्य स्वयं के बारे में मुगालते में रहने के लिए नियतिबद्ध है और इस नियतिबद्धता से गाफिल भी। रहस्य में रहस्य!

जार बनने की राह पर पुतिन

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं।

हिलेरी क्लिंटन अपनी किताब "हार्ड च्वॉइसेस" में लिखती हैंः दूसरे विश्व युद्ध के दौरान एक रूसी योद्धा मोर्चे से घर वापस आया। जब वह अपने घर के नजदीक पहुंचा जहां वो रहता था, उसने सड़क पर कई लाशें देखीं जिन्हें कुछ आदमी ट्रकों में लाद रहे थे, जब वो नजदीक पहुंचा, उसने एक औरत की टांगे देखीं जिसने वही जूते पहने थे जिन्हें वो जानता था कि उसकी पत्नी के हैं। वो भागा और अपनी पत्नी की लाश मांगी। कुछ देर बहस के बाद उन लोगों ने उसे वो लाश दे दी और वो सिपाही अपनी पत्नी की लाश अपनी बांहों में उठाए वापस आ गया। थोड़ी पड़ताल करने पर उसे पता लगा कि वो जीवित है। वो उसे घर लाया, उसकी सेवा की और वापस तंदुरुस्त कर दिया।

आठ साल बाद 7 अक्टूबर 1952 को उनके यहां ब्लादिमीर पुतिन का जन्म हुआ। ये कहानी सोशल मीडिया पर खूब लोकप्रिय हुई थी, पर इसके आगे शायद लोगों को ये पता न हो कि पुतिन बस जन्मते नहीं हैं न बनाए जाते हैं वो खुद पुतिन बनना चुनते हैं। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के दादाजी स्परइडॉन इवानोविच दरअसल लेनिन और स्टालिन के पर्सनल शेफ थे। द्वितीय विश्व युद्ध में उनकी मां के ग्रेनेड हमले में घायल हो जाने के बाद उनके पिता ने उनकी बहुत सेवा की। वह एक फैक्ट्री में काम करते थे और उनकी मां ने कुछ दिनों तक गलियों में झाड़ू लगाने का काम भी किया।

पुतिन उन्हीं गलियों में वे एक स्ट्रीट फाइटर और चालाक बच्चों के रूप में पहचाने जाते थे। तब उनके पिता केजीबी में काम करने लगे थे। बड़े होने पर उन्होंने सोवियत खुफिया सेवाओं में केजीबी अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। 1989 में उन्होंने बर्लिन की दीवार का पतन देखा तब वह पूर्वी जर्मनी में ड्रेसडेन में थे। दो साल के बाद ही सोवियत संघ के पतन के साथ पुतिन व 8 लाख कर्मचारी और अधिकारी पूरी तरह बर्बाद हो गए। लेनिनग्राड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के बाद पुतिन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ सोवियत संघ के सदस्य बन गए थे और साथ ही वे खुफिया एजेंसी केजीबी में एक मामूली पद पर नौकरी भी करने लगे थे। वहां वे लेफ्टिनेंट कर्नल तक की रैंक पर पंहुच गए थे।

1991 में सोवियत संघ के विघटन के साथ ही उन्होंने केजीबी से इस्तीफा दिया और अपना राजनीतिक कैरियर शुरू किया। वह सेंट पीटर्सबर्ग के मेयर ऑफिस में कमेटी ऑफ फॉरेन रिलेशंस के लिए चुने गए और उसके हेड बने इसके बाद 1994 से 1996 के बीच में वह सेंट पीट्सबर्ग में कई सरकारी पदों पर रहे और 1996 में मास्को चले गए जहां वे तत्कालीन राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन के प्रशासन से जुड़ गए। 1999 में कुछ समय के लिए वह प्रधानमंत्री रहे और फिर बोरिस येल्तसिन के इस्तीफे के बाद वे राष्ट्रपति बने। इसके बाद 2004 से 2008 तक फिर 2012 से लेकर आज तक राष्ट्रपति पद पर बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। इतने लंबे समय तक किसी शक्तिशाली देश में किसी एक व्यक्ति का प्रमुख पद पर बना रहना बेहद आश्चर्यजनक होता है। पुतिन चिंगारी को सुलगने ही नहीं देते हैं वे देश को अंतर्राष्ट्रीय मसलों में उलझाकर रखते हैं ताकि लोगों का ध्यान देश की समस्याओं पर न जाएं, जो भी आवाज उठाने की हिम्मत करता है उसका अंत किसी एक्सीडेंट या किसी और तरीके से आराम से ऐसे समय में किया जाता है जबकि जनता का जोश कम पड़ गया होता है। एक मजबूत नेता के रूप में पुतिन की छवि रूस के लोगों को आकर्षित करती है। इसीलिए इतने सालों से वे सत्ता के शीर्ष पर जमे हुए हैं। वे ताकत दिखाने से कभी गुरेज नहीं करते उनका कहना है कि लड़ाई करनी है तो पहले पंच खुद मारना होगा। वे जनता से जुड़कर उनके दिल में जगह बनाना भी जानते हैं।

पिछले साल अगस्त में वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रेगोझिन की दस लोगों के साथ विमान हादसे में मृत्यु हो गई। जबकि प्रेगोझिन को कभी पुतिन का करीबी और शेफ कहा जाता था। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत में भी प्रेगोझिन पुतिन के साथ थे। ज्ञात रहे कि जून 2023 में वेगनर चीफ ने अपनी आर्मी के साथ रूस के शहर रोस्तोव ऑन डॉन पर कब्जा कर लिया था। हालांकि वे चौबीस घंटे में ही विद्रोह समाप्त कर चुके थे, पर पुतिन कभी विद्रोहियों को हल्के में नहीं लेते हैं।

अभी पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं। वे रूस की जनता की सहानुभूति ले चुकी हैं। लोगों को श्रद्धांजलि देने से रोका जा रहा है। इसलिए भी पुतिन की ओर उंगलियां उठनी शुरू हो चुकी हैं।

सोशल फोरम

पीड़ित शिक्षक

भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे।

विधानसभा में मुख्यमंत्री कहते हैं कि स्कूलों में पढ़ाई नौ से पांच के बदले दस से चार तक चलेगी। एक वीडियो में पाठक जी भी यही दुहराते हैं, लेकिन आजतक इससे संबंधित अधिसूचना जारी नहीं हुई है। शिक्षक पीड़ित हैं और सरकार शिक्षा को फुटबॉल बनाकर खेल रही है। दूर-दराज स्थित स्कूलों को समय पर पकड़ने के लिए शिक्षक भोरे घर से निकलते हैं और अंधेरा होने पर लौटते हैं। सरकार की दृष्टि में शायद यही शिक्षा का उत्थान है।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आठ घंटे स्कूल में बैठकर गंवाने से बेहतर है दो घंटे जमकर बच्चों के साथ मेहनत करना। पांच से छह घंटे पर्याप्त हैं पढ़ाई के लिए, मगर चुनावी तिकड़मों में व्यस्त सरकार को फुर्सत कहां कि देखें स्कूलों में क्या हो रहा है? जनता के करोड़ों-अरबों रुपए शिक्षा में पानी की तरह बहाए जा रहे हैं और उपलब्धि शून्य के करीब है। अनेक स्कूल ऐसे हैं जहां के प्रधानाध्यापक इतने अक्षम हैं कि उनके पास कोई वर्ग तालिका ही नहीं है। न वर्ग करवाने में उनकी रुचि है। कुछ सजग बच्चे शिक्षक-शिक्षिकाओं के पास जाते हैं। वर्ग लेने का आग्रह करते हैं। अगर शिक्षकों का मन हुआ तो वर्ग लेने जाएंगे, वरना किसी और के पास भेज देंगे। भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे। जिस देश की राजनीतिक प्रणाली भ्रष्ट हो, उस देश में शिक्षा-प्रणाली अच्छी हो,यह असंभव है। राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव के लिए प्रशांत किशोर अथक परिश्रम कर रहे हैं। जिन्हें बिहार की दशा सुधारने में दिलचस्पी हो, उन्हें उनसे बात करनी चाहिए और संतुष्ट होने पर उन्हें मजबूती देनी चाहिए। मेरी दृष्टि में इस राक्षसी राजनीति को शिकस्त देने का एक अच्छा अवसर हाथ आया है। इसमें चूकना नहीं चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर भारतीय महिलाएं

प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं।

आधुनिक युग नवजागरण का युग है। संपूर्ण विश्व में महिला स्वातंत्र्य का युग चल रहा है। इसका प्रभाव भारत की महिलाओं पर भी पड़ा है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं पर। 21 वीं शताब्दी में ग्रामीण महिला जागरण और जागरुकता में पर्याप्त प्रगति दृष्टिगोचर हो रही है। इसका मुख्य कारण महिला शिक्षा में विकास है।

आज की ग्रामीण क्षेत्र महिलाएं ग्रामीण संस्कृति को ध्यान में रखते हुए आधुनिकता के परिवेश में जी रही हैं। वह अनेक समस्याओं के साथ संघर्ष कर रही हैं। उन्हें सामाजिक समस्याओं के साथ-साथ आर्थिक समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। इसीलिए उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में या गांव से बाहर नौकरी करनी पड़ रही है। वह परिवार को आर्थिक संकट से उबारने का प्रयत्न भी कर रही हैं।

महिलाओं के नौकरी करने से जहां परिवार का जीवन सुखद एवं संपन्न बनता जा रहा है वहीं अनेक समस्याएं भी जन्म ले रही हैं। इस कारण उनके परिवार को वह सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं जिनकी अपेक्षा की जाती है। उनके बच्चे सहज स्नेह से वंचित रह जाते हैं। परिवार के वातावरण में एक अनकहा तनाव भी व्याप्त हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को नौकरी करते हुए सादा जीवन उच्च विचार पर अमल करना लाभदायक तो होता है, किंतु गांव के परिवेश के साथ-साथ नौकरी कर पाना उतना ही कठिन भी होता है। भारतीय महिलाओं के विकास की गति आज भी धीमी है। इसका कारण हमारे पूर्वजों का महिलाओं को किसी प्रकार की स्वतंत्रता देने का विरोधी होना है। वैदिक काल में स्त्रियों को देवी, सहधर्मिणी, सहचरी आदि का दर्जा प्राप्त था। पौराणिक काल में महिलाओं को शक्ति स्वरूपा कहकर उनकी पूजा की जाती थी, परंतु 11 वीं शताब्दी से लेकर 19 वीं शताब्दी के मध्य का युग स्त्री जाति के लिए अभिशाप बनकर आया, उनके विकास, सम्मान और सशक्तिकरण पर गहरा आघात हुआ। मुगल शासन, सामंती व्यवस्था, विदेशी आक्रमण, विलासिता पूर्ण जीवन राजाओं का मुख्य उद्देश्य रह गया और इसी कारण बाल विवाह, पर्दा प्रथा और अशिक्षा आदि का जन्म हुआ। शासकों की विलासिता पूर्ण प्रवृत्ति ने महिलाओं को केवल उपभोग की वस्तु बनाकर रख दिया और महिलाओं का अस्तित्व खतरे में पड़ गया और समय के साथ यह सभी सामाजिक कुरीतियां में परिवर्तित हो गई जिससे महिलाओं का निजी एवं सामाजिक जीवन अभिशाप बन गया। ब्रिटिश काल में से महिलाओं के पुनरुत्थान का समय प्रारंभ हुआ जिसमें महिला सुधार से संबंधित कई प्रकार के सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन किए गए।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सरकार द्वारा महिलाओं के हित में कई योजनाएं तथा विकासात्मक कार्यक्रमों का संचालन किया गया। महिलाओं को आर्थिक विकास की मुख्य धारा में समाहित किया गया, महिलाओं ने शैक्षिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, प्रशासनिक, खेलकूद आदि में विभिन्न प्रकार के नए आयामों तय किए। आज महिलाएं एक ही दायरे में न रहकर केवल शिक्षक, नर्स, डॉक्टर न बनाकर इंजीनियर, पायलट, वैज्ञानिक, टेक्नीशियन, पत्रकारिता जैसे नए क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। यद्यपि आधुनिक काल में महिलाओं में शिक्षा का पर्याप्त विकास हो रहा है, किंतु परंपरागत परिवेश के कारण महिलाओं के प्रति और स्वयं महिलाओं के विचारों में विशेष परिवर्तन नहीं आया है। उन्हें चाहिए कि वह पुरुषों के वर्चस्व रूपी विचार से स्वयं मुक्त होकर न्याय और समानता के तत्व पर अपना दृष्टिकोण विकसित करें। देखा जाए तो महिलाओं की संख्या अल्पमत में नहीं है, फिर भी उनकी प्रगति, उनका योगदान अल्पमत में दिखाई प्रतीत होता है।

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण तक अनेक महिला नेताओं का योगदान उल्लेखनीय है। स्वतंत्रता के पश्चात लगभग हर क्षेत्र में भारतीय महिलाओं ने सहभागिता ही नहीं की है,अपितु अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व भी किया है, जो क्षेत्र महिलाओं के लिए वर्जित माने जाते थे वहां भी महिलाओं की भागीदारी हुई और आशानुरूप परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं। फिर भी सामाजिक समानता और समरसता के लिए पुरुष वर्ग की मानसिकता में परिवर्तन होना आवश्यक है।

गाली का संबोधन और मित्र

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था।

वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

1988 की बात है। हमारे एक मित्र के पिता एमएलसी थे और यूपी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सभापति भी। फ्लैट और गाड़ी सरकार ने दे रखी थी। इस कुर्सी पर किसी भी प्रकार की सुविधा की कोई कमी नहीं होती, जो चाहा, हाजिर हो गया, लेकिन वो ऊंची सोच वाले सरल और मृदुभाषी व्यक्ति थे।

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था। उन दिनों हम मोपेड धारी हुआ करते थे, जो दस साल से बराबर चल रही थी, लेकिन कभी- कभी बीमार भी हो जाती थी। कुल मिलाकर जैसे-तैसे वो हमारा बोझ उठा रही थी। दो का बोझ उठाना नामुमकिन था। समारोह के लिए हम लेट हो रहे थे। जाना भी दूर था। हमने मित्र से कहा पापा की कार ले लो। मित्र ने कहा कोई फायदा नहीं, कार भले सरकारी है, लेकिन पापा किसी को हाथ नहीं लगाने देते। हमने थोड़ा जोर दिया, हालात के दृष्टिगत शायद मान जाएं। मित्र ने कहा- ठीक है, तुम्हारी तसल्ली के लिए मांग लेता हूं। मित्र ने सकुचाते हुए पापा से विनती की, उन्होंने ध्यान से बात सुनी पुत्र को सर से पांव तक घूरा। फिर हमें भी घूरा, जेब में हाथ डाला। दस-दस के पांच नोट गिनकर पुत्र के हाथ पर रख दिए, रिक्शे या टेम्पो से चले जाओ। हाल ही में हमारे उन्हीं मित्र का 75वां जन्मदिन है। मित्र सिर्फ हमारे ही नहीं अनेक के हैं। वैसे मित्र हो या बैरी सबके दुःख-सुख में सबसे पहले हाजिर होते हैं। पूरे तन-मन और धन के साथ बरसों हम कर्मचारियों के अध्यक्ष रहे और महामंत्री भी, गालियां उनके मुंह से फूलों की तरह झरती हैं। जिस दिन गाली से संबोधन न दें समझो नाराज हैं।

एक नजर

पीएम सुराज राष्ट्रीय पोर्टल की लांचिंग आज

अल्मोड़ा : मुख्य विकास अधिकारी आंकाक्षा कौंडे ने बताया कि बुधवार को शाम चार बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम सुराज राष्ट्रीय पोर्टल को वर्चुअल माध्यम से लांच करेंगे। इसमें विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 526 जिले जुड़े रहेंगे। जनपद अल्मोड़ा में यह कार्यक्रम विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान केंद्र हवालबाग के सभागार में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद के लाभार्थियों से प्रधानमंत्री का वर्चुअल संवाद भी प्रस्तावित है। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों एवं लाभार्थियों को लाने ले जाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

चीड़ का पेड़ गिरने से यातायात बाधित

अल्मोड़ा : सोमवार की देर रात पेटशाल में मुख्य मार्ग पर एक चीड़ का विशालकाय पेड़ गिर गया। जिस कारण मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। रात्रि के समय दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जाम में फंसे लोगों ने इसकी जानकारी फायर स्टेशन अल्मोड़ा को दी। जिसके बाद फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंचे और पेड़ को काटकर सड़क से हटाया। पेड़ हटने के बाद सभी वाहन गंतव्य की ओर रवाना हो गए।

डामरीकरण न होने से आक्रोश, चुनाव बहिष्कार का ऐलान

सल्ट विकास खंड की 11 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण 13 साल से कर रहे हैं मांग, गांव-गांव जाकर जुटा रहे समर्थन, सीएम को भेजेंगे ज्ञापन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सड़क का डामरीकरण न होने से आक्रोशित सल्ट विकास खंड के 11 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया है। वह पिछले 13 सालों से डामरीकरण की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ चुनाव बहिष्कार की मुहिम छेड़ दी है। इसके लिए गांव-गांव जाकर समर्थन जुटाया जा रहा है।

करीब 13 साल पहले 11 ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए 28 किलोमीटर लंबे झीपा-टनौला मोटर मार्ग का निर्माण डभरा तक किया गया था। उस दौरान कार्यदायी संस्था ने सड़क कटान का काम तो किया लेकिन उसमें सुरक्षा दीवार, पानी की निकासी समेत कई काम अधूरे छोड़ दिए। अतिवृष्टि से सड़क जगह-जगह गड्ढों से पट गई और कई जगह भूस्खलन के कारण सड़कों पर मलबा आ गया। मार्ग की हालत इतनी दयनीय है कि इस पर वाहन चलाना जान जोखिम में डालने से कम नहीं है।

सल्ट में डामरीकरण न होने के विरोध में चुनाव बहिष्कार की मुहिम चलाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

सामाजिक कार्यकर्ता परम कांडपाल ने बताया कि मार्ग के सुधारीकरण और डामरीकरण के लिए ग्रामीणों ने डीएम समेत लोनिवि के अधिकारियों, स्थानीय विधायक, सांसद और मंत्रियों तक से गुहार लगाई गई। भारी दबाव के बाद लोनिवि अल्मोड़ा के मुख्य अभियंता ने जनवरी 2022 में प्रमुख सचिव को डामरीकरण के लिए 11.30 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा। जिसे आज तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है। इससे ग्रामीणों में सरकार और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। इसलिए लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया गया है। कांडपाल ने बताया कि गांव-गांव जाकर ग्रामीणों के हस्ताक्षर लेकर सहमति ली जा रही है। जल्द ही ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन तहसील के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। इधर, ग्राम प्रधान मंजू देवी ने बताया कि सड़क न होने के कारण बीते दिनों एक घायल महिला को एंबुलेंस के गांव तक न आने के कारण अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था।

सरकार पर वादों की अनदेखी का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिला विकास प्राधिकरण के विरोध में सर्वदलीय संघर्ष समिति ने मंगलवार को गांधी पार्क में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने प्रदेश सरकार पर अपनी ही सरकार के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की घोषणा को अनदेखा करने का आरोप लगाया। कहा है कि जब तक प्राधिकरण को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जाएगा, उनका संघर्ष जारी रहेगा।

धरने को संबोधित करते हुए समिति के संयोजक निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि पर्वतीय जिलों में जिला विकास प्राधिकरण के लागू होने से आम आदमी खासा परेशान है। भवन के नक्शों के निर्माण के लिए नगर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन लंबे विरोध के बाद भी सरकार निर्णय को वापस नहीं ले रही है। जोशी ने कहा कि भाजपा के दो पूर्व मुख्यमंत्री प्राधिकरण के फैसले को पर्वतीय क्षेत्रों के लिए अव्यावहारिक बताकर इसे समाप्त करने की घोषणा भी कर चुके हैं। लेकिन वर्तमान सरकार अपने ही मुख्यमंत्रियों की घोषणा पर गौर नहीं कर रही है। धरना-प्रदर्शन में हेम चंद्र तिवारी, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, हरी राम आर्य, शहाबुद्दीन, आनंद सिंह बगड्वाल, प्रत्येश पांडे, हेम चंद्र जोशी, एमसी कांडपाल, ललित मोहन पंत, भारत रत्न पांडे, हर्ष कनवाल, महेश आर्य व रोबिन भंडारी आदि मौजूद रहे।

चुनावी बॉन्ड का डाटा सार्वजनिक करने की मांग

अल्मोड़ा, अमृत विचार : भारत की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों ने भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने चुनावी बॉन्ड के डाटा को सार्वजनिक करने की मांग उठाई।

सदस्यों ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। साथ ही राजनीतिक पार्टियों को प्राप्त चुनावी बॉन्ड का ब्यौरा मांगा है, लेकिन बैंक जानकारी देने पर आनाकानी कर रहा है। इससे बैंक की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। सदस्यों ने बैंक पर भी एक राजनीतिक पार्टी का साथ देने का आरोप लगाया। उन्होंने बैंक से पारदर्शिता का मार्ग चुनने, एक संस्थान के तौर पर अपनी स्वायत्ता और विश्वसनीयता की बनाए रखने और तत्काल चुनावी बॉन्ड का आंकड़ा सार्वजनिक करने की मांग की। ज्ञापन में आरपी जोशी, मो. अबरार, सुनीता पांडे, मुमताज, यूसुफ तिवारी, स्वप्निल पांडे, प्रमोद, योगेश आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

मूल्यांकन के विरोध की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

बोर्ड परीक्षा

▸▸ **शिक्षक संघ ने पदोन्नति न होने पर जताया आक्रोश**

अमृत विचार : राजकीय शिक्षक संघ ने लंबे समय से विभिन्न पदों पर पदोन्नति न होने पर कड़ा आक्रोश जताया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर शासन ने शीघ्र पदोन्नति की सूची जारी नहीं की तो शिक्षक बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार करेंगे।

संगठन के पूर्व प्रदेश मंत्री माधो सिंह बिष्ट ने कहा है कि राजकीय शिक्षक संघ लंबे समय से शिक्षकों की पदोन्नति की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार हर बार उनसे छलावा कर रही है। जिस कारण शिक्षक अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। बिष्ट ने कहा कि वर्ष 2017 से पदोन्नति की मांग आज तक अधर में लटकी है। सरकार के प्रतिनिधि के रूप में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने संगठन को शीघ्र पदोन्नति सूची जारी करने का आश्वासन दिया था, जो कोरा साबित हुआ है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में 960 विद्यालय प्रधानाचार्य विहीन हैं। ऊपर से कई शिक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इससे विद्यालयों में कामकाज प्रभावित हो रहा है और अभिभावकों का सरकारी विद्यालयों से मोह भंग हो रहा है। इसके बाद भी सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

बिष्ट ने कहा है कि सरकार को जल्द एलटी से प्रवक्ता व प्रवक्ता से प्रधानाचार्य के पदों पर पदोन्नति सूची जारी करनी चाहिए। चेतावनी दी है कि सरकार का यही रवैया रहा तो शिक्षक बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे।

पानी की आपूर्ति बहाल, मिली राहत

अल्मोड़ा, अमृत विचार : मटेला पंपिंग योजना के पंप हाउस में आई खामी को दूर कर लिया है। मंगलवार को अल्मोड़ा के सभी मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति बहाल हो गई। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

बीते रविवार को मुख्य पैनल में शार्ट सर्किट से आग लग गई थी। जिससे पैनल को काफी नुकसान पहुंचा था। इससे नगर में पानी की आपूर्ति ठप हो गई थी। खामी दूर करने के बाद जलाशयों में पानी एकत्र किया गया। जिसके बाद पेयजल आपूर्ति सुचारू हो गई।

कार्यकत्रियों ने गोल्ज्यू से लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मंगलवार को चितई स्थित गोल्ज्यू मंदिर में न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने गोल्ज्यू से सरकार को सद्बुद्धि देने और शीघ्र मांगों पर कार्रवाई की प्रार्थना की। साथ ही एक पत्र बांधकर मुराद पूरी होने की कामना भी की।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पिछले कई दिनों से न्यूनतम मानदेय 18 हजार रुपये देने, सेवा अवधि के हिसाब से वेतन में वृद्धि करने और सेवानिवृत्ति के बाद पांच लाख रुपये देने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार पर डटी हैं। उन्हें उम्मीद थी कि सरकार कैबिनेट बैठक में उनकी मांगों के संबंध में कोई ठोस निर्णय लेगी, लेकिन बैठक में कोई फैसला न आने से कार्यकत्रियों में निराशा छा गई। मंगलवार को कार्यकत्रियों ने गोल्ज्यू मंदिर पहुंचकर अपनी मांगों को मनवाने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने मंदिर में एक पत्र भी बांधा, जिसमें उन्होंने सरकार को सद्धबुद्धि देने और मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की गुहार लगाई।

चितई मंदिर में मन्नत पत्र बांधतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

इस दौरान जिलाध्यक्ष किरन जोशी, महामंत्री लक्ष्मी रौतेला, पुष्पा लखचौरा, गीता जोशी, हंसा बिष्ट, रजनी कार्की समेत अनेक कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

अतिक्रमण के खिलाफ व्यापारियों ने दिया धरना

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी तहसील रोड पर लोनिवि की भूमि में बन रहे भवन पर रोक न लगने के विरोध में व्यापारियों ने गांधी मूर्ति के पास धरना दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर रहा है।

व्यापार संघ अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में व्यापारियों ने धरना दिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि अतिक्रमणकारियों ने लोनिवि की भूमि पर कब्जा कर भवन बनाए हैं। जिस पर उच्च न्यायालय में वाद दायर किया था। कहा कि उच्च न्यायालय ने अतिक्रमण रोकने के आदेश दिए थे, परंतु प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। बताया कि जिलाधिकारी के खिलाफ अवमानना का वाद दायर किया गया, लेकिन उच्च न्यायालय से नोटिस आने के बाद भी अतिक्रमणकारियों ने निर्माण जारी रखा है।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र कार्य नहीं रोका गया तो पुनः उच्च न्यायालय में मामले को ले जाया जाएगा। धरने में आरिफ, नाजिर, इंदरेश, पुष्कर सिंह, हेम चंद्र जोशी राहुल साह आदि बैठे।

बागेश्वर में अतिक्रमण के खिलाफ धरने पर बैठे व्यापारी। ● अमृत विचार

टनकपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाते अधिकारी। ● अमृत विचार

इंजीनियरिंग छात्र-छात्राओं को दिलाई मतदान की शपथ

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मंगलवार को स्वीप टीम ने टनकपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्र-छात्राओं को मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया। टीम ने चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में वोट देने और अपने आस पड़ोस के साथ ही अपने साथियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस दौरान कॉलेज में अध्ययनरत 300 से अधिक युवा मतदाताओं को जागरूकता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में स्वीप अभियान समन्वयक त्रिलोचन जोशी, विनोद गहतोड़ी, कल्पना आर्य, अर्पित शर्मा, डायरेक्टर डॉ. हरिद्वारी लाल मंडोरिया, रजिस्टार डॉ. अभिषेक पाठक, डॉ. देव प्रकाश रस्तोगी, अभिजीत आदि मौजूद रहे।

पुलिस और एसएसबी जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

अल्मोड़ा, अमृत विचार : पुलिस और एसएसबी के जवानों ने मंगलवार को जिले के अलग-अलग स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर पुलिस बल ने द्वाराहाट, बग्वालीपोखर, रावलसेरा, रवाड़ी, वाड़ी, धमोली, नौलाकोट, कोराड़ी व बिंता बाजारों में फ्लैग मार्च कर लोगों को उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। अधिकारियों ने लोगों से कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोकसभा निर्वाचन में भयमुक्त और निष्पक्ष मतदान कराना है। चुनाव के दौरान उपद्रवी व अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मतदाता बिना किसी डर के अपने मतदान केंद्र पर जाएं और निर्भीक होकर मतदान करें।

वर्ग पहेली-8

बाएं से दाएं

1. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. गरूर)।
3. 1. छेद करना, बेधना, भेदना 2. क्षत या घाव करना 3. छिन्न करना, काटना 4. किसी तल में नुकीली वस्तु धंसाकर उसमें सुराख़ करना।
6. 1. चकमा देने वाला, फ़रेबी, फुसलाने वाला, झूठा आश्वासन देने वाला 2. दम देने या लगाने वाला, गांजा
10. वह कल्पित जिन्न या प्रेत जिसकी मुस्लिम समाज की स्त्रियों द्वारा पूजा की जाती है।

ऊपर से नीचे

2. रूढ़ परंपराओं को ज्यों का त्यों मान लेने वाली विचारधारा या प्रथा।
4. लंबा, विशाल, विस्तृत।
5. 1. छोटी पहाड़ी 2. टीला 3. चम्मच 4. एक ही काठ की बनी हुई नाव।
7. विवश, लाचार, जिसपर ज़ब्र किया गया हो, नि:सहाय।
8. सुस्ती, शिथिलता, उत्साहहीनता।
9. 1. सामान्य, मामूली, सार्वजनिक, आम 2. बहुत-सी जगह पर मिलने वाला, साधारण।



वर्ग पहेली -7 का हल

		1 थी		2 कि	य	त
3 तू	ल	म	तू	ल		
				4 क	ले	जी
	5 उ	घा	ड़	ना		
6 ए	षा					7 ख
	गा					ट
8 यौ	न	शो	ष	ण		ना

सुडोकू-87

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9		2	6				5	
				3			8	
1			4					6
		7		2		6		
			1		7			
4		3		8		5		
	2				9			3
	4			1				
	6				5	2		1

सुडोकू -86 का हल

5	3	4	6	1	7	2	8	9
1	6	2	8	9	5	4	3	7
8	9	7	2	3	4	1	6	5
4	2	8	9	7	3	6	5	1
6	1	3	5	8	2	7	9	4
9	7	5	4	6	1	8	2	3
3	8	1	7	2	9	5	4	6
2	4	9	1	5	6	3	7	8
7	5	6	3	4	8	9	1	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 14 मार्च 01.25 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्विनी 18.24 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज परिवार के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। कारोबार में सब कुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

वृष — आज यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

मिथुन — आज दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमीजन की भावनाओं की कद्र करें।

कर्क — आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं।

सिंह — आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। काल्पनिक विचारों से दूरी बनाकर रखें। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

कन्या — आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। ज्यादा सोचने की आदत से आपको बचना चाहिए। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

तुला — आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज आपकी रचनात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे।

धनु — आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।

मकर — आज योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है।

कुंभ — आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे।

मीन — आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जान से प्यारा — सुबह : 11.01
- दानवीर — शाम : 04.13

SONY MAX
- बाहुबली 2 — सुबह : 09.58
- अनाड़ी — रात : 07.00

SONY PIX
- एस्केप रूम — सुबह : 10.28
- द कान्जरिंग — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- यहां — सुबह : 10.30
- फ्रीकी अली — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- स्वदेश — दोपहर : 12.45
- उंगली — रात : 10.35

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुम ने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

कल मिंकी ने पड़ोसन से मिक्सी मांगी।
पड़ोसन- यहीं आकर यूज कर लो।
दूसरे दिन उसी पड़ोसन ने कहा, जरा अपनी झाड़ू दे दो।
मिंकी- तुम यहीं आकर यूज कर लो।

अब दस मिनट में पूरी होगी सवा घंटे की दूरी

पूर्णागिरि धाम में हनुमान चट्टी से काली मंदिर तक रोप-वे का निर्माण शुरू, 46 करोड़ की लागत से होगा कार्य

देवेंद्र चंद्र देवा, टनकपुर

65 श्रद्धालु एक बार में पहुंचेंगे मंदिर 15 मई 2025 तक पूरा होगा कार्य श्रद्धालुओं को मिली राहत

50 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं हर साल, 920 मीटर तक पीपीपी मोड में बनेगा रोप-वे

अमृत विचार : सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम में रज्जुमार्ग (रोप-वे) का निर्माण शुरू हो गया है। हनुमान चट्टी से काली मंदिर तक पीपीपी मोड में बन रहे करीब 920 मीटर लंबे इस रोप-वे का कार्य 15 मई 2015 तक पूरा होगा। देश के पहले बाईकेबल रोप-वे से एक बार में 65 श्रद्धालु मंदिर पहुंचेंगे।

टनकपुर से करीब 22 किमी दूर मां पूर्णागिरि धाम में हर साल 50 लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं। भैरव मंदिर से साढ़े तीन किलोमीटर दूर मुख्य मंदिर तक श्रद्धालुओं को पैदल चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। जिसमें करीब सवा घंटे से अधिक समय लगता है। लेकिन अब रोप-वे के बनने से यात्रा बेहद आसान हो जाएगी। जिला पर्यटन विकास अधिकारी अरविंद गौड़ के अनुसार पूर्णागिरि रोप-वे कंपनी ने रज्जुमार्ग का काम शुरू कर दिया है।

बताया कि 46 करोड़ की लागत से रोप-वे का निर्माण हनुमान चट्टी से काली मंदिर तक किया जा रहा है। इससे एक बार में 65 श्रद्धालु मंदिर दर्शन के लिए जा पाएंगे। मंदिर पहुंचने में मात्र 10 मिनट का समय लगेगा। रोप-वे स्थल के शुरुआती बिंदु हनुमान चट्टी से भैरव मंदिर के बीच करीब 2.300 किलोमीटर का फासला है। यानी 5.300 किलोमीटर की इस दूरी के सफर में सवा घंटे से अधिक समय लगता है। रोप-वे का निर्माण होने से श्रद्धालुओं को पैदल फासला तय नहीं करना होगा। इससे बुजुर्ग, बच्चे, दिव्यांग और महिलाएं मां पूर्णागिरि के दर्शन आसानी से कर सकेंगे।

बता दें कि रज्जुमार्ग परियोजना का शिलान्यास जून 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने किया था। जुलाई 2017 में तत्कालीन सीएम त्रिवेंद्र रावत ने भी रोप-वे का निर्माण जल्द शुरू होने का ऐलान किया था। लेकिन कभी मृदा परीक्षण तो कभी अन्य कारणों से निर्माण में दूरी हो गई। अब कंपनी ने तेजी से निर्माण शुरू कर दिया है।

पूर्णागिरि धाम क्षेत्र में हनुमान चट्टी के पास हो रहा रोप-वे का निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

बोले अधिकारी



पूर्णागिरि रोप-पे का काम शुरू हो गया है। निर्माण सामग्री को एकत्र करने के साथ काली मंदिर तक पहुंचाया जा रहा है। वजनदार उपकरण व अन्य सामग्री को पहुंचाने के लिए मटेरियल रोप-पे का निर्माण कराया जा रहा है। रोप-वे का निर्माण 15 मई 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।
-कमांडर आलोक शर्मा, निदेशक पूर्णागिरि रोपवे प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली

रज्जुमार्ग में यह है खास

- दो ट्रॉली केबिन में एक घंटे में 800 यात्रियों की आवाजाही होगी।
- एक ट्रॉली केबिन में ऑपरेटर के अलावा 65 यात्री एक साथ आवाजाही कर सकेंगे।
- दस मिनट में पूरा होगा रज्जुमार्ग का सफर।
- सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग होगा।

वर्दी न पहनने वाले पुलिस कर्मियों पर होगी कार्रवाई

चंपावत, अमृत विचार : एसपी अजय गणपति ने पुलिस अधिकारी और कार्मिकों को मानकों के अनुरूप यूनिफार्म पहनने की हिदायत दी है। उन्होंने पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण कर अनुशासन व रिहर्सल को भी जांचा। निरीक्षण के दौरान एसपी ने स्टोर, मोटर सेक्शन, गणना, कैश, गोला बारूद भंडार, आर्मरी, कैंटीन, मैस, बैरक, आवास परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही प्रतिसार निरीक्षक महेश चंद्रा को नियमित रूप से शस्त्रों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान परेड में बेस्ट कमांड के लिए आरआई महेश चंद्रा व थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा को सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट टर्न आउट के लिए पंचेश्वर एसओ इंद्रजीत सिंह, एसआई पिंकी धामी, कुलदीप सिंह, कांस्टेबल तनुजा कोहली, मनोरमा राणा, राजेंद्र प्रसाद, हितेंद्र सौन और आशीष कुमार को सम्मानित किया।

इधर, एसपी गणपति ने अपराध नियंत्रण की मासिक गोष्ठी में पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष चुनाव के लिए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का 15 दिन के भीतर मुआयना करने को कहा। साथ ही निरोधात्मक कार्रवाई, लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने और भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा नशे के खिलाफ अभियान में तेजी लाने, हिस्ट्रीशीटरों की परेड कराने, शत-प्रतिशत नोटिस तामील कराने को भी कहा।

सार-संक्षेप

योग गुरु नवदीप जोशी को सम्मानित करते अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

योग गुरु नवदीप जोशी को राष्ट्रीय गौरव सम्मान

टनकपुर : महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर दिव्य योगमय संस्थान ने राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें योग गुरु डॉ. नवदीप जोशी को राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। आईएमए सभागार गजियाबाद में हुए कार्यक्रम में जोशी को यह सम्मान पूर्व राष्ट्रीय पादप औषधि बोर्ड के चेयरमैन मंगू सिंह त्यागी ने दिया। कार्यक्रम में डॉ. दिवाकर, डॉ. संजय, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. शशि, डॉ. ऋचा सूद समेत कई चिकित्सक मौजूद रहे। बता दें कि योगाचार्य डॉ. नवदीप टनकपुर के गांव बिचई स्थित होम्योपैथिक के प्रमुख चिकित्सक डॉ. देवी दत्त जोशी के पुत्र हैं। वह अब तक देश के 25 राज्यों में सैकड़ों कार्यशालाएं कर चुके हैं, जिसमें वह युवाओं में जोश भरने के लिये स्वयं 108 सूर्यनमस्कार भी करते हैं।

होली संगीत कार्यशाला में होली गायन करते विभागाध्यक्ष व छात्र। ● अमृत विचार

होली संगीत कार्यशाला में बही रागों की बयार

टनकपुर : राजकीय महाविद्यालय के संगीत विभाग में मंगलवार को होली संगीत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज उप्रेती ने पहाड़ की होली पर व्याख्यान के साथ विभिन्न रागों के होली गीत प्रस्तुत किए। उन्होंने राग जयजयवंती पर आजा रे बलमुआ डेरे हमारे, मुंह पर मलूं गुलाल की प्रस्तुत दी। वहीं कोमल रौतेला ने होरी मची कुंजन पर..., आकांक्षा राय ने विरज में होरी रे रसिया..., विद्यांशु विश्वकर्मा ने होरी हो रंगलाल..., रिया चन्द ने जा रे अपने मंदिरवा..., नितीश सिंह ने वन को चले दोऊ भाई...गीत की प्रस्तुत दी। इस मौके पर विनय भट्ट, गोपाल नेगी, माधवी बिष्ट, प्रियंका पांडेय, सौरभ गिरी, सूरज मिश्रा, संजना आदि छात्र मौजूद रहे।

गोरखा विकास समिति की बैठक में मौजूद नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

गोरखा विकास समिति की मजबूती का लिया संकल्प

रामनगर : गोरखा विकास समिति की बैठक में मंगलवार को गोरखा संस्कृति की मजबूती का निर्णय लिया गया। बालम सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल पर चर्चा की। समिति के सचिव मनोज थापा ने समिति द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला। सर्वसम्मति से बालम सिंह को दुबारा समिति का अध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यकारिणी अध्यक्ष रेखा शाही, प्रचार प्रसार मंत्री राजपाल, व्यवस्थापक चन्द्र बहादुर, सर्वेयर दुर्गा थापा, कार्यकारिणी सदस्य चंद्रा देवी और कविता देवी को बनाया गया।

रानीखेत में प्रशासनिक भवन का लोकार्पण करते विधायक नैनवाल।

नागरिक अस्पताल के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण

रानीखेत, अमृत विचार : विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल में 80 लाख रुपये से निर्मित प्रशासनिक भवन और लेबर रूम का लोकार्पण किया। इससे पूर्व अस्पताल स्टाफ ने विधायक का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विधायक नैनवाल ने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार जनहित के कार्यों को धरातल पर उतार रही है। मुख्यमंत्री धामी प्रदेश के चहुंमुखी विकास के प्रयास कर रहे हैं। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 सीटें जीतकर सरकार बनाएगी। कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. संदीप दीक्षित, डॉ. धीरेंद्र नेगी, डॉ. मोनिका शिवाली, डॉ. अशोक टम्टा, डॉ. महेश पाल, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. रमनदीप, डॉ. जीवन चंद्र, डॉ. नवीन बिष्ट, डॉ. वीके वर्मा, भाजपा नगराध्यक्ष मनीष चौधरी, महामंत्री उमेश पंत, मीडिया प्रभारी रामेश्वर गोयल, दर्शन बिष्ट, हर्षवर्धन पंत, विमल भट्ट, पावस जोशी आदि मौजूद रहे।

ईश्वर प्राप्ति के लिए साधना और भक्ति जरूरी

संवाददाता, लोहाघाट

अमृत विचार : अद्वैत आश्रम मायावती में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस की 189वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गई। इस अवसर हुए सत्संग में स्वामी शांतचित्तानन्द ने रामकृष्ण परमहंस के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण परमहंस भारत के एक महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक थे। जिन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया।

स्वामी रामकृष्ण मानवता के पुजारी थे। साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। उन्होंने बताया कि रामकृष्ण परमहंस छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से लोगों को शिक्षा देते थे। उस समय के बुद्धिजीवियों पर उनके विचारों ने जबरदस्त प्रभाव छोड़ा था। उनके आध्यात्मिक आंदोलन ने परोक्ष रूप से देश में राष्ट्रवाद की भावना बढ़ने का काम किया। उनकी शिक्षा जातिवाद एवं धार्मिक पक्षपात को नकारती थी। स्वामी शांतचित्तानन्द ने बताया रामकृष्ण परमहंस के अनुसार मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य है ईश्वर प्राप्ति है। वह तपस्या, सत्संग और स्वाध्याय आदि आध्यात्मिक साधनों पर विशेष बल देते थे। आश्रम में प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों शामिल रहे। कार्यक्रम में आश्रम के प्रबंधक स्वामी सुहृदयानंद महाराज, चिकित्सा प्रभारी स्वामी एकदेवानंद, प्रबुद्ध भारत के संपादक स्वामी गुणोतरानंद, स्वामी ज्ञानिसानंद, एडवोकेट अमरनाथ वर्मा, भास्कर मुरारी, सतीश खर्कवाल, शशांक पांडेय आदि मौजूद रहे।

लोहाघाट मायावती आश्रम में प्रवचन देते स्वामी शांत चित्तानंद। ● अमृत विचार

धूमधाम से मनाया स्वामी रामकृष्ण का जन्मोत्सव

अल्मोड़ा, अमृत विचार : नगर के ब्राइट इन कार्नर स्थित रामकृष्ण कुटीर में भगवान रामकृष्ण परमहंस का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पूजा, हवन, भोग और आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान रामकृष्ण कुटीर के अध्यक्ष स्वामी ध्रुवेशानंद ने लोगों से स्वामी रामकृष्ण परमहंस के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की बात कही। भोग आरती के बाद स्थानीय और देश के अलग अलग हिस्सों से आए भक्तजनों ने पुष्पांजलि दी। अपराह्न में भंडारे का आयोजन किया गया। आश्रम परिसर में आध्यात्मिक पुस्तकों तथा शारदा मठ के स्वयंसेवियों ने स्थानीय ऊनी उत्पादों का स्टॉल भी लगाया। स्वामी ध्रुवेशानंद महाराज ने स्वामी जी के मानव सेवा के माध्यम से आध्यात्मिक पथ को अपनाने की नितांत आवश्यकता पर विशेष रूप से जोर दिया।

दरोगा की शिकायत पर युवती व उसके दो साथियों पर केस दर्ज

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : जालसाज युवती ने उत्तराखंड पुलिस में तैनात दरोगा को सोशल मीडिया पर जाल में फंसा लिया। दरोगा ने जब युवती से शादी का दबाव बनाया तो युवती टालमटोल करने लगी। जब युवती की धोखाधड़ी दरोगा के सामने आई तो उसके होश उड़ गए। अदालत में शरण लिए जाने के बाद दरोगा की शिकायत पर पुलभट्टा थाने में युवती तथा उसके दो साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना पुलभट्टा निवासी खेमेंद्र सिंह ने अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह हरिद्वार पुलिस में तैनात है और 2017 में सोशल मीडिया से उसकी पहचान यूपी निवासी अर्चना नामक युवती से हुई थी। अर्चना ने खुद को दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित बैंक में जबकि अपने पिता को एनटीपीसी में डिप्टी डायरेक्टर बताया था। पीड़ित के अनुसार इस दौरान उसने जब भी अर्चना से शादी की बात कही तो वह टालती रही। बताया कि मार्च 2021 में अर्चना को हिमाचल पुलिस ने थाना बोटीवाला, जिला बददी से आईटी एक्ट में गिरफ्तार किया, तब उसे उसकी असलियत का पता चला। यह भी पता चला कि वह शातिर है और अपने प्रेमी और अन्य साथियों के साथ हिमाचल में फर्जी डिग्री और मार्कशीट बनाती है और एक साल तक वह सोलन जेल में भी बंद रही। अर्चना के भाई ने बताया कि उसकी 12 वर्ष पूर्व शादी हो गई थी जिसके बाद घर वालों ने अलग कर दिया था।

अर्चना का इलाहाबाद निवासी युवक और दून निवासी बस कंडक्टर से भी प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसे उसने पिता बताया था वह उसका दोस्त है। अब वह दरोगा से शादी कर पूर्व में किए अपराध से बचना चाहती है। शिकायत के अनुसार अर्चना का मुंह बोला भाई अब दरोगा को धमकी दे रहा है। उस पर गुजरात, एमपी, महाराष्ट्र, दिल्ली में धोखाधड़ी और जबरदस्ती वसूली के केस चल रहे हैं। पीड़ित के अनुसार अक्तूबर 2023 में अक्षय उर्फ दक्ष अग्रवाल ने फोन पर धमकी देकर 10 लाख रुपए की डिमांड कर पैसे नहीं देने की दशा में झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी अर्चना तथा उसके साथी अक्षय और सौरभ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ईवीएम मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

अल्मोड़ा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए मंगलवार को विकास भवन में ईवीएम और वीवीपीएटी के मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में जिला स्तर के मास्टर ट्रेनरों ने अन्य मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम, वीवीपीएटी, कंट्रोल यूनिट तथा बैलेट यूनिट आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

ट्रेनर किशन सिंह जड़ौत तथा वीरेंद्र कुमार ने कार्मिकों को ईवीएम मशीन तथा वीवीपीएटी मशीन को खोलने बंद करने एवं सीलिंग करने के गुर सिखाए। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों को मशीनों को कार्य प्रणाली आदि के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि संवेदनशील होकर कार्यों को संपादित करें तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरा पालन करें। कार्यक्रम में अपर सांख्यिकी अधिकारी अशोक कुमार सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

ऑपरेशन मुक्ति के तहत तीन बालिकाएं चिन्हित

जानकारी जुटाती एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, बनबसा

अमृत विचार: एएचटीयू टीम ने ऑपरेशन मुक्ति के तहत तीन बालिकाओं का चिन्हिकरण किया है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी सुरेन्द्र सिंह खड़ायत के नेतृत्व में टीम ने वार्ड 4 स्टेडियम के आसपास जागरूकता अभियान चलाते हुए भिक्षा नहीं, शिक्षा दें के प्रति लोगों को जागरूक किया।

साथ ही शिक्षा से वंचित तीन बालिकाओं का चिन्हिकरण कर उनका विवरण एकत्र किया। अभियान के दूसरे चरण में उक्त बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ते हुए उनका स्कूल में एडमिशन कराया जायेगा।

एसएसजे के तीन शिक्षकों के शोध प्रस्ताव चयनित

अल्मोड़ा : यूकॉस्ट ने सोबन सिंह जीना विवि के तीन शिक्षकों के शोध प्रस्तावों का चयनित कर उनके लिए धनराशि मंजूर की है। यूकॉस्ट ने रसायन विज्ञान के डॉ. देवेंद्र धामी को फायटोकैमिकल प्रोफाइल एंड एवलुशन ऑफ एंटीकैंसर विषय पर शोध के लिए पांच लाख, भौतिक विज्ञान के डॉ. नंदन सिंह बिष्ट को हाई एंड कम्प्यूटेशनल टेक्निक फॉर इनहेंसिंग इमेजिंग थ्रू स्केटरिंग मीडिया विषय पर शोध के लिए पांच लाख, कंप्यूटर विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पारुल सक्सेना को एग्रीकल्चरल लैंड सुटैबिलिटी मॉनीटरिंग फॉर प्रिसिशन फॉर्मिंग इन अल्मोड़ा डिस्ट्रिक्ट यूजिंग जीआईएस एंड मशीन लर्निंग विषय पर शोध के लिए चार लाख रुपये मंजूर किए हैं। शोध प्रस्ताव स्वीकृत होने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने उन्हें बधाई दी है।

उद्यमिता के क्षेत्र में बाजार की मांग का रखें ख्याल

अल्मोड़ा : एसएसजे विवि अल्मोड़ा के देवभूमि उद्यमिता केंद्र में दूसरे दिन स्टार्टअप बूट कैंप में युवाओं को उद्यमिता से जुड़े प्रशिक्षण दिए गए। प्रशिक्षकों ने कहा कि युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आने से पहले बाजार की मांग का पूरा अध्ययन करना होगा। कार्यशाला में प्रशिक्षक इंजीनियर रवींद्रनाथ पाठक ने उद्यमिता के क्षेत्र में युवाओं के भविष्य निर्माण को लेकर विस्तार से बात रखी। अहमदाबाद के प्रशिक्षक सौरभ कुमार ने युवा उद्यमियों पर दृष्टि डालकर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर समन्वयक डॉ. नंदन सिंह बिष्ट, सदस्य श्रद्धा शर्मा, डॉ. विजेता सत्याल, गिरीश अधिकारी, डॉ. प्रीति आर्या, डॉ. लता आर्या, पुष्पेश जोशी, प्रशिक्षक सौरभ, स्वयंसेवी नवल जोशी, मोनिका, कात्यायिनी, गीता, जया, कमल, दीक्षा आदि मौजूद रहे।

महिलाएं सशक्त हों तो हर क्षेत्र में कर सकती हैं नेतृत्व

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में महिला अध्ययन उत्कृष्टता केंद्र और दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से महिला सशक्तीकरण पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि यदि महिलाएं सशक्त हों तो वह हर क्षेत्र में नेतृत्व कर सकती हैं, इसके लिए उन्हें निर्णय करने की आजादी प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि अपनी बहनों और बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

बरेली कॉलेज की प्रो. दीप्ति जौहरी ने कहा कि महिला और पुरुष के संतुलन से ही महिला विकास संभव है। वेदांत हॉस्पिटल की डॉ. हेमा पंत ने महिलाओं के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर अपने विचार रखे। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की साध्वी रुचिका भारती ने कहा कि महिलाएं अगर स्वयं चाहें तो वह आसमान छू सकती हैं। महिला कल्याण विभाग की उपनिदेशक नीता अहिरवार ने महिलाओं से संबंधित कानून एवं योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने दिशा एप के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान सौ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किट दी गई। इस मौके पर प्रो. संतोष अरोड़ा, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. प्रिया सक्सेना, डॉ. प्रतिभा सागर, डॉ. तृप्ति खरे, प्रो. पीवी सिंह आदि मौजूद रहे।

मुलायम सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे अखिलेश

रायबरेली, अमृत विचार : सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता ओपी यादव ने कहा कि लालगंज तहसील के नया पुरवा मजरे सोन्डासी गांव में प्रदेश के पूर्व मुख्यमन्त्री एवं देश के पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित की गयी है।

प्रतिमा का अनावरण लोकसभा चुनाव के बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव करेंगे। प्रतिमा स्थापित किए जाने के लिए नया पुरवा निवासी राजन यादव ने अपनी भूमिधरी जमीन दान दिया है। प्रतिमा स्थापित करने में क्षेत्रवासियों, सेना के जवानों व मुलायम सिंह के समर्थकों का विशेष योगदान रहा है।

राशन कार्ड बताकर तलाक के कागज पर कराए हस्ताक्षर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र के शाहदाना निवासी महिला के पति ने राशनकार्ड के कागज बताकर तलाक के कागज पर हस्ताक्षर करा लिए। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर बारादरी पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ज्योति ने बताया कि उन्होंने पांच साल पहले पीलीभीत के सुनगढ़ी निवासी विशाल के साथ प्रेम विवाह किया था। उनका चार साल का एक बेटा भी है। आरोप है कि पति विशाल, सास नाथिया, ननद पूजा और प्रियंका ने दहेज में एक लाख रुपये और बाइक की मांग की और मांग पूरी न होने पर मारपीट की। आरोप है कि 2 जनवरी को पति पीलीभीत कचहरी ले गया और राशन कार्ड बनवाने के बहाने से कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए और घर वापस ले आया।

जब उन्होंने विरोध किया तो उन्हें सेटेलाइट बस अड्डे पर जान से मारने की धमकी देते हुए छोड़कर फरार हो गया। पुलिस में शिकायत करने पर 8 जनवरी को समझौते के लिए पुलिस लाइन परामर्श केंद्र में बुलाया गया। 24 जनवरी, तीन फरवरी, 12 फरवरी, 20 फरवरी तारीख लगी लेकिन ससुराल पक्ष से कोई पेश नहीं हुआ।

सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने वाले दो आरोपी दबोचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: यूपी एसटीएफ ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सेंध लगाकर पेपर लीक करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को मथुरा से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर 25-25 हजार का ईनाम घोषित था। हाल ही में सिपाही भर्ती में पेपर लीक में भी दोनों की संलिप्तता रही थी।

अपर पुलिस अधीक्षक फील्ड यूनिट नोएडा एसटीएफ नवेन्दु कुमार ने बताया यूपी में पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की तरफ से 17 और 18 फरवरी को आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हुआ था। मामला दर्ज कर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। प्रश्न पत्र लीक करने वाले गिरोह से जुड़े दो सदस्यों को रविवार को मथुरा से गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान मोनू पंडित निवासी ग्राम अभ्यपुरा मानागढी थाना नोहझील, मथुरा और गौरव कुमार चौधरी निवासी ग्राम जावरा थाना मांट, मथुरा के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से क्रेटा कार बरामद की गई है। बताया टीम गठित कर आरोपियों की लगातार धर पकड़ की जा रही है। इससे पहले मामले प्रमोद पाठक निवासी गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार किया गया था। उससे मिली सूचनाओं के आधार पर यह कार्रवाई की गई। बताया मोनू पंडित के खिलाफ छह और गौरव के खिलाफ अलग-अलग थानों में तीन मामले दर्ज हैं।

कॉलेज में एक दूसरे के संपर्क में आये थे आरोपी

एसटीएफ अफसरों की पूछताछ में मोनू पंड़ित ने बताया बाजना इंटर कॉलेज मथुरा में पढ़ाई के दौरान उसकी मित्रता प्रमोद पाठक से हुई थी। दोनों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने मुखर्जी नगर, दिल्ली स्थित कोचिंग पहुंचे। वहां मोनू पंडित, मोनू गुर्जर के संपर्क में आया। दोनों ने ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं में स्क्रीन शेयरिंग से धांधली शुरू की थी।

एक नजर

पीएम और सीएम को अपशब्द कहने पर रिपोर्ट

बहेड़ी : बहेड़ी थाना क्षेत्र में बजरंग दल के पदाधिकारी ने एक युवक पर फोन पर जान से मारने की धमकी देने और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को अपशब्द बोलने की पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। गांव रोहनिया निवासी सोनू मोदी बताया कि वह बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख हैं। नौ मार्च को उनके मोबाइल पर अली हसन नामक युवक ने आपत्ति जनक मेसेज भेजकर संगठन का काम करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसने हिंदू धर्म को लेकर अभद्र टिप्पणी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। शिकायत मिलते के बाद पुलिस ने आरोपी अली हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बरेली की महिला लखनऊ में मिली कोविड संक्रमित

बरेली : बरेली निवासी महिला लखनऊ में कोविड संक्रमित मिली है। महिला की लखनऊ में शादी हुई है। वह 10 मार्च को अपने एक संबंधी के निधन में शामिल हुई थी। मृतक संबंधी स्वाइन फ्लू से ग्रसित थे। वहां से घर पर आने पर महिला को सर्दी-जुकाम की समस्या हुई तो उसने 11 मार्च को मेडिकल कॉलेज में कोविड जांच कराई, जिसमें वह संक्रमित मिली है। संक्रमित आने के बाद लखनऊ आईडीएसपी ने बरेली आईडीएसपी को सूचना दी है। महिला होम आईसोलेशन में है।

जेजेएम के सभी प्रोजेक्ट को जून तक पूरा कर लें: रतूड़ी

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई मिशन की शीर्ष समिति की बैठक

देहरादून में जल जीवन मिशन की शीर्ष समिति की बैठक लेतीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी। ● अमृत विचार

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वर्तमान में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत संचालित सभी परियोजनाओं को जून तक पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्य सचिव ने सभी 13 जिलों में शत-प्रतिशत एफएचटीसी (फंक्शनल हाउसहॉल्ड टेप कनेक्शन) कवरेज पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेष रूप से स्कूलों में पेयजल, बेसिन के साथ ही शौचालयों में जलापूर्ति के सौ फीसदी लक्ष्य को पूरा करने की डेडलाइन भी अधिकारियों को दी है।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत जल जीवन मिशन की चतुर्थ शीर्ष समिति की बैठक सचिवालय में सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने देहरादून तथा टिहरी जिलों में 500 गांवों को स्वच्छ सुजल ग्राम बनाने के पायलट प्रोजेक्ट पर तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस प्रोजेक्ट के तहत सहभागी स्प्रिंग शेड प्रबन्धन (जल स्रोत संरक्षण/पुनर्जीवीकरण) तथा जल आपूर्ति योजनाओं के माध्यम से देहरादून व टिहरी के 500 गांवों को मॉडल वॉश विलेज बनाना है। सीएस ने जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट्स की थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग को भी टाइमबाउंड करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मुख्य सचिव रतूड़ी ने जल जीवन मिशन (एसडब्ल्यूएसएम तथा डीडब्ल्यूएसएम) के कर्मचारियों के मूल्यांकन के आधार पर वेतन वृद्धि के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राज्य में एफएचटीसी कवरेज 92.75 प्रतिशत है तथा राज्य के पांच जिलों में एफएचटीसी कवरेज 99 प्रतिशत से अधिक है। चार जिलों में 90 से 99 प्रतिशत है तथा अन्य चार जिलों में 80 से 90 प्रतिशत है।

बैठक में सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, अपर सचिव डॉ. अहमद इकबाल, नितिन भदौरिया व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सीएम ने पंचायती वन निर्देशिका 2023 का किया विमोचन

देहरादून, अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैंप कार्यालय में पंचायती वन निर्देशिका 2023 का विमोचन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के प्रारम्भ से ही पंचायती वनों से पंचायती वन नियमावली के अनुसार स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है। राज्य सरकार द्वारा भी विभिन्न ऐसी योजनाओं का संचालन किया गया है जिससे वन पंचायतों से जुडे. स्थानीय ग्रामीणों को वन संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जागरूक करने के साथ ही विभिन्न आयपरक योजनाओं एवं उस क्षेत्र में ही लघु एवं कुटीर उद्योग से लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इस वन पंचायत निर्देशिका के प्रकाशन से आम जनमानस को वन पंचायतों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी। साथ ही पाठकों के लिए भी यह निर्देशिका अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी।

इस अवसर पर वन मंत्री सुबोध उनियाल, प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक, प्रमुख वन संरक्षक वनपंचायत डॉ. धनंजय मोहन, मुख्य वन संरक्षक डॉ. पराग मधुकर धकाते मौजूद रहे।

हाउस ऑफ हिमालयाज के ई कॉमर्स पोर्टल का शुभारंभ किया

सचिवालय में हाउस ऑफ हिमालयाज के ई कॉमर्स पोर्टल का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री धामी व अन्य। ● अमृत विचार

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में हाउस ऑफ हिमालयाज के ई कॉमर्स पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने हाउस ऑफ हिमालय पर आधारित वीडियो और वेब पोर्टल का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इन्वेस्टर समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों का एक ब्रांड है, जिसे हम सबने मिलकर देश के साथ ही दुनियाभर में पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इसका ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तैयार होने से यह निश्चित ही जन-जन तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड महज एक ब्रांड नहीं अपितु राज्य में हजारों मातृ शक्ति की आजीविका का साधन है। विभिन्न स्वयं सहायता समूह एवं उनके उत्पाद इससे जुड़े हैं।

सचिव राधिका झा ने हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रथम चरण में 21 उत्पादों को हाउस ऑफ हिमालयाज में लिया गया है। साथ ही तीन लेवल पर उत्पादों का क्वालिटी चेक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वेब पोर्टल में विभिन्न उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी गई है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, राधिका झा, सचिव पंकज पांडे, सचिव अरविंद ह्यांकी, सचिव नीरज खैरवाल, सचिव दीपेंद्र चौधरी, अपर सचिव मनुज गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश

यूपी में पयर्टन की अपार संभावनाएं: जयवीर सिंह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश धार्मिक, आर्थिक और प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। यहां पर्यटन की संभावनायें हैं। सरकार भी प्रयासरत है। दुनिया भर के टॉप ब्रांड आज अयोध्या में होटल बना रहे हैं। 2023 में करीब 48 करोड़ घरेलू पर्यटक यूपी पहुंचे थे। यह बात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में यूपी सरकार और फिक्की की ओर से आयोजित यूपी ट्रेवल मार्ट-2024 के दौरान पत्रकारों से कही।

मंत्री ने कहा प्रदेश में पर्यटन स्थल की खासियत और पर्यटकों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी यूपी ट्रेवल मार्ट के जरिये की जा रही है। पर्यटन स्थल वहां से जुड़ी कहानियों की जानकारी से लोगों का आकर्षित करते हैं। बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने में कानून व्यवस्था और कनेक्टिविटी का योगदान होता है। इन तीनों मामलों में यूपी बेहतर है। बता दें सरकार के पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने मिलकर यूपी ट्रैवल मार्ट (यूपीटीएम) के छठे संस्करण का आयोजन 25 से 29 अप्रैल 2024 तक गोरखपुर में करने की घोषणा की है। इसी को लेकर आयोजित कर्टन रेजर में फिक्की और यूपी पर्यटन और उप-समिति के अध्यक्ष प्रतीक हीरा ने यूपी ट्रैवल मार्ट की जानकारी दी।

दूसरे दिन निधि ने घर पर शुरू किया धरना

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: कवियत्री मधुमिता शुक्ला की बहन निधि शुक्ला ने अपने घर पर कांग्रेस विरोधी बैनर लगाकर धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने मंगलवार को अमरमणि के बेटे अमनमणि को दो दिन पहले कांग्रेस में शामिल कराए जाने पर विरोध जताया। उनका कहना है कि वह नौ साल से कांग्रेस में हैं। अब उनके बहन के हत्यारे के बेटे अमनमणि को कांग्रेस में ज्वाइन करा दिया गया है। निधि ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मांग की है कि अमनमणि को बाहर निकाल दिया जाए या फिर उनको निकाल दिया जाए।

शहर के मोहल्ला मिश्राना निवासी कवियत्री मधुमिता की बहन निधि शुक्ला प्रदेश कांग्रेस में पीसीसी सदस्य हैं। वह मंगलवार को सुरक्षा गार्डों के साथ कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं और धरने पर बैठने की कोशिश की। इसी बीच एलआईयू को इसकी जानकारी हुई तो कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने उन्हें सुरक्षा का हवाला देते हुए कांग्रेस कार्यालय पर धरना देने से मना किया। इस पर वह मान गईं और दोपहर बाद अपने घर पहुंची और धरने पर बैठ गईं। निधि शुक्ला के धरने पर बैठने की जानकारी मिलते ही प्रशासन में हलचल मच गई। हालांकि पुलिस और प्रशासन का कोई अफसर उनके पास नहीं पहुंचा, लेकिन प्रशासनिक अफसर निगरानी बनाए हुए हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने बताया कि निधि शुक्ला मनोनीत पीसीसी सदस्य हैं। उनका यह निजी मसला है। पार्टी का इससे दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। पार्टी में जो आएगा उसका स्वागत है। निधि ने जो बैनर लगाया है उसे पूरे घटना क्रम के साथ संगठन मंत्री अनिल यादव को भेज दिया है। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने कहा कि निधि शुक्ला अपने घर पर धरने पर बैठी हैं। पहले से ही सुरक्षा गारद उनके पास है, इसलिए अलग से पुलिस के जाने का कोई औचित्य नहीं है।

धरने पर बैठी निधि शुक्ला।

घर के बाहर धमाका होने का लगाया था आरोप

निधि शुक्ला ने सोमवार तड़के घर पर तेज धमाका होने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि धमाका उनकी बहन के कातिल पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी ने कराया है। मौके पर पहुंची पुलिस को एक जीवित कारतूस मिला था। हालांकि पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। वह इस पर कुछ कहने से बच रही है।

बैनर में लिखा कांग्रेस का हाथ हत्यारों के साथ

कांग्रेस की पीसीसी सदस्य निधि शुक्ला ने धरना स्थल पर जो बैनर लगाया है उसमें साफ लिखा है कि कांग्रेस का हाथ, हत्यारों के साथ। न्याय के लिए निधि का अनशन। बैनर पर लिखी इन बातों की चर्चा पूरे दिन होती रही।

पासपोर्ट के 4 अधिकारियों समेत पांच के खिलाफ केस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सीबीआई ने पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद के चार अधिकारियों समेत पांच लोगों के खिलाफ मंगलवार को एक केस दर्ज किया है।

रीजनल पासपोर्ट ऑफिस गाजियाबाद के पासपोर्ट असिस्टेंट रवि किशन, चंद्रकांत, सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार, जंदैल सिंह और प्राइवेट पर्सन मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद फरहान गौड को मुकदमे में नामजद किया गया है। आरोप है कि पेंडिंग पासपोर्ट के निस्तारण के नाम पर पासपोर्ट असिस्टेंट रविकिशन ने मोहम्मद फरहान गौड़ के जरिये 14 जून 2022 से 14 जून 2023 के बीच 73 हजार रुपए की रकम घूस के रूप में ली। फरहान ने ये पैसा यूपीआई और अपने परिचित लोगों के वॉलेट, बैंक खाते से ट्रांसफर किया। इसके अलावा पासपोर्ट सहायक चंद्रकांत ने 8 अगस्त 2022 से 3 जनवरी 2023 के बीच 59700 रुपए मोहम्मद फरहान से लिए। सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार ने 28 सितंबर 2022 से 2 जुलाई 2023 के बीच मोहम्मद फरहान से 22900 रुपए लिए। सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट जंदैल सिंह ने भी 13 जून 2023 को एक लंबित पासपोर्ट जारी करने के बदले मोहम्मद फरहान से दो हजार रुपए लिए।

एटीएम कार्ड बदलकर 54 हजार निकाले

बिजनौर, अमृत विचार : एटीएम बूथ में झांसा देकर एटीएम कार्ड बदल कर खाते से 54 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

गांव मोमिनपुर उर्फ गिलाड़ी निवासी अमन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। वह अपने खाते का एटीएम लेकर पैसे निकालने के लिए फुलसंदा में एटीएम में गया था। तभी एक युवक आया और एटीएम सही से लगाने की बात कहते हुए उसका एटीएम लगाने लगा और एटीएम कार्ड बदल दिया। इसके बाद ढक्का कर्मचंद स्थित एटीएम से उसके खाते से 54,000 रुपये निकाल लिए गए।

सेना की वर्दी में पकड़े युवक को भेजा जेल

संवाददाता, बरेली/कैंट

अमृत विचार : कैंट क्षेत्र में सेना की वर्दी पहनकर घूमते पकड़े गए अखिल कलिता को पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने 25 सौ रुपये में मोबाइल बेचकर सेना की वर्दी खरीदी थी।

पुलिस हिरासत में आरोपी अखिल कलिता ने बताया कि उसे बचपन से ही सेना की वर्दी पहनने का बहुत शौक था, लेकिन वह सेना में भर्ती नहीं हो सका। वह घर पर किराने की दुकान चलाता था। परिवार में एक छोटे भाई के अलावा माता-पिता हैं। पिता वीरेंद्र कलिता रेलवे से रिटायर हैं। किसी बात को लेकर पांच फरवरी को पिता से उसका विवाद हो गया था। गुस्से में पिता ने घर से निकाल दिया। घर से निकलने के बाद उसने 25 सौ रुपये में अपना मोबाइल बेच दिया। साथ ही असम से 600 रुपये में सेना की वर्दी और 200 रुपये में जूते खरीदे, जिन्हें पहनकर वह मुंबई चला गया। वहां पर एक होटल पर नौकरी करने लगा। उसने बताया कि होटल मालिक शाम को सिर्फ खाने को खाना देता था और सौ रुपये शराब पीने को देता था। कुछ दिनों पहले वहां से आकर वह कानपुर में रहने लगा।

चार शहरों में होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा (आरईटी) 15 से 20 मार्च के बीच प्रस्तावित है। जल्द ही परीक्षा की तिथि निर्धारित की जाएगी। परीक्षा बरेली के अलावा चार शहरों में कराई जाएगी, इसके लिए केंद्र निर्धारित करने की तैयारी की जा रही है।

शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने बताया कि परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 15 से 20 मार्च निर्धारित की गई है। जल्द ही परीक्षा की तिथि आवेदन करने वाले छात्रों को बताई जाएगी। विवि और शोध निदेशालय की वेबसाइट पर भी इसकी जानकारी दी जाएगी। परीक्षा के लिए करीब 28 सौ अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। बरेली के अलावा मेरठ, गाजियाबाद व लखनऊ में केंद्र बनाए जाएंगे।

सीएम बरेली को देंगे करोड़ों की सौगात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को करीब दो घंटे शहर में रहेंगे। इस दौरान वह बरेली कॉलेज ग्राउंड पर जनसभा को संबोधित करने के साथ करीब 328 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मंगलवार को पूरे दिन अफसर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां करने में जुटे रहे।

मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लखनऊ से जारी होने के बाद अफसर तैयारियों में जुट गए। कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री का हैलिकॉप्टर फर्रुखाबाद के सातनपुर से उड़ान भरकर 3.35 बजे पुलिस लाइन के हैलिपैड पर उतरेगा। यहां 20 मिनट का समय आरक्षित रहेगा, 3.55 बजे मुख्यमंत्री कार से बरेली कॉलेज में जनसभा स्थल के लिए निकलेंगे। शाम चार से पांच बजे के बीच वह 328.43 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के साथ यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे। बरेली कॉलेज ग्राउंड पर ही वह कुतुबखाना पुल का भी लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री 141.14 करोड़ की पांच परियोजनाओं का लोकार्पण, 187.29 करोड़ की 59 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। सीबीगंज में महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आईटी पार्क की भी नींव रखेंगे। कई सड़कों का भी शिलान्यास करेंगे। जनसभा के बाद पांच बजे डेलापीर यानी आदिनाथ चौराहे के लिए निकलेंगे। 5.10 बजे यहां डमरू का अनावरण करेंगे। 5.20 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पहुंचकर राजकीय वायुयान से लखनऊ रवाना हो जाएंगे।

कमिश्नर ने की तैयारियों की समीक्षा

कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उधर, बरेली कॉलेज मैदान पर मुख्यमंत्री की जनसभा के लिए मंगलवार को पूरे दिन मंच बनाने की तैयारियां चलती रहीं। डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स, सीडीओ जग प्रवेश ने बरेली कॉलेज पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इसके अलावा सांसद संतोष गंगवार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, विधायक एमपी आर्या, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना और जिलाध्यक्ष पवन शर्मा समेत कई भाजपा नेता भी तैयारियां देखने पहुंचे।

तमंचे के जोर पर सर्राफ से लूटा बैग

बरेली/सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज में सर्राफ से बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के जोर पर बैग लूट लिया। विरोध करने पर डंडा मारकर घायल कर दिया। बैग में लाखों रुपये की कीमत के सोने चांदी के आभूषण, मोबाइल और नकदी थी। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

किला के मोहल्ला कटघर निवासी ओमप्रकाश रस्तोगी ने बताया कि उनकी सीबीगंज के गांव सहसिया हुसैनपुर गांव में ओम ज्वैलर्स के नाम से ज्वेलरी शॉप है। वह सोमवार की शाम करीब पांच बजे दुकान बंद कर अपनी बाइक से घर जा रहे थे। गन्ना सेंटर बलराम के फार्म के पास पहुंचे तभी बाइक सवार तीन लुटेरों ने हमला बोल दिया।

रुपये का लालच देकर बालिका से किया दुष्कर्म

संवाददाता, पटवाई (रामपुर)

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव में छह वर्षीय बालिक के साथ 40 वर्ष के युवक ने 10 रुपये का लालच देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण के अनुसार, गांव निवासी व्यक्ति गांव में झूला लगाता है। सोमवार को उसकी छह वर्षीय पुत्री झूला झूलने के लिए गई थी। आरोप है कि झूला मालिक उसकी पुत्री को 10 रुपये का लालच देकर गांव के ही सामुदायिक शौचालय में ले गया। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे वह बेहोश हो गई। उसे बेहोशी की हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गया। बताया कि बालिका होश में आने के बाद रोती हुई घर आई। यहां उसने परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजपाल के खिलाफ सोमवार रात्रि रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी अभी फरार है।

मामला

▸▸ आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज क्षेत्र के एक गांव की घटना

यतीमखाने के मामलों में दर्ज कराए बयान

रामपुर, अमृत विचार: एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में मंगलवार को यतीमखाना प्रकरण के दो मामलों में सुनवाई हुई। इंस्पेक्टर ने अपने बयान दर्ज कराए। दूसरे मामले में आजम खां के अधिवक्ता ने जिरह की। अब इन दोनों मामलों में 20 मार्च को सुनवाई होगी। डूंगरपुर के एक मामले में भी सुनवाई हुई। इसमें अब 13 मार्च को सुनवाई होगी।

सपा शासन में शहर कोतवाली स्थित यतीमखाना बस्ती को खाली कराया गया था। इसे लेकर शहर कोतवाली में मामले दर्ज किए गए थे। वर्ष 2019 में कई मामले दर्ज किए गए थे। इसमें सपा नेता आजम खां, पूर्व सीओ आले हसन समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया था।

कोर्ट गैरकानूनी रिश्तों का समर्थन नहीं कर सकती

विधि संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव- इन रिलेशनशिप में रह रहे जोड़े द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका पर विचार करते हुए कहा कि अपने जीवनसाथी को तलाक दिए बिना एक- दूसरे के साथ रहने वाले लोगों को सुरक्षा देने से हिंदू विवाह अधिनियम का उल्लंघन होगा।

कोर्ट ऐसे रिश्ते का समर्थन नहीं कर सकती जो कानून का उल्लंघन हो, क्योंकि इससे समाज में अराजकता फैलने का भय रहता है, साथ ही देश के सामाजिक ताने-बाने को भी नुकसान होगा। हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार अगर किसी व्यक्ति का जीवन साथी जीवित है तो उसे तलाक की डिक्री प्राप्त किए बिना किसी अन्य व्यक्ति से विवाह नहीं करना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकल पीठ ने पूजा कुमारी और अन्य द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को खारिज करते हुए पारित किया और याचियों पर 2000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। याची (महिला) पुष्पेंद्र कुमार की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी है और अन्य याची (पुरुष) अनिता कुमारी नाम की महिला का पति है। दोनों याची अपने विवाहित साथी से तलाक की डिक्री प्राप्त किए बिना लिव- इन रिलेशनशिप में एक-दूसरे के साथ रह रहे हैं।

सीएए से घबराने की जरूरत नहीं

लखनऊ, अमृत विचार : पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री ने कहा कि बीजेपी ने राजनैतिक फायदा लेने की कोशिश में सीएए को लागू कर दिया है। इसको लेकर मुस्लिम समाज को घबराने की जरूरत नही है।

पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी की ओर से जारी प्रेस में नोट में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा सीएए कानून लागू किये जाने पर मुसलमानों को घबराने की जरूरत नहीं है। यह कानून नागरिकता देता है, छीनता नहीं है। मंसूरी ने कहा कि भारतीय संविधान में लिखा है कि देश में किसी भी धर्म के शरणार्थियों को नागरिकता दी जा सकती है, सरकार को संविधान की इस बात पर विचार करना चाहिए।

क्षेत्र में दिखा गुलदार लोगों में फैली दहशत

संवाददाता, अफजलगढ़ (बिजनौर)

अमृत विचार : काशीपुर-जसपुर मार्ग स्थित एक टाईल्स की दुकान के समीप बीती रात गुलदार सड़क किनारे झाड़ियों में बैठा दिखाई दिया। कार सवार युवकों ने सड़क किनारे बैठे गुलदार का अपने मोबाइल फोन से वीडियो बना लिया। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाकर गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र में आए दिन गुलदार दिखाई देने की घटनाएं सामने आती रही हैं। बीती रात काशीपुर-जसपुर मार्ग स्थित टाईल्स की दुकान के समीप सड़क किनारे झाड़ियों में एक गुलदार दिखाई दिया। वहां से गुजर रहे कार सवार युवकों ने इसकी वीडियो बना ली। क्षेत्र में गुलदार दिखने से दहशत का माहौल है।

नगर निवासी कासिफ अंसारी, नवेद, विशाल, वसीम अब्बासी, नदीम अहमद तथा अनवर आदि ने बताया कि अंधेरा होते ही काशीपुर-जसपुर मार्ग पर सड़क किनारे गुलदार दिखाई दिया। उन्होंने वन विभाग से गुलदार को पकड़कर जंगल में छोड़ने की मांग की है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 डीएमओ 885 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1850, राज श्री 1380, फॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1630, जय जवान 1450, सचिन 1540, सूरज 1475, अवसर 1580, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1720, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी पड़कर 3.8% पर

जनवरी के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आंकड़े जारी, दिसंबर वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत थी

नई दिल्ली, एजेंसी

विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से जनवरी, 2024 में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी होकर 3.8 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाले कारखाना उत्पादन की वृद्धि जनवरी, 2023 में 5.8 प्रतिशत रही थी। वहीं, एक महीने पहले दिसंबर, 2023 में आईआईपी की वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत रही थी, जबकि नवंबर में यह 2.4 प्रतिशत रही थी। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह यानी जनवरी तक औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 5.9 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन 5.5 प्रतिशत बढ़ा था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा-जनवरी, 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 3.8 प्रतिशत बढ़ गया।

नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि जनवरी में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.5 प्रतिशत थी। जनवरी के महीने में बिजली क्षेत्र का उत्पादन भी धीमी 5.6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। एक साल पहले इसी अवधि में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 12.7 प्रतिशत बढ़ा था। इसके अलावा समीक्षाधीन महीने में खनन उत्पादन वृद्धि भी साल भर पहले के नौ प्रतिशत के मुकाबले घटकर 5.9 प्रतिशत रह गई। देश में उपयोग पर आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, जनवरी माह में पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि घटकर 4.1 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 10.5 प्रतिशत रही थी।

खुदरा मुद्रास्फीति मामूली नरम होकर 5.09% पर

खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में मामूली घटकर चार महीने के निचले स्तर 5.09 प्रतिशत पर आ गई। इसके साथ, यह लगातार छठे महीने भारतीय रिजर्व बैंक के दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक दायरे में है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी के बावजूद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में 5.1 प्रतिशत के लगभग बराबर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं की महंगाई फरवरी में 8.66 प्रतिशत रही जो इससे पिछले महीने 8.3 प्रतिशत से मामूली अधिक है। मासिक आधार पर सब्जियों, फल, तेल और वसा, दाल तथा उसके उत्पादों की महंगाई में मामूली कमी आई।

मांडविया ने जन औषधि केंद्र संचालकों के लिए शुरू की ऋण योजना

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि जन औषधि केंद्रों के संचालकों के लिए सिडबी की ऋण सहायता योजना इस नेटवर्क को आगे बढ़ाने और मजबूती देने में मददगार साबित होगी। मांडविया ने ऋण सहायता योजना और इसके लिए एक समर्पित वेबसाइट की शुरुआत करने के बाद कहा कि जन औषधि केंद्र के छोटे संचालकों को बिना किसी गारंटी के सिडबी से कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिडबी की इस योजना से जन औषधि केंद्र के संचालकों को कारोबार शुरू करने या उसका विस्तार करने में मदद मिलेगी। ऐसे कर्ज पर गारंटी, चाहे कार्यशील पूंजी हो या सावधि ऋण को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) की तरफ से मुहैया कराया जा रहा है।

आंकड़ों की कमी से किसानों की आय का पता लगाना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद बोले-ये कमी बन गई है बाधा

नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा है कि किसानों की आय दोगुनी हई है या नहीं, इसका पता लगाने के रास्ते में कृषकों और अन्य स्रोतों से उनकी आय को लेकर आंकड़ों की कमी बाधा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसान गैर-कृषि स्रोतों से अधिक कमाई कर रहे हैं।

रमेश चंद ने यह भी कहा कि कृषि वस्तुओं की कीमतें किसी कानून के जरिये तय नहीं की जा सकती, क्योंकि इसके गंभीर प्रभाव हैं। यह न तो कृषि क्षेत्र और न ही किसानों के हित में हैं। उन्होंने बातचीत में कहा-सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया था ताकि हम इसके लिए और अधिक प्रयास करें। इस लक्ष्य के हिसाब से हम कहां हैं, इसका आकलन करने की जरूरत है। लेकिन आवश्यक आंकड़े हमारे पास उपलब्ध नहीं है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2016 में 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों के बारे में सुझाव देने को लेकर अप्रैल, 2016 में अंतर-मंत्रालयी समिति बनाई गई थी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,400
गिन्नी (प्रति नग)	50,200-50,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,400
सोना जेवरात गिन्नी	64,400
चांदी पक्की	733 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,400
चांदी आभूषण	73,800।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 110 मसूरी 98 बासमती 150, **दाल दलहन**-काला चना 120 साबुत चना दाल 112 मूंग साबुत 98-128 राजमा 156 दाल उड़द 120 साबुत मसूर दाल 119 मसूर दाल 76-109 उड़द साबुत 120 काबुली चना 70-144 अरहर दाल 163 लोबिया/करमानी 90-135 सोयाबीन 120 मूंगफली 78-130 मटर (सूखी) 61 मक्का 18-30 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 चना कावली: 145 से 160 राजमा लाल: 155 राजमा चित्ता: 145 लोबिया लाल: 94 लोबिया सफेद: 98 रुपये।

यूएसएफओ, प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी की साझेदारी

नयी दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) के अंतर्गत सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) ने प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता किया है। यह समझौता देश भर में सस्ती और सुलभ डिजिटल सेवाओं का प्रसार करेगा।

समझौते का उद्देश्य सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के अंतर्गत भारतनेट बुनियादी ढांचे पर आधारित ग्रामीण भारत के लिए ब्रॉडबैंड सेवाओं को ओटीटी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ सहयोग करना है। डिजिटल नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना और अटूट प्रतिबद्धता ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए संपर्क, सामग्री और वाणिज्य के समन्वय वाले इस अद्वितीय सहयोग को रेखांकित करती है।

यूएसओएफ देश में ग्राम पंचायतों और गांवों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड तथा मोबाइल कनेक्शन को सक्षम बनाने में सहायक रहा है। किया गया यह समझौता ज्ञापन प्रत्येक उपभोक्ताओं के बीच समूह प्रसार भारती ओटीटी को एक सेवा के रूप में सक्षम करेगा।

जीडीपी वृद्धि दर 8% के करीब रहेगी: नागेश्वरन

मुंबई, एजेंसी

- मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले उत्साह में सजग रहने की जरूरत

उद्योग और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को यह बात कही।

उन्होंने पंजीकृत निवेश सलाहकार संघ (एआरआईए) के एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिसे संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धि सांख्यिकी मंत्रालय के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक होगी। उन्होंने कहा कि निकट अवधि में भारत की संभावनाओं के बारे में आशावादी होने के कई कारण हैं।

नागेश्वरन ने कहा-अगर चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े उस गति से बहुत कम नहीं होते हैं, जो हमने पहली तीन तिमाहियों में देखे हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत के बजाय आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। गौरतलब है कि सांख्यिकी मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। उन्होंने हालांकि जीत की खुशी से प्रभावित हुए बिना लक्ष्य की ओर विनम्रता के साथ काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक देश के रूप में हमें उच्च गति छोटी अवधि के लिए नहीं, बल्कि लंबी अवधि के लिए बनाए रखनी है। सीईए ने कहा कि 2023-24 में उद्योग और सेवाओं में वृद्धि भी देखी जा रही है।

राष्ट्रीय

10 साल तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत दूर तक जाना है : मोदी

प्रधानमंत्री ने की गुजरात के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक की शुरुआत

- मोदी ने गुजरात से 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान के शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के पास देश की विरासत को बचाने की ''राजनीतिक इच्छाशक्ति'' नहीं थी और जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, उसका भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद शहर के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक 'मास्टरप्लान' की शुरुआत की और 12 मार्च, 1930 को महात्मा गांधी द्वारा निकाले गए प्रसिद्ध दांडी मार्च या नमक मार्च के 94 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम का भी उद्घाटन किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात से 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि ये 10 साल का काम सिर्फ एक ट्रेलर है, मुझे अभी लंबा सफर तय करना है।

प्रधानमंत्री ने कहा-जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, वह अपना भविष्य भी खो देता है। साबरमती आश्रम न सिर्फ देश, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए एक धरोहर है। मोदी ने कहा-साबरमती आश्रम न केवल हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बल्कि विकसित भारत के लिए भी तीर्थस्थल बन गया है। आज बापू की सोच हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य को एक स्पष्ट दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बनी सरकारों के पास देश के ऐसे धरोहर स्थलों को संजोकर रखने के लिए कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी। कहा-इसका एक कारण भारत को विदेशी नजरिए से देखने की आदत थी और दूसरा कारण, तुष्टीकरण की मजबूरी थी।

85,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को 10 नयी वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत करने के साथ 85,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने यहां 'डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (समर्पित माल ढुलाई गलियारा यानी डीएफसी) परिचालन नियंत्रण केंद्र' का दौरा करने के बाद गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती क्षेत्र से परियोजनाओं की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने रेलवे कार्यशालाओं, लोको शेड, पिट लाइन/कोचिंग डिपो, फलटण - बारामती नयी लाइन और इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रणाली उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी तथा पूर्वी डीएफसी के न्यू खुर्जा से साहनेवाल (401 मार्ग किमी) खंड और पश्चिमी डीएफसी के न्यू मकरपुरा से न्यू घोलवड खंड (244 मार्ग किमी) के बीच समर्पित माल गलियारे के दो नए खंड राष्ट्र को समर्पित किए। उन्होंने चार वंदे भारत ट्रेनों के विस्तार की भी शुरुआत की। उन्होंने विभिन्न रेलवे स्टेशन पर 50 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किए।

आप अयोग्य ठहराए जाने पर कोर्ट क्यों नहीं गए

नई दिल्ली, एजेंसी

अयोग्यता मामला

- उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस के 6 बागी विधायकों से किया सवाल

उच्चतम न्यायालय ने हाल में राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों से मंगलवार को पूछा कि वे उन्हें अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 29 फरवरी को पार्टी व्हिप का 'उल्लंघन' करने पर कांग्रेस की अर्जी पर छह विधायकों को (सदन की सदस्यता के लिए) अयोग्य करार दिया था। इस व्हिप के अनुसार, उन्हें विधानसभा में मौजूद रहकर बजट के पक्ष में मतदान करना था। बागी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी, जो न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्र की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आयी। इन याचिकाकर्ताओं के वकील ने यह कहते हुए पीठ से इस मामले की सुनवाई 15 या 18 मार्च के लिये स्थगित कर देने का अनुरोध किया कि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे उनकी ओर से पेश होंगे, लेकिन वह सुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं। इस पर न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा-लेकिन, हमें एक बात बताइए, आप उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए?'' जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने याचिका में इसकी वजह स्पष्ट की है और यह कि वे विधायक के रूप में निर्वाचित हुए हैं, तब पीठ ने कहा कि यह मौलिक अधिकार नहीं है। वकील ने कहा कि यह दुर्लभ मामला है, जहां 18 घंटे के अंदर विधानसभा अध्यक्ष ने हमें अयोग्य करार दिया। पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च तय की। याचिकाकर्ताओं ने पठानिया, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा अन्य को इस याचिका में प्रतिवादी बनाया है। कांग्रेस के इन बागियों ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था और बाद में वे बजट पर 'मत विभाजन' में अनुपस्थित रहे थे।

एक नजर

मुंबई में इमारत गिरने से 3 श्रमिकों की मौत

मुंबई। मुंबई के बोरीवली में मंगलवार को एक निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा गिर जाने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब एक बजे सोनी वाडी इलाके में कल्पना चावला चौक पर हुई। बताया कि निर्माणाधीन 24 मंजिला इमारत की 16वीं मंजिल पर स्थित मचान का कुछ हिस्सा गिर गया, जिससे चार श्रमिक घायल हो गए। उन्हें कांदिवली स्थित शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से तीन श्रमिकों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे पीड़ित की हालत गंभीर है।

छह वाट का बल्ब बचाएगा 30 प्रतिशत बिजली

नई दिल्ली। ऊर्जा बचत समाधान मुहैया कराने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ईईएसएल ने मंगलवार को छह वाट के एलईडी बल्ब की पेशकश की। इस बल्ब से बिजली की खपत में लगभग 30 प्रतिशत की बचत होगी। यह एलईडी बल्ब किफायती प्रकाश योजना उजाला के तहत उपभोक्ताओं को मिलेगा। बता दें कि एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) बिजली मंत्रालय के तहत एक संयुक्त उद्यम है।

मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, जैन और सिख शरणार्थियों को सम्मानित किया

हैदराबाद, एजेंसी

- तेलंगाना में अमित शाह ने स्वयंसेवकों की बैठक को किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के जरिये हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन शरणार्थियों को नागरिकता देकर सम्मानित किया है। यहां भाजपा सोशल मीडिया स्वयंसेवकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण सीएए का विरोध किया।

शाह ने सीएए लागू करने को जायज ठहराते हुए कहा, ''हमने कहा था कि हम सीएए लाएंगे। कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया।'' उन्होंने कहा, ''आजादी के बाद कांग्रेस और हमारे संविधान निर्माताओं का यह वादा था कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में धार्मिक आधार पर सताये गए लोगों को भारत आने पर नागरिकता प्रदान की जाएगी, लेकिन तुष्टीकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से लाखों-करोड़ों लोग अपनी आस्था और सम्मान को बचाने के लिए भारत आए लेकिन उन्हें नागरिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा-नागरिकता नहीं मिलने से उन्होंने अपने देश में खुद को अपमानित महसूस किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख शरणार्थियों को नागरिकता देकर उनका सम्मान किया है। शाह ने अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, तीन तलाक को खत्म करने और देश के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने जैसी मोदी सरकार की कुछ उपलब्धियों को रेखांकित किया।

राहुल ने महाराष्ट्र में किया जातिगत गणना का वादा

मुंबई, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो वह जातिगत गणना और आर्थिक एवं वित्तीय सर्वेक्षण कराएगी तथा भाजपा नीत शासन में 'कमजोर' हुए वन अधिकार अधिनियम को भी मजबूत करेगी।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात से महाराष्ट्र में प्रवेश करने के बाद आदिवासी-बहुल नंदुरबार जिले में उन्होंने कहा कि भारत की आबादी में आदिवासियों की आठ प्रतिशत हिस्सेदारी है और कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें विकास में उनकी जनसंख्या के अनुरूप हिस्सा मिले। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार 50% अधिक आदिवासी आबादी वाले गांवों को "संविधान की छठी अनुसूची" में शामिल करेगी, ताकि स्थानीय स्तर के फैसले आदिवासियों की सहमति के बिना लागू नहीं किए जा सकें।

केंद्र सरकार ने बनाई न्यूज एजेंसी अनुराग ठाकुर आज करेंगे शुभारंभ

नई दिल्ली, ब्यूरो: केंद्र सरकार ने समाचार एजेंसियों की तर्ज पर अपनी न्यूज एजेंसी का सृजन किया है। इसका शुभारंभ केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर आज करेंगे।

सरकारी न्यूज एजेंसी शुरू करने की संरचना प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने तैयार की थी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यह न्यूज़ एजेंसी ऑनलाइन हो जाएगी। कोई भी देश का नागरिक समाचार माध्यम जैसे अखबार, मैगजीन, यू ट्यूबर, डिजिटल मीडिया आदि इस एजेंसी के माध्यम से फ्री सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

राशन वितरण घोटाले में शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राशन वितरण में कथित घोटाले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के सिलसिले में, तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। ईडी ने मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को इससे पहले गिरफ्तार किया था। वह 2011 से 2021 तक प्रदेश सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री थे। न्यायमूर्ति देबांगशु बासक ने शेख के वकील और ईडी की दलीलें सुनने के बाद अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी। इससे पहले, ईडी ने शेख की याचिका का विरोध किया।

मोरारजी देसाई योग संस्थान में 9 माह से निदेशक नहीं

नई दिल्ली, ब्यूरो

लापरवाही

- आयुष मंत्रालय को अपनी पसंद की है तलाश

अमृत विचार: उत्तर भारत के योग क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाने वाला "मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान" पिछले 9 माह से नेतृत्व विहीन है। डा. ईश्वर वी बसवारेड्डी द्वारा गत वर्ष अवकाश ग्रहण करने के बाद निर्देशक का पद रिक्त है।

संस्थान के सूत्रों के मुताबिक डॉ. बसवारेड्डी गत वर्ष 30 जून को रिटायर हुए थे। उससे पहले इस पद पर योग्य उम्मीदवार के लिए विज्ञापन भी जारी किया गया था लेकिन आयुष मंत्रालय ने किसी को भी उक्त पद के लिए उपयुक्त नहीं समझा और मंत्रालय के एक निदेशक विक्रम सिंह को कार्यवाहक के रूप में संस्थान की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी गई। उन्होंने 13 दिसंबर तक निदेशक पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। इसी बीच चर्चा थी कि किसी योग गुरु को निदेशक बनाया जाएगा। लेकिन 22 दिसंबर को आयुष मंत्रालय की एक अन्य निदेशक विजय लक्ष्मी भारद्वाज को अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया गया। इसकी वजह से मंत्रालय के तमाम फैसले काफी विलंब से हो रहे हैं क्योंकि क्योंकि फुल टाइमर निदेशक नहीं है।

उल्लेखनीय है कि अशोक रोड स्थित मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान का परिसर कभी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योग गुरु धीरेंद्र ब्रह्मचारी का आवास हुआ करता था। उनकी मृत्यु के बाद शहरी विकास मंत्रालय ने यह परिसर धीरेंद्र ब्रह्मचारी के शिष्यों से खाली करवा लिया और वहां पर आलीशान इमारत बनवाकर मोरारजी देसाई योग संस्थान की स्थापना कर दी गई थी। स्थापना के कई वर्षों बाद तक इस संस्थान में केवल डिप्लोमा होता था। लेकिन पूर्व निदेशक डा. बसवारेड्डी के अथक प्रयासों के चलते इसमें बीएससी एवं एमएससी पाठ्यक्रम को भी लागू कर दिया गया। इन दिनों पीएचडी पाठ्यक्रम की भी तैयारी चल रही थी और इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की भी प्रक्रिया शुरू हुई थी। मगर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेदिक लॉबी के दबाव के चलते इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने का फैसला वापस ले लिया गया और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में योग की जगह आयुष विश्वविद्यालय बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई।

कुल मिलाकर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सकों की वजह से योग संस्थान में ग्रहण लगा हुआ है।उसका सबसे बड़ा उदाहरण 9 माह से निदेशक पद पर किसी की नियुक्ति न होना है।

इस संबंध में योग संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि निदेशक पद पर किसी योग्य योग गुरु को नियुक्त करने के लिए दो-दो बार विज्ञापन दिए जा चुके हैं और प्रक्रिया जारी है।

यशस्वी बने आईसीसी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई, एजेंसी

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद मंगलवार को फरवरी के लिए आईसीसी के महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए चुना गया। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में 712 रन बनाए, जो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में किसी भारतीय बल्लेबाज की ओर से बनाया बड़ा स्कोर है।

उन्होंने दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक लगाकर भारत को 4-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राजकोट में दोहरी शतकीय पारी के दौरान 12 छक्के लगाकर टेस्ट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद कहा कि मैं पुरस्कार पाकर खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे और पुरस्कार मिलेंगे। यह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ और मेरी पहली श्रृंखला थी। मैंने वास्तव में इसका लुत्फ उठाया। मैंने अच्छा खेल दिखाया और हम श्रृंखला 4-1 से जीतने में सफल रहे। मेरे सभी साथी खिलाड़ियों के साथ यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। उन्होंने विशाखापत्तनम में 219 रन की पारी खेलने के बाद राजकोट में नाबाद 214 रन बनाए थे।

दो दोहरे शतक जड़ने वाले तीसरे युवा खिलाड़ी

दो दोहरे शतक जड़ने वाले वह डॉन ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद दुनिया के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने फरवरी में तीन टेस्ट मैचों में 112 की औसत से 560 रन बनाए, जिसमें 20 छक्के थे। जायसवाल ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पथुम निसांका को पछाड़ते हुए यह पुरस्कार जीता।

मुंबई ने विदर्भ को दिया 538 रन का विशाल लक्ष्य

मुशीर खान ने 136, श्रेयस अय्यर ने 95 और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 73 रन की खेली शानदार पारी

मुंबई, एजेंसी

मुशीर खान (136) के शतक के अलावा श्रेयस अय्यर (95) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (73) के अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को विदर्भ को 538 रन का विशाल लक्ष्य दिया।

दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने बिना विकेट खोए 10 रन बना लिए हैं। ध्रुव शोरे सात और अथर्व ताइडे तीन रन बनाकर खेल रहे है। टीम को जीत के लिए 528 रन और बनाने हैं। मुंबई के बल्लेबाज मंगलवार को अधिक स्वच्छंद होकर खेले और टीम ने दूसरी पारी में 418 रन बनाए। मुंबई की पहली पारी के 224 रन के जवाब में विदर्भ ने पहली पारी में 105 रन ही बनाए और 119 रन से पिछड़ गए। मुंबई ने दिन की शुरुआत 2 विकेट पर 141 रन से की। रहाणे ने 58 रन से आगे खेलते हुए चौका जड़ा लेकिन हर्ष दुबे (5 विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर अक्षय वाडकर को कैच दे बैठे। उन्होंने 143 गेंद पर पांच चौके और एक छक्का मारा। अय्यर ने 111 गेंद की पारी में 10 चौके और 3 छक्के मारे। उन्होंने मुशीर के साथ चौथे विकेट के लिए 168 रन की साझेदारी की। अय्यर शतक से सिर्फ 5 रन से चूक गए। उन्होंने आदित्य ठाकरे (1 विकेट) की गेंद पर लॉग ऑन पर अमन मोखाडे को कैच दे दिया। मुशीर ने बल्लेबाजी करते हुए आसानी से एक और दो रन जुटाए। उन्होंने खराब गेंद को सबक सिखाने में कोताही भी नहीं बरती। इस साल रणजी नॉकआउट मुकाबलों में नाबाद 203 और 55 रन की पारी खेलने वाले मुशीर ने मुंबई के मध्य क्रम को मजबूती दी और 326 गेंद पर 10 चौके मारे। दुबे ने पहली की तरह दूसरी पारी में भी मुशीर को पगबाधा किया। मुंबई के शम्स मुलानी ने 85 गेंद में 6 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन बनाकर टीम की बढ़त को 500 रन के पार पहुंचाया।

खेल डायरी

रोनाल्डो के गोल के बावजूद बाहर हुआ अल नासर

रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल के बावजूद अल नासर की टीम एशियाई चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हार के बाहर हो गई। संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन के खिलाफ पहले चरण के मुकाबले में 0-1 की हार के बाद अल नासर ने सोमवार को दूसरे चरण का मुकाबला 4-3 से जीता। कुल स्कोर पर मुकाबला 4-4 से बराबर होने के बाद पेनल्टी शूट आउट में अल नासर को 1-3 से शिकस्त मिली। शूट आउट में मेजबान टीम की ओर से सिर्फ रोनाल्डो गोल कर पाए। रोनाल्डो ने नियमित समय में कई मौके गंवाए। एक बार तो वह सिर्फ दो मीटर की दूरी से गेंद को गोल में डालने में नाकाम रहे जबकि अल ऐन के गोलकीपर खालिद ईसा मैदान पर गिरे हुए थे।

चेल्सी ने ईपीएल में न्यूकासल को हराया

लंदन, एजेंसी। कोल पाल्मर ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की, जिससे चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में न्यूकासल को 3-2 से हराया। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट की मौजूदगी में पाल्मर चेल्सी के लिए पांच मैच में गोल करने वाले छठे खिलाड़ी बने। पाल्मर ने 57वें मिनट में गोल दागा जो उनका सत्र का 11वां गोल है। वहीं निकोलस जैकसन (छठे मिनट) और मिखाइलो मुद्रिक (76वें मिनट) ने भी चेल्सी की ओर से गोल किए। न्यूकासल के एलेक्सांद्र आइसेक और जैकब मर्फी ने गोल दागे। इससे 10वें स्थान पर न्यूकासल और 11वें पर चेल्सी के बीच 4 अंक का अंतर अब सिर्फ एक अंक का रह गया है।

उडिनेस ने सिरी ए में लाजियो को दी मात

रोम, एजेंसी। उडिनेस ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यहां लाजियो को 2-1 से मात दी। उडिनेस की यह साल की सिर्फ दूसरी जीत है, लेकिन इसकी बदौलत वह निचली लीग में खिसकने वाली टीमों के समूह से बाहर आ गया है। टीम ने इस साल इससे पहले सिर्फ यूवेंटस को हराया था और संभावित 27 में से सिर्फ सात अंक जुटा पाई थी। इस जीत से उडिनेस चार स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि लाजियो नौवें स्थान पर है। लोरेंजो लुका ने 47वें मिनट में उडिनेस को बढ़त दिलाई, लेकिन लाजियो ने दो मिनट बाद लॉटेरो जियानेटी के गोल से बराबरी हासिल की। ओएर जरागा ने 51वें मिनट में उडिनेस को 2-1 की बढ़त दिलाई जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

लुका नार्डी ने जोकोविच को हराकर किया उलटफेर

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी। लुका नार्डी ने शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच को बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में 3 सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर उलटफेर किया। दुनिया के 123वें नंबर के खिलाड़ी नार्डी ने जोकोविच को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। इटली के नार्डी ने 'लकी लूजर' के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। लकी लूजर वह खिलाड़ी होता है जो क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में हार जाता है लेकिन पहले दौर से पूर्व हटने वाले चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर उसे मौका मिलता है। नार्डी ने मुख्य ड्रॉ में टॉमस मार्टिन एचवेरी की जगह ली थी और उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। नार्डी ग्रैंडस्लैम या एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर के टूर्नामेंट में जोकोविच को हराने वाले सबसे अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2008 में मियामी के केविन एंडरसन ने जोकोविच को हराया था। महिला एकल में कोको गॉफ ने लूसिया ब्रोनजेटी को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गॉफ ने लूसिया के खिलाफ 6-2, 7-6 से जीत दर्ज की। उन्होंने 11 में से 10 ब्रेक प्वाइंट बचाए। इस जीत के साथ अमेरिका में गॉफ की जीत का क्रम 18 मैच तक पहुंच गया है, जिसमें पिछले साल अमेरिकी ओपन की जीत भी है। दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दूसरी वरीय एरिना सबालेंका ने ऐमा राडुकानु को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में होल्गर रूने ने टूर्नामेंट में पहला मैच खेलते हुए लोरेंजो मुसेटी को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गेल मोनफिल्स ने कैमरन नोरी को तीन सेट में हराया जबकि अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज अैर टॉमी पॉल ने भी सीधे सेट में जीत दर्ज की।

पंत आईपीएल के लिए फिट, दिल्ली के कप्तान के रूप में होगी वापसी

बेहतर प्रदर्शन पर टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए फिट घोषित कर दिया, जिससे टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की उनकी संभावना बढ़ गई।

पंत को 14 महीने पहले कार दुर्घटना में चोटें लगी थीं। पंत आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और विस्तृत रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बाद 22 मार्च से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में दोहरी जिम्मेदारी निभाने को तैयार हैं। इससे लीग में उनकी भूमिका को लेकर लग रही अटकलों पर भी विराम लग गया है। बीसीसीआई ने कहा कि 30 दिसंबर 2022 को उत्तराखंड के रूड़की में पास सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद 14 महीने के रिहैबिलिटेशन और उबरने की प्रक्रिया से गुजरने के बाद पंत को आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है। टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है। कुछ हफ्ते पहले पंत ने कहा था कि उन्हें याद है कि डॉक्टर ने उनसे कहा कि ठीक होने में 16 से 18 महीने लगेंगे। मैंने कहा कि इसमें छह महीने कम कर दूंगा। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उन्हें एक हफ्ते पहले फिट घोषित किया था जब उन्होंने सभी फिटनेस परीक्षण पास किए थे। उन्होंने एनसीए द्वारा तैयार मैच जैसी स्थिति में लंबी बल्लेबाजी और लंबे समय तक विकेटकीपिंग की। ऐसी अटकलें थीं कि वह आईपीएल में केवल 'इम्पैक्ट प्लेयर' या बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन छह वर्षों में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक पंत वापसी करने को तैयार हैं। पंत के विकेटकीपिंग का मतलब यह भी है कि अगर वह आईपीएल में प्रभावशाली पारियां खेल पाते हैं तो उनके पास टी-20 विश्व कप खेलने का मौका होगा। पंत पिछले साल आईपीएल नीलामी के दौरान कैपिटल्स के अधिकारियों के साथ मौजूद थे और दुर्घटना के बाद से वह एनसीए में फिटनेस पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की कि गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी की सर्जरी से आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनके सितंबर से पहले वापसी की उम्मीद नहीं है। इस गेंदबाज की दाहिनी एड़ी की समस्या के लिए 26 फरवरी को सर्जरी हुई। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर रख रही है और वह आईपीएल से बाहर हैं। मेडिकल टीम राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पर भी नजर रखे हुए हैं। बीसीसीआई ने कहा कि तेज गेंदबाज की 23 फरवरी को बाईं जांघ की सर्जरी हुई।

कोहली की आक्रामकता टीम को जरूरी जज्बा देती है: कुंबले

बेंगलुरू। पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता से हैरान हैं और उनका मानना है कि मैदान पर उनकी आक्रामकता, वह जिस भी टीम के लिए खेलते हैं, उसे जरूरी जज्बा देती है। कुंबले इसे कोहली की बड़ी विरासत मानते हैं जो आईपीएल के सभी 16 सत्र में सिर्फ एक फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से खेलने वाले खिलाड़ी हैं। कुंबले ने कहा कि मैं इसे प्रदर्शन में निरंतरता कहूंगा। जब मैं आरसीबी का हिस्सा था तो मैंने उसे आरसीबी में देखा था जहां अंडर-19 विश्व कप जीतने के बाद उसने टी-20 करियर की शुरुआत की थी। वह जिस तरह क्रिकेट खेलना चाहता है उस तरीके और सफेद गेंद के क्रिकेट में उसके प्रदर्शन में बदलाव आया। टेस्ट में हम उसकी महानता के बारे में जानते हैं।

अंग्रेजी टीम कुलदीप के रहस्य सुलझाने में विफल: बॉयकॉट

लंदन, एजेंसी

महान बल्लेबाज ज्योफ बॉयकॉट ने कहा कि अंग्रेजी टीम के बल्लेबाजों की स्पिनर कुलदीप यादव से निपटने में विफलता टेस्ट श्रृंखला में भारत के खिलाफ करारी हार के मुख्य कारणों में से एक थी। इंग्लैंड ने 5 मैचों की श्रृंखला की शुरुआत हैदराबाद में जीत से की लेकिन श्रृंखला 1-4 से हार गई। कुलदीप ने आखिरी 4 मैच में 19 विकेट लिए।

बॉयकॉट ने कहा कि मैं हैरान था कि उनमें से कितने (बल्लेबाज) कुलदीप यादव को नहीं पढ़ सके और श्रृंखला के अंत तक भी समझदारी नहीं दिखा रहे थे। एक गेंदबाज आपके लिए शुरुआती कुछ मौकों पर ही रहस्य बन सकता है। उन्होंने कहा कि लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बल्लेबाजों को उनसे निपटने का तरीका ढूंढने में सक्षम होना चाहिए। बहुत से खिलाड़ी उसके खिलाफ कभी भी सहज नहीं दिखे और पिच पर ध्यान दिए बगैर उसका सामना करने का प्रयास किया। बॉयकॉट ने श्रृंखला में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के अत्यधिक आक्रामक रवैये की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाज डिफेंस की अपनी क्षमता को लेकर आश्वस्त नहीं थे, खासकर बल्ले के चारों ओर क्षेत्ररक्षकों की मौजूदगी में, इसलिए उन्होंने इसके बजाय आक्रमण करना चाहा। यह विचार स्तरीय स्पिनरों के खिलाफ खतरे से भरा है।

टेस्ट क्रिकेट में 8114 रन बनाने वाले इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि यही कारण है कि हमने कुछ गलत तरीके से आउट होने वाले खिलाड़ी देखे। जैसे कि ओली पोप जो आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में काफी दूरी से स्टंप आउट हुए और बेन डकेट भी अश्विन को आगे बढ़कर खेलते हुए बल्ले के निचले हिस्से पर गेंद लगने के बाद बोल्ड हुए।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम रैंकिंग में चौथे और महिला टीम नौवें स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर पुरुष टीम ने पेरिस ओलंपिक में बनाई थी जगह

भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को जारी एफआईएच विश्व रैंकिंग में एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई जबकि हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाला जर्मनी तीसरे स्थान पर है।

भारत के 2761 रैंकिंग अंक हैं। उसने पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर पेरिस ओलंपिक में जगह बना दी थी और इस कारण ओलंपिक क्वालीफायर्स में हिस्सा नहीं लिया। जर्मनी (2786) ओमान में खेले गए ओलंपिक क्वालीफायर्स में अजेय था। नीदरलैंड (3060) शीर्ष पर है। उसके बाद बेल्जियम (2848), जर्मनी, भारत और ऑस्ट्रेलिया (2757) है। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड (2720) को पीछे छोड़ पांचवा स्थान पाया। अर्जेंटीना (2524) और स्पेन (2296) सातवें और आठवें हैं। फ्रांस (2085) और न्यूजीलैंड (2025) शीर्ष 10 में दो अन्य टीम हैं। महिलाओं की रैंकिंग में ओलंपिक क्वालीफाई करने में नाकाम रही भारत नौवें स्थान पर है। नीदरलैंड शीर्ष पर, उसके बाद अर्जेंटीना, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इंग्लैंड, स्पेन और चीन है।

ली के मुकाबले से हटने पर सिंधू दूसरे दौर में

बर्मिंघम, एजेंसी

ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां जर्मनी की यिवोनी ली के पहले दौर के मुकाबले के बीच से हटने पर ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पहला गेम 21-10 से जीता, जिसके बाद दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी ली ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। हैदराबाद की 28 साल की सिंधू अगले दौर में कोरिया की आन से यंग से भिड़ेंगी, जिनके खिलाफ उन्होंने अब तक सभी छह मुकाबले गंवाए हैं। सिंधू कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिर्फ एक बार गेम जीतने में सफल रही हैं और उन्होंने पिछले साल दुबई में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछली बार हुए मुकाबले में ऐसा किया था। दाएं घुटने की चोट से उबर रहीं आन से ने रविवार को फ्रेंच ओपन के रूप में सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता था। सिंधू ने ली के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और 4-4 के स्कोर के बाद लगातार अंक बनाते हुए ब्रेक तक 11-7 से आगे हो गईं। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद आसानी से अंक जुटाए। ली ने नेट पर सर्विस मारकर सिंधू को 11 गेम प्वाइंट दिए। जर्मनी की खिलाड़ी ने इसके बाद बाहर शॉट मारकर पहला गेम सिंधू की झोली में डाल दिया।

सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। यह देशभक्ति गाना अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। गाने को बी प्राक ने अपनी आवाज दी है और इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है। वहीं, इसके लिरिक्स मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। फिल्म योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है।यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

काजमी की सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली फिल्म बैंडिट शकुंतला



मुंबई, एजेंसी। फिल्मकार हैदर काजमी की फिल्म बैंडिट शकुंतला का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर डायमेंशन म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इसके निर्माता लियाकत गोला, उपेन्द्र कुमार, पिंटू कुमार, शरवन प्रसाद, हैदर काजमी हैं। यह फिल्म बिहार की शकुंतला देवी के जीवन पर आधारित है। दिलचस्प बात यह है कि शकुंतला देवी खुद मुख्य किरदार में है। इस फिल्म की शूटिंग बिहार के जहानाबाद जिला स्थित काको पाली गांव में हुई है। हैदर काजमी ने कहा कि फिल्म की झलक जनता ट्रेलर के माध्यम से देख सकती है। उन्होंने कहा कि बैंडिट शकुंतला सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह अदम्य का प्रमाण है ऐसे व्यक्तियों की भावना जो सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अपना रास्ता खोजने का साहस करते हैं, अंतर्राष्ट्रीय आलोचकों ने फिल्म को पसंद किया है।

सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा

मुंबई, एजेंसी। अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और मारी सेल्वराज निर्देशित अन्टाइटल्ड प्रोजेक्ट में ध्रुव विक्रम और अनुपमा परमेश्वरन की मुख्य भूमिका होगी। अपनी पहली तमिल फिल्म पोर थोज़िल की सफलता के बाद, अप्लॉज एंटरटेनमेंट फिल्म निर्माता पा रंजीत और अदिति आनंद के साथ मल्टी फिल्म पार्टनरशिप की घोषणा कर रोमांचित हैं। इसके अंतर्गत सबसे पहला प्रोजेक्ट एक स्पोर्ट ड्रामा होगा, जिसका निर्देशन मारी सेल्वराज कर रहे हैं। इस ड्रामा में एक युवा व्यक्ति के जीवन के साहस, धैर्य और महिमा की कहानी को दर्शाया जाएगा। इस फिल्म में सुपरस्टार अभिनेता चियान विक्रम के बेटे ध्रुव विक्रम ने मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ अनुपमा परमेश्वरन नजर आएंगी। समीर नायर, प्रबंध निदेशक, अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने कहा, नीलम स्टूडियोज के साथ हमारा कलेबॉरशन अप्लॉज एंटरटेनमेंट के लिए एक रोमांचक अध्याय का प्रतीक है। एक एक्सट्राऑडिनारी स्पोर्ट्स ड्रामा के साथ शुरू होने वाली यह साझेदारी, प्रभावशाली कथाओं को बुनने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। पा रंजीत और मारी सेल्वराज जैसी प्रतिभा को एक साथ लाना, एक प्रतिभाशाली समूह द्वारा समर्थित, हमारे लिए साउथ इंडियन सिनेमा की जीवंत दुनिया में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने की नींव रखती है। नीलम स्टूडियोज के पा रंजीत और अदिति आनंद का मानना है कि पेरीयेरम पेरुमल की सफलता के बाद नीलम स्टूडियोज इस परियोजना पर मारी सेल्वराज के साथ साझेदारी करने के लिए बहुत उत्साहित है। हम सार्थक सिनेमा और प्रामाणिक कहानियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करके बेहद खुश हैं। निर्देशक मारी सेल्वराज ने कहा, पा रंजीत अन्ना के साथ मेरी पहली फिल्म पेरीयेरुम पेरुमल थी। यही एक प्रमुख कारण था कि फिल्म इतनी मजबूत ऊंचाइयों तक पहुंची। यह मेरी अगली फिल्मों के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम था। मैं अपनी 5वीं फिल्म के लिए एक और मजबूत साथी - अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ एक बार फिर काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

भोजपुरी फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया का वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से एक किसान अपनी बीवी की खूबसूरती की तारीफ कर रहा है। इस गाने में पति-पत्नी बने निरहुआ और आम्रपाली ने सबका दिल जीत लिया है। किसान बने निरहुआ प्यार भरी नजरों से आम्रपाली को निहार रहे हैं। उन्हें ऐसी नजर से ताकते हुए देखकर आम्रपाली कह रही हैं कि देखतानी मीठी मीठी मुस्की तू मारा तारा, टुक टुक काहे निहारा तारा, काथी तोरा मन मे साँवरिया हो तब दिनेश लाल यादव निरहुआ कहते हैं कि हटे हटावले ना हटे नजरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मन कर कस लिहिं भरि अकवरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मरून कलर सड़िया गाने को कल्पना पटवारी और नीलकमल सिंह ने गाया है। गीत प्यारेलाल यादव कवि ने लिखा है और संगीत ओझा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखे हैं। फिल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं, जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है। आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज ने गाने गाए हैं। फिल्म फसल के सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है, वहीं मारधाड़ का पक्ष हीरा यादव ने देखा है।

ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करेंगे सलमान खान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान दक्षिण भारतीय फिल्मों के निर्देशक ए आर मुरुगदोस की फिल्म में नजर आ सकते हैं। ए आर मुरुगदोस ने आमिर खान को लेकर सुपरहिट फिल्म गजनी बनाई थी। अब सलमान खान, ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करने जा रहे हैं। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ए आर मुरुगदोस और मेरे दोस्त साजिद नाडियाडवाला को अगले एक्साइटिंग प्रोजेक्ट में ज्वाइन करके बेहद खुश हूं। ये कोलाब्रेशन बहुत ही स्पेशल है, इस सफर में आपका प्यार और ढेर सारा आशीर्वाद चाहिए। ईद 2025 में रिलीज हो रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

भारतवंशी बनवा सकेंगे ओसीआई कार्ड : मुर्मू

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान की घोषणा

पोर्ट लुइस, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत ने मॉरीशस में रह रहे भारतवंशियों की सातवीं पीढ़ी को भारत की विदेशी नागरिकता (ओसीआई) कार्ड देने के लिए विशेष प्रविधान को मंजूरी दी है। यह कदम यहां के युवाओं उनके पूर्वजों की भूमि से फिर से जोड़ने का एक प्रयास है।

इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि भारत सरकार पवित्र गंगा तालाब परिसर का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटक केंद्र के रूप में पुनर्विकास करने में मॉरीशस सरकार की मदद करेगी। वह तीन दिवसीय मारीशस की राजकीय यात्रा पर हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार को मारीशस के 56वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि वह समारोह में भाग लेकर बेहद खुश हैं और प्रार्थना करती हैं कि दोनों देशों के संबंध मजबूत बने रहें। इधर, मॉरीशस विश्वविद्यालय ने मंगलवार को राष्ट्रपति मुर्मु को डाक्टर आफ सिविल ला की मानद उपाधि से सम्मानित किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 'एक्स' पर लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महात्मा के सार्वभौमिक आदर्शों को याद किया और मॉरीशस में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने वाले महात्मा गांधी संस्थान में बापू को श्रद्धांजलि दी। समारोह में राष्ट्रपति ने मॉरीशस में अपनी सांस्कृति विरासत को संरक्षित करने और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रवासी भारतीयों को धन्यवाद दिया। आज मॉरीशस का राष्ट्रीय दिवस है। राष्ट्रपति मुर्मू इसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंची हैं। उन्होंने मॉरीशस में महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन तक एक छोटी मेट्रो यात्रा भी की। विदेश मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी के दांडी मार्च की शुरुआत के ऐतिहासिक दिन राष्ट्रपति मुर्मू ने मेट्रो में थोड़ी देर यात्रा की और मॉरीशस के महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन पहुंचीं।

ऐतिहासिक दांडी मार्च की वर्षगांठ पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

लोस चुनाव में 8.1% नए मतदाताओं की बढ़ोतरी

इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में 96.8 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करेंगे। ये लोग ही भारत को दुनिया में वोट डालने वाले सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में से एक बनाते हैं। यह संख्या 2019 के चुनावों से पहले रजिस्टर्ड 89.6 करोड़ लोगों से 8.1% अधिक है। इस बार कुल मतदाताओं में 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता (2019 से 6.9% अधिक) और 47.1 करोड़ महिलाएं (9.3% अधिक) शामिल हैं। यह देश की आबादी का 66.8% है। देश में इस बार 21.6 करोड़ 18-29 वर्ष की आयु के मतदाता है। इनकी संख्या कुल मतदाताओं के 22% से अधिक हैं।



2 करोड़ युवा पहली बार करेंगे मतदान

लेटेस्ट वोटर लिस्ट में 18-19 आयु वर्ग के लगभग 1.85 करोड़ पहली बार मतदाताओं को जोड़ा गया है। यह 2019 में जोड़े गए 18-19 वर्ष के बच्चों से 22.7% अधिक है। साथ ही, 17 साल से अधिक उम्र के युवाओं से नामांकन के लिए 10.6 लाख अग्रिम आवेदन प्राप्त हुए हैं। 2024 की अंतिम सूची के अनुसार, 20-29 आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 19.7 करोड़ से अधिक है। 1 जनवरी, 2024 तक थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 48,044 है। यह 2019 में 39,683 से अधिक है, जबकि पीडब्ल्यूडी (विकलांग व्यक्ति) मतदाता 45.6 लाख से 88.4 लाख हो गए हैं। यह संख्या लगभग दोगुनी बढ़ी है। नवीनतम सूची में 1.86 करोड़ वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। इनमें 2.38 लाख 100 साल या इससे अधिक उम्र के व्यक्ति हैं।

12 राज्यों में महिला वोटर अधिक

मतदाताओं के लिंग अनुपात (प्रति 1,000 पुरुष मतदाताओं पर महिलाओं की संख्या) में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ये 2019 में 928 से बढ़कर इस बार 948 हो गया है। पिछले पांच वर्षों में 3.2 करोड़ पुरुषों की तुलना में 4 करोड़ से अधिक महिला मतदाता जुड़ी हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में 43.1 करोड़ के बाद से, इस वर्ष महिला मतदाताओं में 9.3% की वृद्धि हुई है। जबकि पुरुष मतदाताओं में 46.4 करोड़ से 6.9% की वृद्धि हुई है। तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और केरल सहित एक दर्जन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है।

यूपी में मतदाताओं की संख्या बढ़ी

उत्तर प्रदेश में इस बार करीब 26 लाख मतदाता बढ़े हैं। कुल वोटर्स की संख्या 15.30 करोड़ हो गई है। इस बार 57 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। जबकि 31 लाख लोगों के नाम सूची से कटे हैं। 1 जनवरी 2024 तक जोड़े गए युवा मतदाताओं (18 साल की आयु) की संख्या 15 लाख है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अनुसार इस बार प्रदेश में महिला, पुरुष मतदाताओं का अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। चुनाव आयोग का इस पर खास फोकस रहा है। यही वजह है कि पिछले 10 वर्षों में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। पिछले वर्ष मतदाता सूची में एक हजार पुरुषों की तुलना में 867 महिलाएं थीं, इस वर्ष यह अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। बता दें, नए मतदाता बनने के लिए फॉर्म-छह भरना होगा। मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए फॉर्म-सात व मतदाता सूची में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम सुधारने या फिर पता बदलने के लिए फॉर्म-आठ भरना होगा।

एक नजर

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली। सरकार ने जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट को गैर कानूनी गुट करार देते हुए प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट को गैरकानूनी एसोसिएशन घोषित कर दिया। उन्होंने कहा-संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और आतंकवाद का समर्थन करने, राष्ट्र की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को चुनौती देने के लिए अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। शाह बोले, लोगों की सुरक्षा के लिए आतंकवादी ताकतों को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हिजबुल्लाह ने इजराइल पर दागे 100 रॉकेट: इजराइली रक्षा बल

यरूशलम। इजराइल की ओर से लेबनान पर किए गए हवाई हमलों के जवाब में हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने मंगलवार सुबह उत्तरी इजराइल की ओर करीब 100 रॉकेट दागे। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने अपर गैलिली क्षेत्र और इजराइल के आधिपत्य वाले गोलान हाइट्स पर रॉकेट दागे हैं। देश की हवाई रक्षा प्रणालियों ने कुछ रॉकेटों को हवा में ही मार गिराया। हमलों में किसी के हताहत होने के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। आईडीएफ ने एक बयान में पुष्टि की कि हिजबुल्लाह के रॉकेट हमलों के जवाब में उसके लड़ाकू विमानों ने सुबह रॉकेट दागने के लिए इस्तेमाल किये गए तीन लॉन्चरों पर हमला किया।

मध्य पाकिस्तान में इमारत ढही नौ लोगों की मौत, कई घायल

मुल्तान। पाकिस्तान के मुल्तान शहर में मंगलवार तड़के एक तीन मंजिला आवासीय इमारत ढह गई, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी रिजवान कादिर ने कहा कि इमारत का मलबा आसपास के घरों पर भी गिरा, जिससे कई लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। पाकिस्तान में इमारतों का ढहना आम बात है, लागत में कटौती के लिए सुरक्षा दिशानिर्देशों की अनदेखी की जाती है। जून 2020 में देश के सबसे बड़े शहर कराची में एक इमारत गिरने से 22 लोगों की मौत हो गई थी।

हूती हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने किए हवाई हमले

लंदन। लाल सागर में जहाजों पर हूती हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन पर करीब 15 हवाई हमले किए हैं। अल-मसीरा प्रसारक ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन के विमानों ने उत्तरी यमन के सादाह प्रांत पर पांच हमले किए। इसके अलावा, उन्होंने होदेइदाह प्रांत सहित पश्चिमी यमन में लगभग 15 हमले किए। यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती आंदोलन ने नवंबर 2023 में इजराइल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की कसम खाई थी जब तक कि वह गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई बंद नहीं कर देता।

आतंकवाद से निपटने की प्रतिबद्धता में दोहरे दृष्टिकोण की गंध: रूचिरा

यूएन में भारत के निशाने पर चीन, वीटो शक्तियों के उपयोग पर की कड़ी निंदा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में वैश्विक आतंकवादियों को काली सूची में डालने से रोकने के लिए अपनी वीटो शक्तियों का उपयोग करने वाले देशों की कड़ी निंदा की है। कहा कि यह अभ्यास अनावश्यक है और आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता के प्रति दोहरे दृष्टिकोण की गंध आती है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों के लिए वास्तविक साक्ष्य-आधारित सूची प्रस्तावों को बिना किसी उचित औचित्य के रोकना अनावश्यक है और जब आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता की बात आती है तो दोहरेपन की बू आती है उन्होंने कहा कि पिछले साल, भारत और अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसपर चीन ने तकनीकी रोक लगा दी थी।

अरुणाचल को लेकर चीन की आपत्ति को भारत ने किया खारिज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे पर चीन की टिप्पणी को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम प्रधानमंत्री की अरुणाचल प्रदेश यात्रा के संबंध में चीनी पक्ष की टिप्पणियों को खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश राज्य भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी के अरुणाचल दौरे को लेकर चीन ने भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया था। चीन ने सोमवार को कहा कि पीएम मोदी के पिछले सप्ताह अरुणाचल प्रदेश का दौरा करने को लेकर उसने भारत के समक्ष राजनयिक विरोध दर्ज कराया है और भारत के इस कदम से सीमा विवाद के केवल (और) जटिल होने की बात कही। साथ ही चीन ने इस क्षेत्र पर फिर से अपना दावा जताया।

तनाव से ना भारत को कुछ हासिल हुआ, न ही चीन को : जयशंकर



नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार वर्षों से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि इस अवधि में तनाव से हममें से किसी को भी फायदा नहीं हुआ। साथ ही कहा कि भारत उचित हल खोजने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वह ऐसा होना चाहिए जो समझौतों का सम्मान करता हो और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को मान्यता देता हो। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए, लेकिन आतंकवाद का मुद्दा बातचीत के केंद्र में उचित और स्पष्ट रूप से होना चाहिए। हाल ही में दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा से लौटे जयशंकर ने एक कार्यक्रम में सीमा मुद्दे को हल करने के लिए अतीत में चीन की ओर से गई पेशकश पर उनके विचारों के बारे में कहा, सीमा विवाद पर बातचीत में शामिल किसी भी देश को यह विश्वास करना होगा कि इसका समाधान होना चाहिए।

पाकिस्तानः नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री

इस्लामाबाद। अर्थशास्त्री इशाक डार ने मंगलवार को नए विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। आर्थिक संकट में घिरे पाकिस्तान की नई सरकार भारत और अन्य पड़ोसियों के साथ अपने संबंधों को सुधारने के प्रयास कर रही है।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने मंत्रिमंडल में 19 सदस्यों को शामिल कर किया है। वह पार्टी प्रमुख और तीन बार के नवाज के भी खास हैं। इससे पहले वह चार बार पाकिस्तान के वित्त मंत्री की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

स्व-निर्वासन के बाद पूर्व पीएम नवाज के बेटे लौटे पाकिस्तान

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के दोनों बेटे छह साल बाद ब्रिटेन से वापस अपने देश लौटे हैं। दरअसल, पनामा पेपर्स घोटाले में जवाबदेही अदालत द्वारा उनके गिरफ्तारी वारंट को निलंबित करने के बाद छह साल के आत्म-निर्वासन के बाद वह पाकिस्तान वापस आए हैं।

2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में देश छोड़ दिया था। एक जवाबदेही अदालत ने उन्हें 2018 में एवेनफील्ड मामले में अपराधी घोषित किया था और उनके खिलाफ गैर-जमानती स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला शरीफ परिवार के लंदन में लग्जरी अपार्टमेंट के स्वामित्व और अधिग्रहण के इर्द-गिर्द घूम रहा है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी ने एक बयान में कहा, "नवाज के बेटे मंगलवार को लंदन से यहां पहुंचे और उन्हें कड़ी सुरक्षा में उनके जाति उमरा लाहौर स्थित घर ले जाया गया। मालूम हो कि नवाज शरीफ पीएमएल-एन सुप्रीमो हैं।

- पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद 2018 में छोड़ा था देश

फेक न्यूज पर लगेगी लगाम, गूगल ने ईसी से मिलाया हाथ

नई दिल्ली। अल्फाबेट इंक के स्वामित्व वाली गूगल ने आगामी आम चुनावों के दौरान गलत सूचना के प्रसार रोकने, फेक न्यूज को बढ़ावा देने और एआई से तैयार किए गए डाटा को रोकने के लिए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के साथ हाथ मिलाया है।

गूगल इंडिया ने इसकी जानकारी अपने एक ब्लॉग में दी है। गूगल ने कहा है कि भारत में आगामी लोकसभा चुनाव के लेकर खास तैयारी की गई है। गूगल ने कहा है कि हम चुनाव आयोग के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि लोगों को चुनाव और वोटिंग से संबंधित जानकारी अंग्रेजी और हिंदी दोनों में सटीक तौर पर मिल सके। गूगल ने कहा है कि हम एआई से तैयार किए गए कंटेंट को पहचान करने के तरीके भी लोगों को बताएंगे। इस तरह के मौके पर विज्ञापनदाता एआई का गलत इस्तेमाल करते हैं, लेकिन हम भी यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम लोगों को अधिक पारदर्शिता के साथ जानकारी मिले। हमारी विज्ञापन नीतियां पहले से ही लोगों को गुमराह करने के लिए हेरफेर किए गए मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाती हैं, जैसे डीपफेक या छेड़छाड़ की गई सामग्री।

जल बिन सब सून...

बेंगलुरु : गत वर्ष कम बारिश और अब पारा बढ़ने के साथ कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पानी का संकट गहरा गया है। लोग पानी की बूंद-बूंद को परेशान हैं। शहर की सड़कों पर पानी के टैंकर दौड़ते नजर आ रहे हैं। पानी की समस्या के कारण सामान्य दिनों में 700 से 800 रुपये में मिलने वाले पानी टैंकरों की कीमत 1500 से 1800 तक पहुंच गई है। जल संकट को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए हैं, हाथों में मटकी लेकर महिलाओं ने देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

गुजरात में एटीएस-एनसीबी की कार्रवाई, 6 पाकिस्तानी गिरफ्तार

गुजरात, एजेंसी

- 480 करोड़ की ड्रग्स बरामद संयुक्त टीम ने अब तक जब्त की तीन हजार करोड़ की ड्रग्स

गुजरात एटीएस ने इंडियन कोस्ट गार्ड और एनसीबी के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया। इस ऑपरेशन में छह पाकिस्तानियों को भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ पकड़ा गया। इस ऑपरेशन में 480 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है। सभी आरोपियों को पोरबंदर लाया जाएगा। कोस्ट गार्ड, एटीएस और एनसीबी ने मिलकर अब तक 3,135 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है।

एनसीबी ने इस ऑपरेशन को लेकर कहा कि 11 और 12 मार्च को रात भर के संयुक्त अभियान में, भारतीय तटरक्षक बल ने एक पाकिस्तानी नाव को 6 चालक दल के साथ और लगभग 480 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 80 किलोग्राम ड्रग्स के साथ पकड़ा। नाव को पोरबंदर से लगभग 350 किलोमीटर दूर अरब सागर में आईसीजी जहाजों और डोर्नियर विमान के समुद्री-हवाई समन्वित अभियान में पकड़ा गया। ऑपरेशन में आईसीजी, एनसीबी और एटीएस गुजरात के बीच अच्छे समन्वित प्रयासों का प्रदर्शन हुआ। पिछले तीन वर्षों में एटीएस गुजरात और एनसीबी के साथ संयुक्त रूप से आईसीजी द्वारा की गई यह दसवीं गिरफ्तारी है, जिसमें 3,135 करोड़ रुपये मूल्य की 517 किलोग्राम नशीले पदार्थ की मात्रा है।

हिंदू-अमेरिकी संगठन ने भारत में सीएए लागू होने पर जताई खुशी

वाशिंगटन। अमेरिका में भारतवंशी समुदाय ने भारत में सीएए लागू किए जाने पर खुशी जताई है। अमेरिकी हिंदू समूहों का मानना है कि भारत में सीएए अमेरिका में धार्मिक शरणार्थियों के लिए लागू लाडेनबर्ग संशोधन को प्रतिबिंबित करता है।

मीडिया के मुताबिक, हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) की कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा, भारत में लंबे समय से लंबित सीएए कुछ अत्यंत असहाय शरणार्थियों की रक्षा करता है। यह उन्हें वह मानवाधिकार प्रदान करता है, जिनसे उन्हें वंचित कर दिया गया था। यह उन्हें अपने जीवन का पुनर्निर्माण करने के लिए आवश्यक नागरिकता का स्पष्ट और त्वरित मार्ग प्रदान करता है।

बिना एनआरसी के आवेदन पर किसी को भी नागरिकता मिली तो दे दूंगा इस्तीफा: सीएम हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सीएए को लेकर मंगलवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति को नागरिकता मिल गई तो वह अपने पद से इस्तीफा देने वाले पहल व्यक्ति होंगे।

मीडिया के अनुसार, असम के सीएम ने कहा कि 'अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति को नागरिकता मिल जाती है तो मैं इस्तीफा देने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। दरअसल, चार साल बाद केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के लिए एक अधिसूचना जारी की। यह 2024 के लोकसभा चुनाव के कुछ हफ्ते पहले ही लागू की गई है। विपक्षी राजनेताओं के विरोध के बीच दिसंबर 2019 में संसद द्वारा सीएए को पहले ही मंजूरी दे दी गई थी। सरमा की टिप्पणी सोमवार को सीएए को लागू करने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार की आलोचना करने वाले विपक्षी दलों के साथ पूरे असम में विरोध प्रदर्शन के बाद आई है।

विज्ञान विकिरण का बड़ा जोखिम है अंतरिक्ष पर्यटन, वैज्ञानिकों की चेतावनी-संचालकों को सावधानी बरतनी बेहद जरूरी

स्पेस टूरिज्म विश्व में तेजी से पसार रहा पैर, निजी कंपनियां आगे

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : स्पेस टूरिज्म यानी अंतरिक्ष की सैर कराने वाला रोमांचक पर्यटन है। मगर इस पर्यटन में खतरे भी कम नही हैं। हाल में हुए शोध में चेतावनी दी है कि ब्रह्मांड से आने वाला विकिरण अंतरिक्ष यात्रियों के लिए बड़ा खतरा हो सकता है।

लिहाजा संचालकों को सावधानी बरतनी बेहद जरूरी है। स्पेस टूरिज्म का सपना शायद सदियों पुराना रहा हो, लेकिन इसने वर्ष 2020 से जोर पकड़ा है। बेहद जोखिमभरा पर्यटन होने के बावजूद वर्तमान में दुनिया के हजारों लोग इस पर्यटन का आनंद लेना चाहते हैं। मगर इस पर्यटन में अंतरिक्ष मौसम विकिरण बड़ा जोखिम हो सकता है। इससे निपटने के लिए सुरक्षा उपाय पुख्ता किए जाने की सख्त जरूरत है।

दरअसल सौर विकिरण अंतरिक्ष में आए दिन पहुचते रहता है। जिससे स्वास्थ्य को बड़ा नुकसान हो सकता है। जिसमें कैंसर सबसे बड़ा खतरा है। साथ ही डीएनए को भी खतरा हो सकता है। इस पर अमेरिकी सरे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शोध किया है। सभी जानते हैं कि हमारा वायुमंडल सूर्य से आने वाले विद्युत आवेशित कणों से बचाता है और सूर्य से आने वाले विकिरण को चुम्बकीय क्षेत्र में समाहित कर लेता है। जिस कारण प्राकृतिक रूप से हमारे स्वास्थ्य की रक्षा होती है। मगर अंतरीक्ष में यह रक्षा सम्भव नही है। अंतरिक्ष मौसम विशेषज्ञों ने स्पेस टूरिज्म के तेजी से बढ़ते प्रचलन ने नए नियम बनाने की सख्त पैरवी की है। जिससे विकिरण संबंधित खतरे से यह पर्यटन मुक्त हो। सरे स्पेस सेंटर में शोधकर्ता क्रिस रीस के अनुसार अंतरिक्ष पर्यटन विशिष्ट है और तेजी से उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है। मगर अंतरिक्ष उड़ानों के दौरान अधिक लोग ब्रह्मांडीय विकिरण के संपर्क से प्रभावित हो सकते हैं।

स्पेस एक्स का अंतरिक्ष यान।

शून्य ग्रेविटी का एहसास कराता है स्पेस टूरिज्म

स्पेस टूरिज्म आसमान में उतनी ऊंचाई तक ले जाता है, जहां शून्य ग्रेविटी का एहसास होता है। यह ऊंचाई 100 किमी तक होती है और लगभग आठ मिनट में यात्री इस ऊंचाई तक पहुँच जाते हैं। इस सफर में पृथ्वी को निहारना सुखद एहसास दिलाता है। यह यात्रा करीब डेढ़ घंटे की होती है। मगर इसका परीक्षण कई चरणों मे कई महीने चलता है।

टूरिज्म में तेजी से बढ़ रही प्रतिस्पर्धा

अंतरिक्ष पर्यटन में प्रतिस्पर्धा तेजी से बढ़ने लगी है। जिसमें निजी स्तर पर कुछ देशों की कंपनियां शामिल हैं। इस दौड़ में स्पेस एक्स, वर्जिन गैलेक्टिक व ब्लू ओरिजन सबसे आगे हैं। इन कंपनियों के जरिए अभी तक कई दर्जन यात्री अंतरिक्ष की सैर कर चुके हैं। बड़ी बात यह है कि यह कंपनियां अब चंद्रमा व मंगल ग्रह की सैर कराने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिसमें स्पेस एक्स का दावा है कि वह सबसे पहले मंगल पर अपने यात्रियों को पहुचाएगा। अंतरिक्ष पर्यटन की बढ़ती मांग को लेकर अमेरिका की निजी कंपनी स्पेस-एक्स सबसे आगे हैं, जो आने वाले कुछ सालों में मंगल की सतह पर कदम रखेगी।

रूस का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल बचे 15 लोग

मॉस्को। रूस में मंगलवार को एक विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। इस घटना में रूस ने जानकारी देते हुए कहा कि उसका एक इल्यूशिन आईएल-76 सैन्य मालवाहक विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

दुर्घटना के वक्त विमान के एक इंजन में आग लग गया जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। रूसी सोशल मीडिया नेटवर्क पर असत्यापित वीडियो में एक विमान को जलते हुए इंजन के साथ नीचे की ओर जाते हुए दिखाया गया है। हेलीकॉप्टर के चक्कर लगाते समय धुएं का बहुत बड़ा गुबार आसमान में उठता हुआ देखा गया।

छह माह बाद आईएसएस से धरती पर लौटे अंतरिक्ष यात्री

केप कैनावेरल, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर छह माह बिताने के बाद चार देशों के चार अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को धरती पर लौट आए। अंतरिक्ष यात्रियों का कैप्सूल मंगलवार को अमेरिका में घूमता रहा और फिर फ्लोरिडा पैनहैंडल के निकट मेक्सिको की खाड़ी में उतरा। नासा के जैसमिन मोघबेली ने लौटने वाले दल का नेतृत्व किया।

दल में डेनमार्क के एंड्रियास मोगेन्सन, जापान के सातोशी फुरुकावा और रूस के कॉन्स्टेंटिन बोरिसोव भी शामिल रहे। ये गत अगस्त आइएसएस पर पहुंचे थे और गत सप्ताह उनके स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्री आइएसएस पहुंच गए। मोहबेली पर परिक्रमा परिसर छोड़ने के बाद रेडियो पर कहा कि हमने आपके लिए कुछ पीनट बटर और टॉर्टिला (मैक्सिकन रोटी) छोड़ा है।

इसके जवाब में नासा की लोरल ओ हारा ने जवाब दिया कि मुझे आपकी पहले से ही याद आ रही है और उपहार के लिए धन्यवाद।